हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

Page 10

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

## पेरिस पैरालंपिक : ईरान का जैवलिन थ्रोअर आयोग्य घोषित, गोल्ड में बदला नवदीप सिंह...

देश

## असम के कुछ जिलों में आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों को देने होंगे एनआरसी नंबर

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 09 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 270 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| | |
| ₹ 66,800 | ₹84,500 |

## आज का इतिहास

- 1947 : भारत में हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनाया गया।
- 2005 : 12 सितंबर को वाघा सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच सजा पूरी करने वाले नागरिक दोषियों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

## न्यूज बाइट्स

### शेख हसीना की होगी घर वापसी!

**नई दिल्ली (ए.)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस बांग्लादेश लाने को लेकर वहां की अंतरिम सरकार प्रयासरत है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के वरिष्ठ वकील मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। उनकी सरकार के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व वाले जन आंदोलन के दौरान सामूहिक हत्याओं के आरोप का मुकदमा चलाया जाएगा। 5 अगस्त को विरोधी प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और भारत आ गईं थी। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने द डेली स्टार अखबार के हवाले से कहा कि जुलाई और अगस्त में छात्रों के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के दौरान सामूहिक हत्याओं के आरोपों का मुकदमा चलाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री हसीना को भारत के साथ प्रत्यर्पण संधि के तहत वापस लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### डेंगू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग का प्लान तैयार

**पटना (नि.सं.)।** स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिलों को बीते वर्षो में काफी फॉगिंग मशीनों का आवंटन किया गया है। कुछ जिलों से ऐसी रिपोर्ट आई कि पूर्व में आवंटित मशीनें समय के साथ खराब हो चुकी हैं। जिस वजह से फॉगिंग के कार्यो में परेशानियां आती हैं। समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष मई-जून में 120 नई फॉगिंग मशीन खरीद का आदेश पारित किया था। विभाग के अनुसार नई मशीनों की खरीद की जा चुकी है और अब जिलों में इनका आवंटन होगा।

### 7 राज्यों में 300 केजी गोल्ड लूटने वाली गैंग फिर एक्टिव

**पटना (नि.सं.)।** देश के 7 राज्यों से 300 केजी से ज्यादा सोना लूटने वाली गैंग एक बार फिर चर्चा में हैं। गैंग के सरगना सुबोध का राइट हैंड प्रिंस 4 सितंबर को पटना पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया है। वह जब भी भागता है, गैंग एक्टिव कर गोल्ड लूट की बड़ी घटना को अंजाम देता है। वैशाली कोर्ट से पेशी के दौरान भागने के बाद प्रिंस ने पंजाब में गोल्ड लूट की थी। काफी मशक्कत के बाद पटना पुलिस ने प्रिंस को पंजाब से गिरफ्तार किया था। प्रिंस के आजाद होने से देश में एक बार फिर बड़ी गोल्ड लूट का खतरा मंडराने लगा है। बिहार सहित कई राज्यों में प्रिंस की तलाश जारी है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। 2018 में प्रिंस कुमार को पातेपुर कांड में वैशाली न्यायालय में पेश किया गया था। इस दौरान प्रिंस को छुड़ाने के लिए हवलदार राम एकबाल रविदास पर 3 अज्ञात बदमाशों ने गोली चला दी।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आयोजित फिजियोथेरेपिस्ट दिवस के अवसर पर कहा

# बिहार के सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में फिजियोथेरेपिस्ट की होगी बहाली

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने फिजियोथेरेपिस्टों के लिए बड़ा कदम उठाया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने घोषणा की है कि राज्य के सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि आजकल नसों और हड्डियों से जुड़ी विभिन्न बीमारियों के इलाज में फिजियोथेरेपी का बहुत महत्व है। डॉक्टर भी अब फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह पर बीमारियों का निदान करते हैं। मंगल पांडेय रविवार को पटना कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सभागार में आयोजित फिजियोथेरेपिस्ट दिवस के अवसर पर जीएस वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हेल्थकेयर समिट का उद्घाटन कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में और सार्वजनिक स्वास्थ्य संसाधनों के विकास पर काम कर रही है। सरकार जल्द ही राज्य में फिजियोथेरेपिस्ट की समस्याओं का समाधान करेगी। फिजियोथेरेपिस्ट की बहाली इसी दिशा में एक नया कदम है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद डॉ. रणवीर नंदन ने कहा कि फिजियोथेरेपी मानव शरीर के हर अंग के लिए आवश्यक हो गई है। अब कई गंभीर बीमारियों में भी इसकी सेवा ली जा रही है। उन्होंने कहा कि जब सभी अंग कमजोर हो जाते हैं तो उसके उपचार के लिए फिजियोथेरेपी जरूरी होती है। आज के विकसित विज्ञान के युग में फिजियोथेरेपी के कई साधनों का भी विस्तार हो गया है।

डॉ नंदन ने बताया कि खासकर कीमोथेरेपी के बाद मांसपेशियां और मस्तिष्क कमजोर हो जाते हैं, ऐसे में फिजियोथेरेपी की जरूरत होती है। कुछ कैंसर जानलेवा दर्द पैदा करते हैं और फिजियो और ऑप्शनल थेरेपी के जरिए आधुनिक उपकरणों की मदद से इससे राहत पाई जा सकती है। जब कैंसर फेफड़ों तक फैल जाता है और सांस लेने में दिक्कत होने लगती है, तो फिजियोथेरेपी की जरूरत होती है।

प्रो. नंदन ने कहा कि ओपन हार्ट सर्जरी छाती को खोलकर उसके बीच की हड्डी को खोलकर की जाती है, ऐसे में मरीज अनिवार्य रूप से वेंटिलेशन पर होता है, इसलिए उनके ठीक होने में फिजियोथेरेपिस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज फिजियोथेरेपिस्ट ऐसी कई बीमारियों की रोकथाम के लिए रामबाण की तरह काम कर रहे हैं। प्रो।नंदन ने कहा कि विधान परिषद के सदस्य के रूप में उन्होंने राज्य के अस्पतालों में फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति से संबंधित प्रश्न उठाया था, तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश से राज्य में पहली बार 62 फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति की गई थी।

### फिजियोथेरेपिस्टों को मिलेंगे 20 तरह के उपकरण

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि अभी तक फिजियोथेरेपिस्ट सिर्फ सदर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और राज्य के सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में ही काम कर रहे हैं। लेकिन अनुमंडलीय अस्पतालों में फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी यह सुविधा मिल सकेगी। इन फिजियोथेरेपिस्ट को सरकार की ओर से दो महीने के अंदर 20 तरह के उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

# आईएएस का तबादला, 42 अधिकारी हुए इधर-उधर, 12 जिलों में नए डीएम

निज संवाददाता | पटना

सीएम नीतीश ने सूबे के 12 जिलों में नए डीएम तैनात किए हैं। सरकार ने कुल 42 आईएएस को इधर से उधर किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार को देर शाम अधिसूचना जारी की है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथलेश मिश्रा को लखीसराय का डीएम बनाया गया है। जबकि, वेटिंग फॉर पोस्टिंग में रहें आईएएस वैभव श्रीवास्तव को आईपीआरडी के निदेशक की कुर्सी दी गई है। इसके साथ ही बिहार प्रशासनिक सेवा के 5 अफसरों का भी तबादला किया गया है। बिहार प्रशासनिक सेवा के पांच अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। बीपीएससी अपर सचिव विनय कुमार को भवन निर्माण विभाग भेजा गया है। बिहार विकास मिशन के महाप्रबंधक सुनील कुमार को छपरा नगर आयुक्त बनाया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त सचिव संतोष कुमार को कटिहार नगर आयुक्त की कुर्सी दी गई है । बिहार तकनीकी सेवा आयोग के उप सचिव राजेश गुप्ता को दरभंगा नगर आयुक्त की कुर्सी मिली है। सामान्य प्रशासन विभाग के ओएसडी सत्यम सहाय को पटना सिटी एसडीओ बनाया गया है।

### वेटिंग फॉर पोस्टिंग वाले आईएएस की पोस्टिंग

वेटिंग फॉर पोस्टिंग आशुतोष द्विवेदी को भवन निर्माण विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। वेटिंग फॉर पोस्टिंग विनोद दूहन को खान निदेशक बनाया गया है। अभिषेक रंजन को मत्स्य निदेशक बनाया गया है। शेखर आनंद को तकनीकी विकास निदेशक बनाया गया है। निखिल धनराज को हस्तकर्घा निदेशक बनाया गया है। नितिन कुमार सिंह को कृषि निदेशक की कुर्सी मिली है। श्रीमती साहिल को आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव बनी हैं। प्रतिभा रानी को एड्स नियंत्रण कंट्रोल भेजा गया है। वेटिंग फॉर पोस्टिंग कुमार अनुराग को गया नगर आयुक्त की कुर्सी मिली है। वेटिंग फॉर पोस्टिंग गुंजन सिंह को स्वास्थ्य विभाग में ओएसडी की कुर्सी मिली है।

वेटिंग फॉर पोस्टिंग में आईएएस अधिकारी वैभव श्रीवास्तव को आईपीआरडी का निदेशक बनाया गया है। भोजपुर डीएम राजकुमार को कॉम्फेड एमडी बनाया गया है। शिवहर डीएम पंकज कुमार को प्राथमिक शिक्षा निदेशक बनाया गया है। जमुई डीएम राकेश कुमार को निदेशक चकबंदी बनाया गया है। रोहतास डीएम नवीन कुमार को राज्य परिवहन आयुक्त की कुर्सी दी गई है। अररिया डीएम इनायत खान को सहयोग समिति निबंधक बनाया गया है। समस्तीपुर डीएम योगेंद्र सिंह को माध्यमिक शिक्षा निदेशक की कुर्सी मिली है। शेखपुरा डीएम जे प्रदर्शनी को भू अभिलेख निदेशक बनाया गया है। अरवल डीएम वर्षा सिंह को नगर विकास एवं आवास विभाग में संयुक्त सचिव की कुर्सी मिली है। मधेपुरा डीएम विजय प्रकाश मीणा को निश्शक्तता निदेशक बनाया गया है। मोतिहारी डीसीसी समीर सौरभ को पटना डीसीसी के रूप में तैनात किया गया है।

खान निदेशक मोहम्मद नैय्यर इकबाल को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव बनाया गया है। नगर विकास एवं आवास के अपर सचिव सुनील कुमार यादव को श्रम संसाधन में अपर सचिव बनाया गया है। निर्वाचन विभाग के अपर सचिव आनंद शर्मा को पंचायती राज निदेशक बनाया गया है। वेटिंग फॉर पोस्टिंग में आईएएस डॉक्टर जितेंद्र गुप्ता को योजना पर्षद का संयुक्त सचिव बनाया गया है। पंचायती राज उपनिदेशक डॉक्टर विद्यानंद सिंह को अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशक बनाया गया है।

## न्यायिक पदाधिकारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा, 361 अस्पतालों में होगा इलाज

निज संवाददाता | पटना

बिहार के न्यायिक पदाधिकारियों को पटना हाईकोर्ट के आदेश पर बड़ी सुविधा मिलने वाली है। अब 361 अस्पतालों में इन्हें कैशलेस इलाज का लाभ मिल पाएगा। उच्च न्यायालय के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने इन अस्पतालों की सूची तैयार की है। अस्पतालों को सूचीबद्ध करने से पहले स्वास्थ्य विभाग की जिलास्तरीय टीम ने अस्पतालों का निरीक्षण किया है और वहां उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। न्यायिक पदाधिकारियों को यह सुविधा जल्द सुलभ कराई जाएगी। हाईकोर्ट के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी डीएम को अस्पतालों को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। विभाग ने कहा था कि हाईकोर्ट ने सभी जिला पदाधिकारी की सहायता से प्रत्येक जिले में आवश्यक सुविधाओं के साथ अपेक्षित मानक के अस्पतालों को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। साथ ही उनकी सूची उपलब्ध कराने को कहा था। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल प्रदीप कुमार मलिक के आदेश पर जिलों में यह सूची अब तैयार कर ली गई है।

इस सूची के अनुसार अररिया में पांच, औरंगाबाद में छह, बांका में एक, बेगूसराय में 22, भागलपुर में 22, भोजपुर में 10, बक्सर में दो, दरभंगा में 29, पूर्वी चंपारण में सात, गया में 11, गोपालगंज में सात, जमुई में चार, कैमूर में दो, कटिहार में आठ, खगड़िया में एक, किशनगंज में तीन, लखीसराय में तीन, मधेपुरा में पांच,

## ठनका गिरने से तीन लोगों की मौत कई मवेशी भी मरे

**अररिया (नि.सं.)।** बिहार के अररिया जिले में ठनका गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर तौर से घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रानीगंज प्रखंड के ठेकपुरा गांव की है। इस घटना में कई मवेशियों की भी मौत हुई है। मृतकों में विजेंद्र राय, सुशीला देवी, बेटी खूशबू कुमारी शामिल हैं। घायलों में पूनम कुमारी, मंजूला देवी, ओम कुमार राय हैं। जिनका रानीगंज के अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक घटना तब घटी जब कुछ लोग खेत में काट रहे थे। इसी दौरान तेज आवाज के साथ बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि अन्य तीन घायल हो गए। मवेशियों की भी बिजली गिरने से मौत हो गई।

## 30 जून-31 दिसंबर को सेवानिवृत्त पर भी मिलेगा वेतन वृद्धि का लाभ

निज संवाददाता | पटना

राज्य सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मियों को 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने पर भी नोशनल (काल्पनिक) वेतनवृद्धि का लाभ मिलेगा। वित्त विभाग ने 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के सेवानिवृत्ति लाभ की गणना में होने वाली परेशानियों का समाधान कर दिया है। वित्त विभाग के सचिव द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सरकारी कर्मियों के सेवानिवृत्ति लाभों की गणना नोशनल वेतन-वृद्धि के आधार पर होगी। मालूम हो कि नोशनल वेतन-वृद्धि वैचारिक व्यवस्था है। इसका कोई निर्धारित फॉर्मूला नहीं है। सामान्यतः सरकारी कर्मियों की वेतन वृद्धि एक जुलाई और एक जनवरी से लागू होता है। ऐसी स्थिति में 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति होने पर उनके वित्तीय लाभों की गणना में



परेशानी आती है। इसी को देखते हुए वित्त विभाग ने ऐसे सरकारी कर्मियों को नोशनल वेतन वृद्धि देने का निर्णय लिया है। पिछले कुछ दिनों से कई विभागों से इन दो तिथियों (30 जून और 31 दिसंबर को) को सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवानिवृत्ति लाभ को लेकर वित्त विभाग से दिशा-निर्देश मांगी जा रही थी। इसको लेकर मामला न्यायालय तक पहुंचता रहा है। अब भविष्य में इस तरह की कोई समस्या नहीं होगी, क्योंकि ऐसे सरकारी सेवकों के सेवानिवृत्त लाभों के संदर्भ में वित्त विभाग ने दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।

## राज्य के सभी 44 साइबर थानों को एक साथ जोड़ने की तैयारी

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सभी 44 साइबर थानों को एक कोर नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए एक पोर्टल बनाने की योजना है। यह एक आधुनिक किस्म का नेटवर्किंग सिस्टम होगा। इससे सभी थाने आपस में जुड़ने के साथ ही सीधे ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) के साइबर कोर सेंटर से जुड़ जाएंगे। इसकी मदद से साइबर अपराधियों तथा पूरे राज्य में होने वाले साइबर अपराधों पर निरंतर नजर रखी जा सकेगी। सभी साइबर थानों का आपस में समन्वय बेहतर होने से अपराधियों की पूरी कुंडली (डोजियर) का आदान-प्रदान सरल तरीके से हो सकेगा। इससे साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के साथ ही इसमें शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी में भी काफी मदद मिलेगी। सी-डैक संस्थान की पटना इकाई के साथ एक विशेष समझौते के तहत इस विशेष कोर नेटवर्क सिस्टम को विकसित कर सभी थानों को जोड़ने की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। छद्म दुनिया के अपराधियों को ढूंढना और उन्हें पकड़ना सबसे बड़ी चुनौती होती है, उसमें इस तरह का विशेष नेटवर्किंग सिस्टम काफी कारगर साबित होगा। इसके तैयार होने के बाद पहले कुछ समय के लिए ट्रायल मोड पर चलाया जाएगा।

### अपराध नियंत्रण में होगी सहायक

सभी साइबर थानों को जोड़ने की कवायद शुरू की जा रही है। इसकी रूपरेखा जल्द ही तैयार कर ली जाएगी। इससे रीयल टाइम में साइबर अपराधियों की जानकारी साझा हो सकेगी। अपराधियों को पकड़ने और साइबर क्राइम को नियंत्रित करने में यह काफी कारगर साबित होगा।

## नेशनल इंश्योरेंस के तीन अधिकारियों से 50 लाख की ठगी

निज संवाददाता | पटना

नेशनल इंश्योरेंस के तीन अधिकारियों से 50 लाख की ठगी हो गई है। तीनों ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। प्रशासनिक अधिकारी राजीव रंजन, सहायक अधिकारी दीपक कुमार और असिस्टेंट मैनेजर चंदन कुमार ने पुलिस को बताया कि दीघा के मृत्युंजय कुमार ने झांसा दिया कि आईपीओ में निवेश करने पर काफी मुनाफा मिलेगा। शुरुआत में मुनाफा देकर मृत्युंजय ने विश्वास जीता और बाद में मोटी रकम निवेश कराने लगा। जब करीब 50 लाख का निवेश हो गया तब तीनों मृत्युंजय पर मुनाफा सहित पैसा लौटाने का दबाव बनाने लगे। इसके बाद वह हर दिन समय मांगने लगा और आनाकानी करने लगा। अब मृत्युंजय ने फोन बंद कर लिया है और फरार हो गया है।

साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। तीनों अधिकारियों ने बताया कि उनके कार्यालय में रंजीत कुमार नाम के प्रशासनिक अधिकारी हैं। उन्होंने ही मृत्युंजय को अपना दोस्त बताते हुए मिलवाया था। साथ ही कहा कि मृत्युंजय जेपी मोर्गेन और यक्षित फाइनेंशियल में काम करता है। यक्षित आईपीओ डॉटकॉम से आठ हजार से अधिक लोगों ने मृत्युंजय के माध्यम से पैसा लगाया है और वे मुनाफा कमा रहे हैं। इसी के बाद राजीव रंजन, दीपक कुमार, चंदन कुमार और विवेक कुमार ने पैसा लगाया। इन लोगों ने पुलिस को बताया कि विवेक का पैसा मृत्युंजय ने वापस कर दिया लेकिन शेष तीन अधिकारियों का पैसा नहीं दिया है। पुलिस को आशंका है कि ठगी की यह रकम बढ़ सकती है। मामले की छानबीन चल रही है। ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. ब्रिजलाल से करीब साढ़े चार करोड़ की ठगी के मामले में कदमकुआं पुलिस ने आरोपी बृजेंद्र को एक दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। उसने जवाब दिया, लेकिन पुलिस संतुष्ट नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार बृजेंद्र ने 4.50 करोड़ में से करीब 32 लाख लौटा दिया है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने दी गुवा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि

**गुवा (चाईबासा)(नि.सं.)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुवा गोलीकांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने 60 समूहों और व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टे का वितरण किया। प्रतीकात्मक रूप से सात सामुदायिक वनाधिकार पट्टे का वितरण किया गया। यह वन पट्टा मंझारी और हाटगाम्हरिया के लोगों के बीच वितरित किया गया।

## बीपीएससी शिक्षकों को प्रधानाध्यापक पद पर प्राथमिकता

निज संवाददाता | पटना

बिहार शिक्षा विभाग ने एक नया नियम जारी किया है। जिसके तहत स्कूलों में प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए बीपीएससी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। मतलब अब नियोजित शिक्षकों की तुलना में बीपीएससी शिक्षकों को प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी दी जाएगी। लिहाजा, इस नए फैसले से नियोजित शिक्षकों पर असर पड़ेगा। मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बीपीएससी शिक्षक को नई जिम्मेवारी मिलने की संभावना जाता दी है। स्कूलों में प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए नया नियम जारी किया है। अब नियोजित शिक्षकों की तुलना में बीपीएससी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। अब उनको प्रधानाध्यापक की जिम्मेवारी दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने एक पत्र के माध्यम से यह आदेश दिया है। इसमें स्पष्ट कहा गया कि नियोजित शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक की जिम्मेवारी नहीं दी जाएगी। किसी भी स्कूल में अगर स्थायी प्रधानाध्यापक नहीं हैं तो पुराने वेतनमान वाले शिक्षक को ही प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया जाएगा।

नौ डिब्बे पीछे छूट गए, इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन

## मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी, कपलिंग टूटी, इंजन 13 कोच लेकर दौड़ा

निज संवाददाता | बक्सर

पटना जा रही मगध एक्सप्रेस रविवार दोपहर रघुनाथपुर और टुड़ीगंज के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रेन की कपलिंग टूटने से गाड़ी दो भाग में बंट गई। हालांकि किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। घटना के बाद यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हावड़ा दिल्ली रेल रूट पर धरौली हॉट के पास ये हादसा हुआ है। कंपलिंग टूटने के बाद तेज झटके के साथ ट्रेन रुक गई। ट्रेन रुकते ही सभी यात्री जैसे-तैसे ट्रेन से उतरे। कोई इमरजेंसी खिड़की से कूदा तो कोई धक्कामुक्की कर गेट से।

हादसा दिन में तकरीबन 11:07 बजे पर हुआ। इंजन के साथ 13 कोच आगे बढ़ गए, जबकि 9 पीछे रह गए। करीब 70 मीटर दूर जाकर ट्रेन रूक गई। इस घटना के बाद फिलहाल इस रेलखंड पर परिचालन ठप है। हादसे के बाद रेल प्रशासन में हड़कंप है। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम भेजी गई है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। टुड़ीगंज से आगे बढ़ने के 1 मिनट के बाद ही धरौली हॉल्ट के पास जोरदार आवाज के साथ मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंट गई। इस रूट पर फिलहाल गाड़ियों का परिचालन ठप है।

टुड़ीगंज से आगे बढ़ने के एक मिनट के बाद ही धरौली हॉल्ट के पास जोरदार आवाज के साथ मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंट गई। इस रूट पर फिलहाल गाड़ियों का परिचालन ठप है। वहीं इंदौर से चलकर जबलपुर आने वाली (22191) ओवरनाइट एक्सप्रेस के 2 कोच शनिवार सुबह जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इनमें एक पार्सल और एक एसी कोच है। घटना में किसी तरह के जान माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### डुमरांव रेलवे स्टेशन से छूटने के 7 मिनट बाद हादसा

ट्रेन नंबर 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही थी। डुमरांव रेलवे स्टेशन से तकरीबन 11:00 बजे चली थी। 11:06 बजे यह ट्रेन टुड़ीगंज से आगे बढ़ने के 1 मिनट के बाद ही धरौली हॉल्ट के पास जोरदार आवाज के साथ ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई।

आज भव्य उद्घाटन

09.09.2024 (सोमवार)

मान्यवर,

परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा से हमारे नये प्रतिष्ठान

अन्नपूर्णा ढाबा

ओभरब्रीज, सिंहलोक ऑफिस के पास, औरंगाबाद (बिहार)

का

भव्य शुभारंभ 09.09.2024 को होना सुनिश्चित हुआ है।

अत: इस शुभ अवसर पर आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

राहुल कुमार

मो. 7488989461
7903056186

वेज /ननवेज स्वादिष्ट भोजन के लिए एक बार अवश्य पधारें।

विनीत
राहुल कुमार
रवि शंकर कुमार
औरंगाबाद (बिहार)

## संक्षिप्त समाचार

### जीविका कैडर ने मानदेय को लेकर जताया विरोध

**गम्हरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रस्तावित उच्च विद्यालय के प्रांगण में क्षेत्र के जीविका कैडर ने एक बैठक किया। बैठक के बाद सभी जीविका कैडर ने जीविका कार्यालय पहुंचकर बीते दिनों जारी संशोधित सामुदायिक कैडर मानदेय कार्यालय आदेश की प्रति जलाकर प्रतिकार किया है। कैडरों का कहना है कि सरकार ने कैडर के साथ छल किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार जो आज दिख रही है उसमें जीविका का एक बड़ा योगदान हैं। मौके पर सतीश कुमार, गीता कुमारी, बबीता, विभा कुमारी, सुधा कुमारी, मीनू कुमारी, पुष्पा भारती, नेहा कुमारी, मुन्नी कुमारी, सुनीता कुमारी, साधना कुमारी, सुशीला कुमारी, रंजू पंडित, लक्ष्मी कुमारी, सरिता कुमारी, शशिकला कुमारी, रोजी कुमारी सहित सैकड़ों जीविका कैडर और दीदी उपस्थित थी।

### बच्चों के जीवन में अनुशासन का अहम योगदान : अरविन्द

**गया।** बुद्धा इंस्टीच्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन नर्सिंग एवं पारा मेडिकल स्कूल में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआत स्कूल के निदेशक अरविन्द कुमार सिंह, सचिव रेखा सिंह, उपनिदेशक प्रियरंजन सिंह, उप प्राचार्य सिद्धार्थ कुमार ने संयुक्त रूप से किया। निदेशक श्री सिंह ने बताया कि बच्चों के जीवन में अनुशासन का अहम योगदान है।

### शिक्षक व्यक्ति ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माता : विक्रमादित्य

**टिकारी।** आरडी पब्लिक स्कूल के प्रागंण में शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने सांस्कृतिक विरासत एवं प्राचीन ''गुरु-शिष्य परंपरा'' को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर किसी महान पद को धारण करता है। उसमें उसके गुरु की ही ऊर्जा, संकल्प एवं आशीर्वाद शामिल है। उन्होंने कहा कि शिक्षक व्यक्ति ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माता है। कार्यक्रम को विपिन कुमार, प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, उप प्राचार्या अलका सिंह, डॉ. विनोद कुमार सिंह, सुरेश पांडेय, केसी शर्मा, प्रशांत सिंह, अरुण कुमार, मनोकामना, आरती कुमारी, आभा कुमारी सहित अन्य ने संबोधित किया।

### ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

**टिकारी।** सीयूएसबी में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अभिमुखीकरण और संवेदीकरण" विषय पर केंद्रित आठ दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के देखरेख में आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश भर के उच्च शिक्षण संस्थानों के 80 से अधिक शिक्षक और शोधकर्ता शामिल हुए।

### 27 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हरनौत।** गोखुलपुर थाना क्षेत्र के महिमाचक से पुलिस ने 27 लीटर चुलाई शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शिवम कुमार सुमन ने बताया कि गुप्त सूचना पर चंद्रदीप कुमार को शराब के साथ पकड़ा गया। वह उसकी बिक्री करने में लगा था। छानबीन में पता चला कि धंधेबाज चंडी थाना क्षेत्र के नरसंडा का रहने वाला है। वह महिमाचक में मौसी के यहां रहता था।

### एक सप्ताह में बोनस वितरण करने का निर्देश

**करायपरसुराय।** गोन्दु बिगहा पंचायत के महमूदपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति द्वारा वार्षिक बजट को लेकर आम सभा की गई। आमसभा में एकंगरसराय चिलिंग सेंटर के प्रभारी अरविंद कुमार राय, पर्यवेक्षक इंद्रजीत कुमार, रंजीत कुमार राय, समिति के अध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद और सचिव दिनेश कुमार यादव शामिल हुए। श्री राय ने कहा कि वैशाली पाटलिपुत्र सहकारी संघ किसानों के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मवेशी पालन और खेती दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। एक के बिना दूसरे का विकास नहीं ही हो सकता। वर्ष 2023- 24 में महमूदपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति ने किसानों से करीब 58 लख रुपए की दूध की खरीद की है। सचिव द्वारा 2020 से 2024 तक किसानों के बीच बोनस का वितरण नहीं किया जाना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर बोनस वितरण सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर कमेटी के सदस्य उमेश प्रसाद, नरेश प्रसाद, गिरिजा देवी, लाल मुनी देवी, जगदीश प्रसाद, रंजन कुमार, योगेश्वर प्रसाद आदि लोगों ने भी समिति से संबंधित महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की।

### परवलपुर के युवक की ट्रेन से गिरकर पानीपत में मौत

**परवलपुर।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर-बेलदरिया गांव निवासी 35 वर्षीय मुकेश चौहान की मौत हरियाणा के पानीपत में ट्रेन से गिरकर हो गई। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई। पानीपत पुलिस ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दिया। तब परिजनों को घटना की जानकारी मिली। परिजन शव लाने के लिए गांव से रवाना हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की जेब से उसके छोटे भाई का आधार कार्ड मिला था। पानीपत पुलिस से सूचना पाकर वह मृतक के गांव पहुंचे। जहां पता चला कि मृतक की जेब से छोटे भाई मुकुंद चौहान का आधार कार्ड मिला है। मुकुंद अपने ससुराल में था। मोबाइल पर उसने बताया कि भूल से उसका आधार कार्ड भैया के पास रह गया था।

### सदस्यता कैम्प का उद्घाटन, लोगों से कॉल करवा सदस्यता ग्रहण करवाया

**बिहारशरीफ।** विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता प्रो. नवल किशोर यादव ने शनिवार को बिहारशरीफ में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को सशक्त, समृद्ध, विकसित बनाने के लिए भाजपा को मजबूत करना बहुत ही जरूरी है। भाजपा ही देश को सुरक्षित और समृद्ध बना सकती है। पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत तीव्र गति से विकास के पथ पर दौड़ पड़ा है। पूरे विश्व में भारत के मान सम्मान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। दुनिया में अधिकतर देशों की अर्थव्यवस्था मुश्किल में है जबकि हमारे देश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूत होती जा रही है और निश्चित रूप से आगे भी मजबूत होती जाएगी। शीघ्र ही हम पांचवीं से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। सभी बूथों पर 200 सदस्य जिला अध्यक्ष ई. रविशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान जिले के सभी बूथों पर कम से कम 200 लोगों को भाजपा परिवार के साथ जोड़ने का लक्ष्य है। भाजपा कार्यकर्ता इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। पीएम मोदी के द्वारा चलाए गए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। लोग स्वेच्छा से पार्टी के साथ जुड़कर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं।

# ALTF ने महुआ फुल लदा वाहन पकड़ा, अगले दिन कटा चालान, SDPO ने कही जांच की बात

**निज संवाददाता। गया**

गया में 6 सितंबर को एएलटीएफ (एंटी लिकर टास्क फोर्स) की टीम ने ठनठनीया मोड़ के पास तीन बाइक और एक पिकअप वाहन को जब्त किया था। पिकअप पर 48 बोरा महुआ फुल लदा हुआ था। बाइक सवार पुलिस वाहन को देख कर बाइक छोड़ कर भाग गए। वहीं, 6 सितंबर की देर रात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें वाहन और पुलिस को साफ तौर पर देखा जा सकता है। बता दें कि 7 सितंबर को नो पार्किंग जोन में वाहन का चालान काटा गया है। इस दिन चालान काटने का कोई विजुअल नहीं है। सूत्रों के अनुसार बीती शुक्रवार की रात पिकअप वाहन, बाइक और महुआ फुल को छोड़ दिया गया। इस मामले में एसडीपीओ ने जांच की बात कही है।

**वाहन को एक दिन पहले किया रिलीजः** बता दें कि 7 सितंबर को फाइन लिया गया है। जबकि, वाहन को पहले ही रिलीज कर दिया गया। वाहनों को छोड़ने के एक दिन बाद चालान काटा गया है। वहीं, जिस वाहन को छोड़ा, उस वाहन में महुआ नहीं था। जानकारी के अनुसार 48 बोरे में महुआ फूल लदे थे। बताया जाता है कि 6 सितंबर की देर रात को पिकअप पर लगे आधे महुआ फुल को ऑटो रिक्शा पर लाद कर बाहर भेज दिया गया। वहीं, 6 सितंबर की देर रात को पिकअप वाहन, बाइक और बचे हुए महुआ फुल के साथ छोड़ दिया गया। यह मामला आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। एएलटीएफ प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि वाहन और महुआ फुल को फतेहपुर थाना को सौंप दिया। इस मामले में थाना में सनहा भी दर्ज किया गया जा चुका है। मालूम हो कि महुआ फूल से ही देसी शराब तैयार किया जाता है।

**महुआ फुल को छोड़ने की बात गलतः** इधर, इस मामले में थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह का कहना है कि सभी वाहन मालिकों से फाइन लेकर छोड़ा गया है। महुआ फुल छोड़ने की बात गलत है। ये अभी भी थाना परिसर में रखा हुआ है। वन विभाग को इसकी सूचना दे दी गयी है। मामले में काफी तत्परता दिखाते हुए महुआ फुल की तस्करी करने वाले वाहन व उनके मालिकों की पहचान मात्र 24 घंटे में ही सत्यापित कर ली गई। 6 सितंबर की देर रात में ही वाहन को छोड़ दिया गया। लेकिन, जल्दबाजी में वाहन छोड़ते वक्त चालान नहीं काटा गया। वाहन छोड़ने के 12 घंटे बाद चालान कटा है। 7 सितंबर की दोपहर को चालान काटा गया। अब वाहन मालिकों को गया जाकर फाइन जमा करना होगा।

**नो पार्किंग और ओवर स्पीड का काटा चालानः** थाना प्रभारी ने बताया कि पिकअप का 2500 और बाइक का 500 - 500 रूपए का फाइन लगाया गया है। जबकि, जिस स्थान को नो पार्किंग स्थल दिखाया गया है। वह स्थान तो दूर पूरे फतेहपुर में नो पार्किंग जोन अब तक घोषित नहीं किया गया है। बावजूद इसके फतेहपुर पुलिस ने नो पार्किंग के नाम पर चालान काट दिया। एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे ने कहा कि महुआ फूल को विनष्ट किया जाता है। इसका डिटेल थाने में होना चाहिए। फतेहपुर में पार्किंग है ही नहीं तो नो पार्किंग जोन कहां से आ गया। पूरे मामले की जांच कर लेते हैं। फिर आगे की कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारी को सूचित किया जाएगा।

**दो थाना प्रभारी हुए थे निलंबितः** बता दें कि फतेहपुर थाना के दो थाना प्रभारी शराब छोड़ने के मामले में पहले निलंबित भी हो चुके हैं। साल 2018 में तत्कालीन थाना प्रभारी राकेश रंजन शराब तस्करों के वाहन छोड़ने के आरोप में निलंबित हुए। साल 2021 में महुआ फुल, शराब मामले में जब्त बाइक छोड़ने के आरोप में तत्कालीन थाना प्रभारी संजय कुमार को निलंबित करते हुए फतेहपुर थाना में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में तत्कालीन एसएसपी आदित्य कुमार और फतेहपुर माला खाना प्रभारी भरत शाह पर केस दर्ज किया गया था। आदित्य कुमार को जहां कोर्ट से राहत मिली है। वहीं, संजय कुमार और भरत शाह अब तक फरार चल रहे हैं।

## शिविर में ट्राई साइकिल की होगी मरम्मत

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा जिला प्रशासन ने छत्र योजना (सम्बल) के तहत वितरित बैटरी चालित तिपहिया साइकिलों की मरम्मत के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन करने की घोषणा की है। यह कदम दिव्यांगजनों की दैनिक जीवन की चुनौतियों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य खराब बैटरी, चार्जर और अन्य तकनीकी समस्याओं का निःशुल्क समाधान प्रदान करना है। शिविर का आयोजन 11 और 12 सितंबर को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग,

नालंदा में किया जाएगा।

**सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविरः** दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर लगेगा। इस दौरान कुमार सर्जिकल भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे, जो वारंटी के तहत सभी आवश्यक मरम्मत और बदलाव का कार्य करेंगे। प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इसका लाभ उठा सकें।

## चोरों ने चुराए आभूषण समेत 3 लाख नकद रुपए, नालंदा में सोता रहा पूरा परिवार

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा जिले के वेना थाना क्षेत्र के इमली बीघा गांव में शनिवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लगभग 3 लाख रुपए नकद और आभूषण चोरी कर लिया है। इस घटना से नालंदा में चोरों ने एक बार फिर आंतक मचा दिया है। पीड़ित युवक बाली कुमार ने बताया कि वह शनिवार को किसी काम से घर से बाहर गए थे। घर में मां, बहन और भाभी थीं। रात को खाना खाने के बाद सभी सो गए। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाया और घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया।

### मौके का फायदा उठाकर दिया वारदात को अंजाम

**जेवर समेत नकद रुपए की चोरीः** पूरे मामले को लेकर पीड़ित ने बताया की चोरों ने फ्रिज पर रखी पेटी का ताला खोलकर सोने की दो जोड़ी बालियां, एक चेन, नथिया, मंगलसूत्र, चांदी के दो जोड़े पायल, हाथ का बाला और 10 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। घटना को लेकर हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी चोरी हो गई और घरवालों को भनक तक नहीं लगी।

घटना का पता अगले दिन सुबह चला जब परिवार के सदस्य उठे और देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की खबर सुनते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार ने तुरंत वेना थाना पुलिस को सूचित किया। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि हमें पीड़ित परिवार से चोरी की सूचना मिली है। मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच में जुट गए हैं। जल्द ही मामलें का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# वेद व प्राचीन साहित्यों से भी नई पीढ़ी को मिली राष्ट्रवादी प्रेरणा

**निज संवाददाता। बोधगया**

राष्ट्रवाद का उदय अट्ठारहवीं और उन्नीसवीं सदी के यूरोप में हुआ था, लेकिन अपने केवल दो-ढाई सौ साल पुराने ज्ञात इतिहास के बाद भी यह विचार बेहद शक्तिशाली और टिकाऊ साबित हुआ है। राष्ट्रवाद के प्रतिपादक जॉन गॉटफ्रेड हर्डर थे, जिन्होंने 18वीं सदी में पहली बार इस शब्द का प्रयोग करके जर्मन राष्ट्रवाद की नींव डाली। मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रवाद का ऐतिहासिक संदर्भ विषयांतर्गत व्याख्यान में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के पूर्व इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. रत्नेश्वर मिश्र ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि भारत के लम्बे इतिहास में, आधुनिक काल

में, भारत में अंग्रेजों के शासनकाल मे राष्ट्रीयता की भावना का विशेष रूप से विकास हुआ। भारत में अंग्रेजी शिक्षा के प्रसार से एक ऐसे विशिष्ट वर्ग का निर्माण हुआ, जो स्वतन्त्रता को मूल अधिकार समझता था और जिसमें अपने देश को अन्य पाश्चात्य देशों के समकक्ष लाने की प्रेरणा थी। पाश्चात्य देशों का इतिहास पढ़कर उसमें राष्ट्रवादी भावना का विकास हुआ। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि भारत के प्राचीन इतिहास से नई पीढ़ी को राष्ट्रवादी प्रेरणा नहीं मिली है। वेदकाल से है राष्ट्रीय चेतना का अस्तित्व प्रो मिश्र ने कहा, वस्तुतः भारत की राष्ट्रीय चेतना वेदकाल से अस्तित्व में है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में धरती माता का यशोगान किया गया हैं। माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः (भूमि माता है और मैं पृथ्वी का पुत्र हूं)। विष्णुपुराण में तो राष्ट्र के प्रति का श्रद्धाभाव अपने चरमोत्कर्ष पर दिखाई देता है। इस में भारत का यशोगान पृथ्वी पर स्वर्ग के रूप में किया गया है। इनकी थी मौजूदगी मुख्य वक्ता प्रो. मिश्र ने बाद में उपस्थित जन की जिज्ञासा का भी समाधान किया। समारोह का संचालन डॉ. सचिन मंदिलवार एवं आभार प्रो मनीष सिन्हा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो मुकेश कुमार, डॉ चंद्र प्रकाश, डा हरि बाबू बोड्डू, डॉ अस्मिता खलखो, डॉ अलका मिश्रा, मैसी चरण, आलोक कुमार, डॉ अनूप भारद्वाज, डॉ विजय कांत यादव सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस सोसायटी शाखा में प्रबंध समिति चुनाव की घोषणा

**निज संवाददाता। नालंदा**

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की नालंदा जिला शाखा में नए सिरे से प्रबंध समिति के चुनाव की घोषणा की गई है। जानकारी रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव और बिहारशरीफ के अनुमंडल पदाधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय बिहार के राज्यपाल के प्रधान सचिव और नालंदा जिला पदाधिकारी के आदेशों के अनुसार लिया गया है। चुनाव प्रक्रिया के तहत कई महत्वपूर्ण तिथियां निर्धारित की गई हैं। 7 सितंबर को मतदाता सूची का पुनः प्रकाशन किया गया। इसके बाद 23 सितंबर तक बिहारशरीफ स्थित अनुमंडल कार्यालय में दावा और आपत्तियां स्वीकार की जाएगी। 23 सितंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा और चुनाव प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा होगी। 23 से 28 सितंबर के बीच नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे, जिनकी जांच 30 सितंबर को होगी।

♦ **23 से 28 सितंबर तक नामांकन दाखिल, 30 को टाउन हॉल में जांच**

चुनाव प्रक्रिया 30 सितंबर सुबह 11 बजे से टाउन हॉल (कर्पूरी भवन), हॉस्पिटल मोड़, बिहारशरीफ में संपन्न होगी। सभी आजीवन सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने पहचान पत्र जैसे वोटर कार्ड, आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस लेकर निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचे। चुनाव स्थानीय स्तर पर रेड क्रॉस की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नई प्रबंध समिति से आशा की जा रही है कि वह क्षेत्र में मानवीय सेवाओं को और अधिक गति प्रदान करेगी।

# मुसहर बनकर चेयरमैन बनी रश्मि का प्रमाणपत्र खारिज

**निज संवाददाता। बिंद**

कुर्मी से मुसहर बनकर शेखपुरा नगर परिषद की चेयरमैन बनी रश्मि कुमारी पर कार्रवाई तय है। जानकारी के अनुसार कुर्मी जाति से ताल्लुक रखने वाली रश्मि मुसहर जाति का प्रमाण पत्र देकर चुनाव लड़ी थी और वह जीत भी गई थी। जांच के बाद उनका जाति प्रमाणपत्र पत्र फर्जी पाया गया। सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने उनका अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र खारिज कर दिया। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने उन्हें 12 सितंबर को हाजिर होने का नोटिस भेजा है। उन्हें निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश होना है। इसके बाद ही फैसला हो पाएगा कि उनकी कुर्सी रहेगी या जाएगी। बताया जा रहा है कि उनकी जीत को लेकर मुख्य पार्षद प्रत्याशी रही शुक्ला देवी की शिकायत पर शेखपुरा विधायक विजय सम्राट ने पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह से रश्मि के जाति प्रमाणपत्र की जांच करने को लेकर पत्र लिखा था। पटना डीएम ने पटना सिटी एसडीओ से जांच कराई थी। पटना सिटी एसडीओ ने अपनी जांच प्रतिवेदन में परिवादी शुक्ला देवी की शिकायत के आलोक में बताया था कि अंचल कार्यालय दनियावां से निर्गत जाति प्रमाण पत्र जो रश्मि कुमारी, पिता महेन्द्र प्रसाद, माता-बचनमा देवी, ग्राम और पोस्ट सलारपुर, जिला पटना के नाम पर निर्गत है, वह फर्जी दस्तावेज के अनुसार बनाया गया है। जांच में अधिकारियों ने रश्मि की जाति पाई थी कुर्मी मुसहर जाति का प्रमाणपत्र देकर शेखपुरा नगर परिषद की मुख्य पार्षद बनी रश्मि कुमारी कुर्मी जाति से हैं। राज्य चुनाव आयोग ने शेखपुरा के तत्कालीन डीएम सावन कुमार से शेखपुरा नगर परिषद की मुख्य पार्षद रश्मि कुमारी की जाति का पता लगाकर रिपोर्ट मांगी थी। आयोग के निर्देश पर डीएम ने जिला पंचायती राज

पदाधिकारी धर्मेश कुमार सिंह को इसका जिम्मा सौंपा था। इसके बाद नालंदा के बिंद प्रखंड के अंचल अधिकारी के सहयोग से जांच शुरू की गयी। जांचोपरांत रश्मि का पैतृक घर नालंदा जिला के बिंद थाना अंतर्गत बरहोग गांव पुष्टि हुई, जो महेंद्र प्रसाद की पुत्री है और उसकी जाति कुर्मी है। इसकी रिपोर्ट तत्कालीन डीएम ने राज्य निर्वाचन आयोग को सौंप दी है।

♦ **12 को निर्वाचन आयोग ने हाजिर होने का भेजा नोटिस**

रश्मि के परिजनों ने साधी चुप्पी जानकारी के मुताबिक रश्मि कुमारी के पिता महेन्द्र प्रसाद नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र के बरहोग निवासी हैं। जो पिछले 20 साल से गांव की बजाय पटना में रहते हैं। मामले की पड़ताल करने ज़ब दैनिक भास्कर की टीम बरहोग गांव पहुंची तो रश्मि कुमारी के परिजनों ने चुप्पी साध ली। पूछे जाने पर बिहारशरीफ में रह रहे चाचा उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि रश्मि कुमारी नाम की उनकी कोई भतीजी नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि रश्मि कुमारी महेन्द्र प्रसाद की ही पुत्री है जिन्होंने लव मैरेज की थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# स्मार्ट मीटर का विरोध करने पर बिजली विभाग के कर्मियों ने धुरगांव की बिजली काटी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत के धुरगांव में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का विरोध किये जाने पर बिजली विभाग ने बीते चार दिनों से गांव की बिजली काट दी थी। बिजली कटने के बाद गांव में अंधेरा छा गया। गांव के लोग दिन तो किसी तरह गुजार ले रहे थे, किन्तु रात होते ही घरों में थके हारे किसानों एवं उनके परिजनों को बिजली की कमी सताने लगी। ग्रामीण केदार यादव, सकील सर, वासुदेव यादव, हन्नान खान, रामचंद्र मिस्त्री, नेपाली चौधरी, तनवीर खान, इलियास खान, राजेंद्र मिस्त्री, शिवदानी यादव एवं सुरेश यादव ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा गांव में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने को कहा गया। किन्तु ग्रामीणों के बीच स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर तरह-तरह की बातें चल रही थी। जिसमें किसान परिवारों के पास पैसों का आभाव होता है, जिसके कारण वे समय-समय पर रिचार्ज नहीं करवा सकते हैं। साथ ही स्मार्ट बिजली मीटर में सामान्य बिजली मीटर के अपेक्षाकृत ज्यादा बिजली बिल आता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मियों के कहने पर स्मार्ट बिजली मीटर लगाने से सभी ग्रामीणों ने मना कर दिया। जिसके बाद बिजली विभाग द्वारा धुरगांव की बिजली काट दिया। धुरगांव में लगभग 80 से 90 घरों में रहने वाले 1000 लोग बीते चार दिनों से बिना बिजली के जीने को मजबूर थे। वहीं बीते शनिवार की रात्रि को गांव के लोगों ने बैठक कर ग्राम पंचायत के मुखिया संजय यादव को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मुखिया ने बिजली विभाग के जेई भुवनेश्वर प्रसाद से ग्रामीणों को स्मार्ट बिजली मीटर के बारे में जागरूक करने के लिए एक सप्ताह का समय लिया है। मुखिया के कहने पर बिजली विभाग के कर्मियों ने धुरगांव में चार दिनों बाद बिजली बहालकर दिया गया है।

## कला और रचनात्मकता के उज्ज्वल भविष्य पर विचार-विमर्श

निज संवाददाता | गया

कलाज्योति संस्कारशाला के साप्ताहिक प्रशिक्षण लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी सोमेश, वरिष्ठ छायाकार श्याम भंडारीजी, विराज मोहिनी कन्या मध्य विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार, शिक्षक राजीव रंजन, संजीव कुमार सामाजिक कार्यकर्ता, रंगकर्मी शम्भू सुमन, वन्माली बाबा कन्या +२ विद्यालय के ललित कला शिक्षक रवि रांजन, अनुध्या एनवायरनमेंट इंटरेक्शन फाउंडेशन के निदेशक श्रीमति रेशु चरण पहाड़ी आदि विशिष्ठ लोगों ने कला ज्योति संस्कारशाला के सप्ताहिक प्रशिक्षण ले रहे कलाकारों के ऊर्जा क्षमता विकास एवम संभावनाओं पर अपने विचार रखा। बच्चों के द्वारा किए गए नाटक 'आत्म हत्या अब नहीं' पर संजीव कुमार ने कहा कि नाटक जीता जागता चलचित्र व समाज को शिक्षित करने की दिशा में एक बेहतरीन कदम है। सुमेश कुमार डिप्टी सेक्रेटरी लोक सभा, नई दिल्ली, मुख्य अतिथि अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हवाला देते हुए कहा कि विश्व में ही नहीं भारत में भी बहुत सारी नौकरियां समाप्त हो जाएगी, पर क्रिएशन से जुड़ा हुआ, जो भी काम है, जो भी नौकरियां हैं, वह हमेशा रहेगी, जैसे की कहानी लेखन, कविता लेखन, नाट्य लेखन, नाट्य प्रशिक्षण, नाटक प्रशिक्षक, व चित्रकला, चित्रकला प्रशिक्षक आदि जैसी नौकरियां हमेशा बरकरार रहेगी, तो इसमें बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, और बहुत ही बढ़िया काम कर रहे हैं, जिससे आने वाले दिन में बिहार का साथ-साथ देश का भी यह नाम रोशन करेंगे। विदेश में उनकी नियुक्ति होगी, और यह विदेश में अपना बिहार झंडा लहराएंगे। आदत अतिथियों का स्वागत विराजमणि कन्या मध्य विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन। विषय प्रवेश जाने-माने रंगकर्मी में शम्भू सुमन ने किया, और कहा कि भरत मुनि ने सबसे पहले विश्व में नाट्यशास्त्र पर पुस्तक लिखी थी। जिसमें मूर्ति कला, चित्रकला, नाट्य कला, संगीत कला, साहित्य का समावेश करते हुए उन्होंने नाट्य प्रशिक्षण को एक बहुत ही वृहद विद्या के रूप में स्थापित किया। जिनकी रचना को नाट्यशास्त्र कहते हैं जो बहुत ही पौराणिक पुस्तक है। जिसकी रचना काल लगभग वेद के समय का माना जाता है, और इसे पंचम वेद भी कहा जाता है।

## ओड़ो गांव शंखनाद प्रतियोगिता में 31 ब्राह्मणों ने दिखाया दमखम

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित ब्राह्मण टोला में विघ्न विनायक गणेश की पूजा अर्चना भक्तिभाव से हुई। इस अवसर पर श्री गणेश युवा सेवा संस्थान ओड़ो के सौजन्य से तीन दिवसीय आयोजित कार्यक्रम के दौरान रविवार को दो बजे अपराह्न में शंखनाद प्रतियोगिता शुरू हुई। आयोजित प्रतियोगिता में ओड़ो, बिक्कू, सहजपुरा, गोतरायन, हंडिया, ननौरा, कोसला, रामे समेत अन्य गांव के 31 ब्राह्मण परिवार ने भाग लिए। संस्थान के अध्यक्ष सह व्यवस्थापक अम्बुज कुमार मिश्र ने कहा आयोजित प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय को अंगवस्त्र व नगद रुपये पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र भी दी गई।वही अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में नलिन विलोचन मिश्र, जितेन्द्र कुमार मिश्र के अलावा अतुल मिश्र ने शंखनाद प्रतियोगिता में विजेता का नाम घोषित किया। यह प्रतियोगिता बीते तीन साल चली आ रही है।मौके पर राघवेन्द्र कुमार मिश्र, पंकज मिश्र, सुबोध मिश्रा, अमरेन्द्र कुमार मिश्र, विष्णुबल्लभ पांडेय, संतोष मिश्र, दिग्विजय मिश्रा, गोपाल पांडेय, अजित मिश्र, मनीष मिश्रा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## साक्षरता से बड़ा हथियार कोई नहीं: सांसद

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां प्रखण्ड की गुलनी ग्राम पंचायत के हनुमान गढ़ी में रविवार को विश्व साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित की गई। आयोजित समारोह में सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि साक्षरता से बड़ा कोई हथियार नहीं है। अगर सभी साक्षर होगा तभी देश का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि बिना किसी भेदभाव के बच्चे एवं बच्ची को पढ़ाए। चाहे जितना भी कष्ट उठाना पड़े, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार दिनकर ने कहा कि वंचित को सिंचित करना हमारा संकल्प है। वंचितों तक सुविधा पहुंचाना लक्ष्य है। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। दर्जनों बच्चों को दिया गया बैग सहित अन्य सामग्री सांसद ने दर्जनों बच्चों को बैग, वाटर बोतल सहित अन्य सामग्री दिया। बैग सहित अन्य सामग्री पाकर बच्चे काफी खुश हुए। इस बीच लोगों से आग्रह किया गया कि अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे। नए सदस्य बनने पर दिया जोर सांसद ने लोगों से कहा कि अगर भाजपा एवं नरेंद्र मोदी में विश्वास है तो सदस्य बने। सदस्य किस प्रकार बनते हैं, इसकी जानकारी दी गई। दर्जनों लोगों ने भाजपा में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। मंच संचालन पंस सदस्य उपेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पार्षद बच्चन देवी, प्रमुख रंजू कुमारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, भाजपा के वरीय नेता अजीत यादव, मुखिया मनोज चौरसिया, जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साव, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर चौरसिया, जदयू के वरीय नेता डॉ. रविकांत उर्फ अजय सिंह, रंजीत यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## पत्नी ने ससुराल जाने से किया इनकार तो पति ने खाया जहर

नवादा (नि.सं.)। जिले में एक दर्दनाक घटना हुई, भादो में माह में पत्नी के ससुराल जाने से इनकार करने से आहत पति ने कीटनाशक दवा का खा लिया। बेहोशी की हालत में सड़क पर गिरा पड़ा मिला। खबर की जानकारी मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे बेहोशी की हालत में सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया। बल्कि कीटनाशक का सेवन किया था।

## ट्रक को पीछे करने के दौरान खलासी को ट्रक ने रौंदा

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)।

नवादा में ट्रक चालक ने अपने हीं ट्रक के खलासी को ट्रक से कुचल दिया। घटना उस वक्त हुआ जब ट्रक पर लदे धूस को गिराने के लिए ट्रक ड्राईवर ट्रक को पीछे कर रहा था। घटना की सूचना के बाद पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक दुर्घटना के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया है। बता दें कि यह घटना जिले के नरहट थानाक्षेत्र के गारो बिगहा ग्राम में घटी है। नरहट थाने के थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि इस दुर्घटना में नवादा जिले के नारदीगंज थानाक्षेत्र के कुझा ग्राम निवासी रामस्वरूप यादव के पुत्र भूषण यादव की मौत हो गयी है। वह उसी ट्रक पर खलासी का काम करता था। उन्होंने बताया कि ट्रक ड्राईवर झारखंड से ट्रक में धूस लादकर लाया था।

## सांसद ने किया चबूतरा का उद्घाटन

पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)। रविवार को पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत गुलनी पंचायत के महादलित टोला हनुमानगढ़ी पहुंचें नवादा सांसद डॉ. विवेक ठाकुर ने वहां निर्मित चबूतरा का उद्घाटन किया। पंद्रहवीं वित्त आयोग से 3,98,113 की लागत से निर्मित चबूतरा एवं पेवर ब्लॉक कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही चबूतरा महादलित टोला के लोगों को सौंप दिया गया है। चबूतरा निर्माण से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है। ग्रामीण बोदी मांझी, कुलेश्वर मांझी, विश्वनाथ मांझी, फौदारी मांझी, हंसा देवी, इंदु देवी आदि ने खुशी व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा चबूतरा बनने से उन्हें इसका लाभ मिलेगा। अब इसपर हमलोग एक जगह बैठकर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे। बता दें कि महादलित टोला हनुमानगढ़ी वर्षो से उपेक्षित था। यह विकास से अछूता रहा है।

## अनियंत्रित ट्रक ने बाईक सवार दो युवक को रौंदा, एक की मौके पर हुई मौत

निज संवाददाता | नवादा

नगर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रक ने बाईक सवार दो युवकों को टक्कर मार दिया। दुर्घटना के बाद एक की मौके पर मौत हो गयी, वहीं दूसरा जख्मी हो गया। घटना से आक्रोशित भीड़ ने एक खड़ी ट्रक को आग को हवाले कर दिया। जिसके बाद अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना के आलोक में पुलिस की टीम एवं दमकल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले जलती ट्रक की आग बुझाने के लिए दमकलकर्मी जुट गये। घटना नगर थाना क्षेत्र के आईटीआई के पास हुई ।तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही स्थानीय लोग उग्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों के द्वारा पास खडी एक ट्रक में आग लगा दिया। इसके बाद अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिस को भी स्थानीय लोगों के उग्र प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। मृतक की पहचान गोनावां गांव के रहने वाले 28 वर्षीय युवक बिट्टू कुमार के रूप में की गई है। वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर बैठकर घर से घूमने के लिए निकला था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने पीछे से बाइक में धक्का मार दिया और बाइक पर बैठा युवक रोड पर गिर गया फिर ट्रक चालक के द्वारा युवक पर ट्रक चढ़ा कर फरार हो गया। घटनास्थल पर पुलिस टीम पहुंचकर उग्र लोगों को शांत कराया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। भीड़ ने पूर्व से खड़ी ट्रक में आग लगा दिया, दमकलकर्मी द्वारा स्थिति पर काबू पा लिया गया। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## विश्व साक्षरता दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

प्रखंड अंतर्गत इंटर विद्यालय चकवाय में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर मातृ शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया की कार्यक्रम को लेकर स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर घोषणा की गयी थी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने असाक्षर माताओं को साक्षर किया जायेगा। सभी असाक्षर माताओं को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा कॉपी, कलम, पेंसिल, मनोहर पोथी एवं स्लेट मुफ्त में उपलब्ध करवाया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के आस-पास खेतों में काम करने वाली महिलाओं एवं बकरी चराने वाली महिलाओं एवम बच्चों को भी इस कार्यक्रम में जोड़ा गया है। वे भी अब साक्षर होंगे। सबसे दिलचस्प बात यह कि माताओं को उनके बच्चे ही साक्षर करेंगे। विद्यालय में ही माताओं को बुलाकर 3 से 4 बजे के बीच उनके बच्चे उन्हें साक्षर करेंगे। उन्होंने कहा की संचालित यह कार्यक्रम हमारे पोषक क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। यह एक अनोखी पहल है जिसके माध्यम से अनपढ़ माताएं अब पढ़ना लिखना सीख पाएंगी। 3 दिसंबर को इस कार्यक्रम के प्रथम चरण को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विद्यालय में कुल नामांकित 501 विद्यार्थियों में से लगभग 100 विद्यार्थियों की माता अनपढ़ हैं। जिन्हे इस कार्यक्रम के द्वारा साक्षर किया जायेगा। विद्यालय के बगल में बकरी चराने वाले बच्चे को प्रेरित कर उन्हे भी कॉपी, कलम, पेंसिल, मनोहर पोथी, एवम स्लेट उपहार स्वरूप प्रदान किया गया ।ये बच्चे कॉपी कलम पर काफ़ी खुश थे। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा सोनाक्षी, अर्पिता, तन्नू एवं छात्र, सन्नी, रौशन सहित अन्य को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विकास कुमार, अखिलेश, राकेश, जितेंद्र, सतीश एवं सुमन की खास भूमिका रही।

## शांति, सद्भाव व भाईचारा कायम रखने का हुआ निर्णय

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड मुख्यालय स्थित पानी टंकी परिसर नारदीगंज में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान थाना क्षेत्र के हर वर्ग और समुदाय के लोग शामिल हुए। अध्यक्षता शांति समिति के अध्यक्ष कोसला पंचायत के पूर्व मुखिया रविंद्र सिंह अब्दलपुर पड़रिया निवासी अजय यादव ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से कहा कि हमलोग हर हाल में थानाक्षेत्र में शांति कायम रखकर भाईचारे के साथ रहेंगे। पूर्व में भी पूरे बिहार और नवादा के कई क्षेत्रों में मार काट का दौर चला था। उस समय भी नारदीगंज के सभी जाति और समुदाय के लोग साथ साथ रहना पसंद किए थे।आज भी हमलोग शांति के साथ एक दूसरे से मिलकर रहना पसंद करते हैं। कुछ बदमाश लोग बीच बीच में समाज में कटुता फैलाना चाहते हैं, उसको कभी सफल नहीं होने देंगे। जो लोग सामाजिक सौहार्द को बिगड़ना चाहते हैं, वैसे लोगों को समझा बुझा कर और सामाजिक दबाव बनाकर समाज से जोड़ने का काम करेंगे। कहा गया कि बीते 26 अगस्त को कुछ बदमाशों लोगों ने नारदीगंज बाजार में शगुन पलाई एंड पेंट महल नामक दुकान में घुसकर दुकानदार राजीव कुमार के साथ मारपीट किया था। उसके बाद से बाजार में तनाव उत्पन्न हो गया था।तब थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने बीते एक सितंबर को पानी टंकी परिसर में बैठक कर समाज में हर हाल में शांति कायम रखने का निर्णय लिया गया था। मौके पर कैलाश प्रसाद यादव, बिरेंद्र सिंह ओडो निवासी अर्जुन यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, अखिलेश यादव, जदयू व्यापारिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष विनय साव, दीनू सिंह, दीनांदन मांझी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ट्रैक्टर चोरी मामले में पुलिस ने तीसरे वांछित चोर को किया गिरफ्तार

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के परमेश्वर बिगहा गांव से बीते माह ट्रैक्टर की चोरी कर ली गई थी। ट्रैक्टर चोरी को लेकर दर्ज प्राथमिकी के आलोक में पीएसआई रौशन कुमार ने चोरी में शामिल तीसरे व्यक्ति को गुप्त सूचना के आलोक गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तकनीकी टीम की सहायता से 13 अगस्त को नालन्दा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी महेश प्रसाद के बेटे नीतीश कुमार एवं नगरनौसा थाना क्षेत्र के कछियामा गांव निवासी सत्येन्द्र प्रसाद के बेटे सन्नी कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि जुलाई माह में महिंद्रा ट्रैक्टर संख्या बीआर27ई5372 की चोरी को लेकर परमेश्वर बिगहा गांव निवासी मुकेश कुमार की पत्नी रूबी कुमारी ने थाने को लिखित आवेदन देकर चोरी गए ट्रैक्टर की बरामदगी एवं चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हेतु गुहार लगाई थी। जिसको लेकर रजौली थाना काण्ड संख्या 354/24 में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान के क्रम में पुलिस पदाधिकारी ने तकनीकी सहायता एवं रास्ते के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बीते माह अगस्त में ट्रैक्टर चोरी में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। वहीं बीते दिन गुप्त सूचना के आलोक में ट्रैक्टर चोरी में शामिल एक व्यक्ति को पीएसआई रौशन कुमार ने घर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार ट्रैक्टर चोर की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के बभनी गांव निवासी मोहन पासवान के पुत्र धीरज कुमार उर्फ बुमराह के रूप में हुई है।

## मुख्य रास्ता हुआ जलमग्न, ग्रामीणों ने विधायक एवं सांसद को लिखा पत्र

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के धमनी पंचायत अंतर्गत कुम्हरुआ गांव का मुख्य सड़क बारिश के कारण जलमग्न हो गया। जिससे सैकड़ों लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण दीपक कुमार, श्रवण कुमार, अजय साव, महेंद्र राम, बेबी कुमारी आदि ने बताया कि हमारा गांव में स्थित मुख्य मार्ग वर्षों से कच्ची रूप में पड़ा हुआ है। पहले तो बारिश के दिनों में सड़कों पर कीचड़ जमा हो जाय करता था, वहीं बाद में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढ़े भर गया था। वहीं इस वर्ष तो जंगली नदी में आये पानी से गांव के सड़क पर जमा हो गया और सड़क पूर्णतः जलमग्न हो गया। साथ ही बताया कि कुम्हरुआ गांव रजौली प्रखण्ड का सबसे बड़ा गांव है। उसके बावजूद स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण सड़क की दुर्दशा हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर रजौली विधायक, एसडीओ रजौली, डीडीसी नवादा, जिलाधिकारी एवं सांसद को लिखित पत्र दिया गया है। बताते चलें कि बीते माह गड्ढे एवं कीचड़युक्त सड़क पर ग्रामीण महिलाओं ने धान रोपकर विरोध भी व्यक्त किया गया था। क्योंकि ग्रामीण महिलाओं को सड़क और खेत में किसी प्रकार का अंतर नहीं समझ आया।

## समाज से निरक्षरता रूपी कलंक को मिटाना है : सचिव श्रीकांत

नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर रविवार को पेंशनर भवन नारदीगंज में परिचर्चा आयोजित किया गया। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा समाज से निरक्षरता दूर करके ही हम शिक्षित समाज बनाने में सफल होंगे। अपने राज्य में शिक्षा को बढ़ावा देकर ज्यादा लोगों को साक्षर बनाया जा सकता है। वर्तमान सरकार ज्ञान के विस्तार व निरक्षरता उन्मूलन हेतु प्रयासरत हैं। समाज के दलित व महादलित में निरक्षरता दूर करके ही उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ा जा सकता है।आज महिलाओं में साक्षरता हेतु भरसक प्रयास की आवश्यकता है।

## बिजली की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। विगत 10 दिनों से प्रखंड क्षेत्र में वर्षा नहीं हुआ है। जिसके कारण किसानों में बेचैनी और मायूसी देखी जा रही है। जबकि अब धान के फसल में प्रति दिन पानी की आवश्यकता है। ऐसे में किसानों की आशा बिजली बनी हुई है। लेकिन बिजली भी इतना काम मिल रहा है कि फसलों का पटवन होना मुश्किल है। इस सम्बंध में किसान अर्जुन यादव, पूर्व मुखिया रविंद्र सिंह, कैलाश यादव ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में किसी दिन चार घंटा तो किसी दिन छह घंटा बिजली मिल पाती है। वह भी लगातार नहीं मिल पाता है। जिसके कारण फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। 15 सितम्बर को यानी रविवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी लोगों की एक बैठक पानी टंकी परिसर नारदीगंज में पुनः बुलाई गई है।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के कार्यों मे विभाग ने मांगी प्रशासनिक सहयोग, लिखा पत्र

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार के निदेशानुसार कनीय विद्युत अभियंता दावथ, सूर्यपुरा एवं संझौली ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के कार्यों मे प्रशासनिक सहयोग की मांग की गयी है। बताते चलें की उपभोक्ताओं के परिसर में डिजिटल अथवा अन्य पूर्व से लगे मीटर को बदलकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य प्रक्रिया में है, जिसकी प्रगति काफी धीमी है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर के संदर्भ में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (मीटर की स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2019 के क्रम में ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के गजट अधिसूचना दिनांक-17. 08.2021 द्वारा एक समयावधि में सभी केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (मीटर की स्थापना एवं संचालन) के तहत पुराने मीटर को प्रीपेमेंट सुविधा के साथ स्मार्ट मीटर से बदलने के लिए अधिसूचित किया है। आगे बताते चलें की सचिव ऊर्जा विभाग बिहार सरकार का पत्रांक-14 दिनांक-14.07.2021 द्वारा स्मार्ट प्री-पेमेंट मीटर को मेसर्स ईडीएफ इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड के माध्यम से शहरी क्षेत्र तथा मेसर्स इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लिमिटेड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं के यहाँ लगाने/परिवर्तित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसका अनुश्रवण राज्य सरकार के शीर्ष स्तर से किया जा रहा है। इसी क्रम में कुछ उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट करने की धमकी दी जाती है, साथ हीं उनलोगों के द्वारा उक्त क्षेत्र के स्थानीय उपभोक्ताओं को भी मारपीट के लिए भड़काते हुए मीटर लगाने का कार्य बन्द करवा दिया जाता है। इससे कार्यरत एजेंसी के कर्मियों में भय व्यापत रहता है। जिसके कारण स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। उपरोक्त के मद्देनजर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने एवं परिवर्तित करने के क्रम में कार्य में अवरोध पैदा करने वाले क्षेत्रों में प्रशासनिक सहयोग हेतु पत्राचार किया गया है ताकि भयमुक्त माहौल में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा तक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने एवं परिवर्तित करने के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके।

## विश्व साक्षरता दिवस पर विभिन्न विद्यालयों में निकाली गई प्रभात फेरी

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

विश्व साक्षरता दिवस पर रविवार को शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कई विद्यालयों में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को अनिवार्य रूप से साक्षर होने की अपील की गई। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के वार्डन साधना सिंह एवं लेखापाल अजीत कुमार सुमन के नेतृत्व में छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाल भारत को जल्द से जल्द पूर्ण साक्षर बनाने का संकल्प लेने की लोगों से अपील किया। वहीं प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार,गायत्री बालिका इंटर विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार, इंटर विद्यालय कौवाकोल में प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। जबकि मध्य विद्यालय कौआकोल में प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास एवं कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अवध कुमार पासवान के नेतृत्व में प्रभात फेरी, चित्रकला, रंगोली एवं निबंध आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि विश्व स्तर पर आम लोगों को जागरूक करने के लिए साक्षरता दर बढ़ाने के उद्देश्य 1965 में प्रति वर्ष आठ सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस पालन करने का संकल्प लिया गया था। वर्ष 1966 से विश्व साक्षरता दिवस समारोह की शुरुआत हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### बालू लदे ट्रैक्टर किया जब्त, ड्राइवर फरार

**कोईलवर।** अवैध बालू परिचालन व खनन के खिलाफ चांदी पुलिस ने कार्रवाई किया है। इसी बीच चांदी पुलिस ने थाना क्षेत्र के मठिया पुर के समीप छापेमारी कर अवैध बालू लदा एक ओभर लोड ट्रैक्टर जब्त किया है। वहीं पुलिस को आता देख ट्रैक्टर का ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़ भाग खड़ा हुआ। जब्त ओवरलोड ट्रैक्टर पर बिना चालान का बालू लदा है। मामले में चांदी थाना में ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में की गई। इस बाबत प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि सोन नदी से बालू के अवैध खनन व परिचालन की लगातार सूचना चांदी थाना को मिल रही थी। लिहाजा एक टीम गठित की गई और छापेमारी किया गया। पुलिस कि इस कार्रवाई से अवैध बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया।

### बिजली के करंट से मौत के बाद परिवार को अनुग्रह राशि

**आरा।** कोईलवर प्रखंड के मथुरापुर पंचायत निवासी सूरज कुमार की मौत बिजली करंट से मौत के बाद उसके पिता दीनबंधु साव को बीडीओ वीर बहादुर पाठक के निर्देश पर 20000 सामाजिक सुरक्षा के तहत प्रदान किए गए। शनिवार नाजिर ने मुखिया निक्की देवी और पूर्व मुखिया मुन्ना सिंह की उपस्थिति में मृतक के पिता को चेक प्रदान किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि मृतक के आश्रित को बिजली विभाग और श्रम विभाग द्वारा राशि दिलाने के लिए पत्राचार किया गया है। इंदिरा आवास के लिए भी बीडीओ से बातचीत की गई है। तुषार सिंह और अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### पीजी में नामांकन के लिए तीसरी लिस्ट जारी, विश्वविद्यालय ने 500 विद्यार्थियों की सूची की जारी

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2024–26 में नामांकन को लेकर तीसरी मेधा सूची जारी कर दी है। इस मेरिट लिस्ट में 500 विद्यार्थियों के नाम जारी किए गए हैं। मेरिट में चयनित विद्यार्थी 10 सितंबर तक विभाग और कॉलेज में अपना नामांकन कराएंगे। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रोफेसर के के सिंह ने बताया कि नामांकन समिति के निर्णय के आलोक में रिक्त सीटों पर नामांकन को लेकर मेरिट जारी की गई है। इन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थी आवंटित विभाग या कॉलेज में दाखिला नहीं करते हैं तो उनका नामांकन नहीं हो पाएगा। तीसरी मेरिट लिस्ट के बाद भी संस्कृत,बॉटनी उर्दू और राजनीति विज्ञान सहित एक दो विषयों में सीटें रिक्त रह जाएगी। उर्दू और संस्कृत विषय में निर्धारित सीटों से भी कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। संस्कृत में पीजी स्तर पर एचडी जैन कॉलेज और पीजी विभाग को मिलाकर 99 सीट हैं जबकि आवेदन मात्र 45 विद्यार्थियों ने किया है। इधर,राजनीतिक विज्ञान विषय में भी कुछ कैटेगरी में अभ्यर्थी नहीं मिल पा रहे हैं। इस कारण इस विषय में भी सीट खाली रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। चार विषयों प्रकृति, भोजपुरी, दर्शनशास्त्र और लोक प्रशासन में ओपन सिस्टम से एडमिशन के लिए 11 सितंबर को मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। सभी विषयों के अभ्यर्थी जिनका एडमिशन तक नहीं हुआ है उनसे आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन के बाद विश्वविद्यालय मेरिट जारी करेगा। बता दें कि पीजी में 5998 सीटें हैं। भौतिकी में सीटें भर गई है। तीसरी मेरिट लिस्ट से भूगोल, इतिहास, रसायन शास्त्र, जंतु विज्ञान आदि विषयों में भी सीट भर जाएगी।

### भोजपुर में 14 मोबाइल चिकित्सा वाहनों से मवेशियों का होगा इलाज

**आरा।** जिले में 14 मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन का शुभारम्भ सोमवार को होगा। यह मोबाइल चिकित्सा वाहन प्रतिदिन दो पंचायतों में जाएंगे। इन वाहनों में मौजूद डॉक्टर और मवेशी चिकित्सा स्टाफ जिले के सभी स्थानों पर बीमार पशुओं का इलाज करेंगे। मवेशीपालकों को पशुधन के देखरेख, उनके स्वास्थ्य और रोगों के इलाज के बारे में बताएंगे। इन वाहनों को जिले के सभी 14 प्रखंडों में आवंटित कर दिया गया है। प्रत्येक प्रखंड में एक-एक मोबाइल चिकित्सा वाहन उपलब्ध रहेंगे। प्रत्येक मोबाइल चिकत्सा वाहन में एक चिकित्सक, एक कंपाउंड, एक ड्राइवर सह अटेंडेट, दवाईयां व चिकित्सा उपकरण रहेंगे। इसका उदघाटन पटना से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। आरा में मोबाइल चिकित्सा वाहनों को डीएम राजकुमार कलेक्ट्रेट से झंडी दिखाकर प्रत्येक प्रखंड के लिए रवाना करेंगे। जिले में यह सुविधा उपलब्ध होने से पशुपालकों के दरवाजे पर ही गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते सहित अन्य पशुओं के इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। यह मोबाइल पशु चिकित्सा क्लीनिक का काम करेगी। प्रत्येक एंबुलेट्री वैन में एक पशु चिकित्सक, पशु चिकित्सा सहायक होंगे। मोबाईल वाहन के लिए टॉल फ्री नंबर भी जारी किये गए है। सात निश्चय के तहत यह योजना सरकार की सात निश्चय योजना पार्ट-2 के तहत इस योजना का संचालन किया जा रहा है। मोबाईल चिकित्सा वाहन का संचालन केंद्र और राज्य सरकार दोनों के सहयोग से किया जा रहा है। इसकी मॉनिटरिंग पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग करेगा। भोजपुर जिले में गाय और भैस मिलाकर पशुओ की संख्या 20 वीं पशुगणना के अनुसार 5 लाख 36 हजार 329 है। इनमे गाय 2 लाख 69 हजार 329 और बछड़े-बैल- साढ़े 6 हजार 39 हैं। भैंस 2 लाख 54 हजार 276 और पाड़ा-भैंसा 6 हजार 318 हैं। जिले में आरा में एक पशु चिकित्सालय के अलावे 27 प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय है। जबकि जिले में डॉक्टरों की संख्या मात्र 24 है। कई पशु चिकित्सालय में डॉक्टर नहीं हैं। अब मोबाइल वाहन आने से जिले में अतिरिक्त डॉक्टरों के संख्या भी बढ़ेगी। गांव पर ही पशु धन का इलाज भी सम्भव हो सकेगा। वायरस से बचाव में सहायक होगा मोबाइल चिकित्सा वाहन मोबाइल चिकित्सा वाहन का टॉल फ्री नंबर 1962 जारी किया गया है। यह टॉल फ्री नंबर पर पशुओं के चिकत्सा कार्य में सहायक होगा। पशु चिकित्सा वाहन से पशुओं को विभिन्न रोगों के बचाव के लिए टीकाकरण योजना व क्रियान्वयन में भी मदद मिलेगी। समय पर टीकाकरण कार्य पूरा करने में यह काफी सहयोगी होगा। यह वाहन पशुओं का टीकारण सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में सहायक भी होगी। इसमें माइक्रोस्कोप सहित पशुओं के इलाज के लिए जरूरी सभी उपकरण भी मौजूद रहेंगे।

### किसानों के लिए प्राकृतिक खेती है लाभप्रद



**आरा।** कृषि विज्ञानं केंद्र लगातार जिले में कृषि को बढ़ावा देने और पैदावार की गुणवत्ता में बृद्धि के लिए प्रशिक्षण शिविर लगा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र एवं क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र भुवनेश्वर द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती आधारित प्रशिक्षण शिविर कृषि विज्ञानं केंद्र में लगाया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक सह कृषि विज्ञानं केंद्र के प्रमुख डॉ प्रवीण कुमार द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में भूमि की उर्वरा शक्ति शक्ति बढ़ाने, कृषि की पैदावार की गुणवत्ता में वृद्धि तथा उन्नत पैदावार के आधार पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राकृतिक खेती के लाभ, तकनीकी और कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया जा रहा है। आज देश में असंतुलित उर्वरक प्रयोग के कारण भोजन की गुणवत्ता में बहुत ज्यादा कमी आई है, जिसके कारण विशेष तौर पर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष विपरीत प्रभाव देखने को मिल रहा है। यह किसी भी स्वस्थ राष्ट्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। आज के समय में मिट्टी के साथ ही मनुष्यों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती एक बहुत ही बेहतरीन विकल्प के रूप में सामने आई है, इसमें उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रयोग करते हुए बाजार पर अपने निर्भरता कम की जाती हैऔर गुणवत्ता युक्त भोजन का उत्पादन किया जाता है। क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र भुवनेश्वर के तकनीकी विशेषज्ञ धनेश कुमार शर्मा ने कहा कि जैविक खेती आज समय की मांग है, इसमें स्थानीय उपलब्ध संसाधन जैसे गाय का गोबर गोमूत्र बेसन व गुड़ का प्रयोग कर जीवामृत बनाया जाता है। जिसका बार-बार प्रयोग करके हम उर्वरकों की बहुत बड़े प्रयोग से बच सकते हैं।

# हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार 70 किलो गांजा बरामद

## भोजपुर पुलिस को मिली दो बड़ी सफलता, प्रेसवार्ता कर दी जानकारी, अन्य के खिलाफ प्राथमिकी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज, गांगी चौराहा के पास छापेमारी कर 82 पुड़िया हेरोइन के साथ पटना जिले की एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस मामले मे एनडीपीएस एक्ट के तहत गुड्डू पासवान समेत दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपित महिला गीता देवी, पटना बुद्धा कालोनी थाना के चिना कोठी, अनुसूचित जाति टोला निवासी राज कुमार मल्लाह की पत्नी हैं। मामले को लेकर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस ने तत्काल में एक टीम का गठन करके छापेमारी शुरू की।

**82 पुड़िया हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तारः** सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गौसगंज, गांगी क्षेत्र में हेरोइन की खरीद-बिक्री हो रही है। एक महिला हेरोइन लेकर पटना जाने की तैयारी में है। सूचना मिलने के बाद एसपी प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में तत्काल एक टीम का गठन किया गया। टीम ने गौसगंज चौराहा के पास छापेमारी कर गीता देवी नाम की महिला तस्कर को 82 पुड़िया हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान महिला का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया। पूछताछ में गुड्डू पासवान से हेरोइन खरीदे जाने की बात सामने आई है। जब्त हेरोइन का वजन 52.50 ग्राम है। मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पहले भी गौसगंज-गांगी क्षेत्र में छापेमारी कर हेरोइन की बरामदगी की गई थी।

**घर में छुपाकर रखा 70 किलो गांजा बरामदः** नवादा थाना क्षेत्र के कृष्णानगर मोहल्ला स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर व्यापक पैमाने पर गांजा तस्करी किए जाने के मामले का खुलासा किया है। छापेमारी के दौरान घर में छुपाकर रखा गया करीब 70 किलो गांजा बरामद किया गया लेकिन तस्कर भाग निकलने में सफल हो गए। पुलिस ने कृष्णानगर मोहल्ला निवासी मनीष राय एवं उसके भाई सुधीर राय के खिलाफ नामजद प्राथमिकी की है। दोनों तस्करों की तलाश जारी है। मामले को लेकर सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कृष्णानगर निवासी मनीष राय के घर में गांजा की खेप छुपाकर रखा गया है। छापेमारी के लिए गठित टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संबंधित घर में छापेमारी की। तलाशी लिए जाने पर गांजा का 10 छोटा व बड़ा पैकेट बरामद किया गया। गांजा का कुल वजन 70 किलोग्राम बताया जा रहा है। नवादा थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित आरोपित सुधीर राय मूल रूप से नारायणपुर थाना क्षेत्र का निवासी है। कृष्णानगर में चार तल्ला मकान है। पुलिस टीम गिरफ्तारी में लगी हुई है। पुलिस तकनीकी सूत्र की मदद से दोनों के बाहरी एवं जिले के अंदर के कनेक्शन के बारे में पता लगा रही है।

# ताइक्वांडो खिलाड़ी सृष्टि राज को मिला खेल सम्मान

निज संवाददाता। बक्सर

♦ बक्सर की बेटी 35वीं बीटीए बिहार चैंपियनशिप 2024 में जीतीं गोल्ड मेडल, प्रशस्ति चिह्न और चेक से सम्मानित

खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित बिहार राज्य खेल सम्मान समारोह-2024 में बक्सर की ताइक्वांडो खिलाड़ी सृष्टि राज को बिहार राज्य खेल सम्मान से सम्मानित किया गया। सृष्टि राज की इस उपलब्धि ने बक्सर जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित समारोह में खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, ओलंपिक पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण समेत कई गणमान्य अतिथियों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों को प्रशस्ति चिह्न एवं चेक प्रदान किए।

**सृष्टि की कड़ी मेहनत का परिणामः** बक्सर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव संजय कुमार सिंह, और ताइक्वांडो कोच शैलेश सिंह ने भी इस सम्मान पर खुशी जताई और सृष्टि की मेहनत को सराहा। सृष्टि के माता-पिता और संघ के अन्य सदस्यों ने भी उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उसकी इस उपलब्धि को उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम बताया जा रहा है।

**नेशनल लेवल के लिए चयनितः** बता दें कि बेगुसराय में 21 और 22 जुलाई को 35वीं बीटीए बिहार चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया था। भाग लेने के लिए बक्सर से भी छात्रों को टीम पहुंची हुई थी। प्रतियोगिता में बक्सर टीम के प्रतिभागियों में सृष्टि राज, अमन सिंह, सचिन सिंह, तनिष्का, अमन कुमार सिंह ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में सृष्टि राज ने एक बार फिर से अपने जिले का नाम रोशन किया। 35वीं बीटीए ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उन्होंने अंडर-19 केटेगरी के 59 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।

# करंट लगने से किसान की मौत, खेत की तरफ जा रहे थे

## रास्ते में ट्रांसफार्मर से टूटकर गिरा था बिजली का तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के धोबहां थाना क्षेत्र के इजरी पिपरा गांव में रविवार की सुबह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से शौच करने जा रहे युवा किसान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक धोबहा थाना क्षेत्र के इचरी पिपरा गांव निवासी धनराज सिंह का 40 वर्षीय पुत्र राजेश सिंह है। पेशे से किसान था। मृतक के भतीजे आनंद सिंह ने कहा कि रविवार की सुबह वह शौच करने के लिए बधार की ओर जा रहे थे। रास्ते में ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिससे तार टूटकर पहले से नीचे गिरा था। जिसके चपेट में आकर वे झुलस गए। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**शव लेकर गांव चले गए परिजनः** परिजन उनके शव को वापस गांव ले गए। परिजनों ने इसकी सूचना धोबहा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व तीन बहन में छोटे थे। उनके परिवार में मां धनिका देवी, पत्नी रेखा देवी और तीन पुत्र अंशु ,निखिल और अविनाश है।

# बांस से लटका मिला मजदूर का शव, 24 घंटे पहले बालू घाट पर काम करने निकले थे

निज संवाददाता। आरा

♦ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में घर से निकले एक मजदूर का शव बांस से लटका हुआ बरामद हुआ है। उनका शव जगदीशपुर थाना क्षेत्र के लाल बिहारी सिंह के टोला स्थित सड़क किनारे से रविवार की सुबह बरामद हुआ। परिजन ने हत्या कर शव को बांस से लटकाने की आशंका जताई है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मामले की छानबीन में जुट गई है।

**शनिवार सुबह घर से निकले थेः** मृतक तीयर थाना क्षेत्र के अंगरूआ गांव वार्ड नंबर-12 निवासी स्व. नंद किशोर सिंह के 45 वर्षीय पुत्र सुभाष चंद्र सिंह है। वह पेशे से मजदूर थे और बालू घाट पर मजदूरी किया करते थे। इधर, मृतक के छोटे भाई पूर्णवासी सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 7 बजे घर से निकले थे और घर वापस नहीं लौटे। रविवार की सुबह एक व्यक्ति चारा लाने के लिए जा रहे थे। तभी उसने उन्हें सड़क किनारे बांस के कमरे से लटका देखा। जिसके बाद उसने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर उनके परिजन औऱ स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को नीचे उतारा।

**उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिएः** पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजवाया। दूसरी ओर मृतक के छोटे भाई पूर्णवासी सिंह ने बताया कि 2018 और 2019 में गली-नाली के विवाद को लेकर पड़ोसी से ही झगड़ा हुआ था। हालांकि विवाद खत्म हो गया था। उन्हीं लोगों से मामूली दुश्मनी चल रही है। भाई की मारपीट कर हत्या कर उनके बांस के खंभे से लटकने की आशंका जताई है। जगदीशपुर विधानसभा के पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा कि जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत अंगरुआ गांव के सुभाष यादव का बौलीपुर गांव के समीप शव लटका हुआ बरामद हुआ है। पीड़ित परिवार का कहना है कि हत्या कर शव को टांगा गया है। घटना क्यूं हुआ? वारदात को अंजाम किसने दिया? इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। दोषी को पकड़ा कर स्पीडी ट्रायल चला कर सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाए।

**पत्नी की मौत पहले हो चुकी थीः** बताया जाता है कि मृतक की शादी 2009 में हुई थी, लेकिन प्रसव के दौरान उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। इसके बाद वह अपने भाई और भतीजे के साथ ही रहते थे। वह बालू घाट पर मजदूरी का काम करता था। मृतक अपने तीन भाई और तीन बहन में दूसरे स्थान पर थे। परिवार में दो भाई दुरेन्ध्र सिंह, पूर्णमासी सिंह व दो बहन सिरातो देवी व मंजू देवी है।

# 5.71 करोड़ रुपए की लागत से उत्पाद न्यायालय भवन निर्माण, व्यवहार न्यायालय बन रहा तीन मंजिला बिल्डिंग

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के व्यवहार न्यायालय परिसर में उत्पाद न्यायालय का नया भवन निर्माणाधीन है। भवन निर्माण दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। यह भवन शराबबंदी कानून लागू होने के बाद बढ़े हुए मामलों के बोझ को कम करने में मदद करेगा। इस भवन को 5 करोड़ 71 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। निर्माण हो रहे इस तीन मंजिले भवन का निर्माण जिले के केसठ प्रखंड के मेसर्स आदित्य कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है।

**दिसंबर तक भवन बनकर तैयारः** साइट मैनेजर ने बताया कि निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है, लेकिन कार्य शुरू होने में विलंब होने की वजह से कार्य समाप्ति की तिथि 7 अक्टूबर 2024 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक हो गई है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद इसमें विद्युतीकरण, फायर प्रूफ सिस्टम आदि को भी दुरुस्त किया जाएगा। भवन के निर्माण के लिए सरकार ने पर्याप्त धन मुहैया कराया है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**बंदियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने में होगी सहूलियतः** उत्पाद विभाग के अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह बताते हैं कि यह भवन बन जाने से उत्पाद अधिनियम के तहत पकड़े गए बंदियों तथा जब्त शराब आदि को न्यायालय में प्रस्तुत करने तथा सुनवाई में भी काफी सहूलियत होगी। बंदियों की संख्या ज्यादा होने पर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत करने में काफी दिक्कत होती है। नया भवन बन जाने से न्यायालय की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और मामलों का निपटारा तेजी से हो सकेगा। इसके अलावा भवन में जनोपयोगी सेवाओं यथा - पेयजल, शौचालय, आदि के साथ ही आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किया जाएगा। व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता राघव कुमार पांडे ने बताया उम्मीद है कि नए भवन बन जाने से उत्पाद अधिनियम से जुड़े मामलों की सुनवाई और न्याय व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# बक्सर में डीएम जनता दरबार में 60 अधिक मामले

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के राजपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में राजस्व, बिजली व सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन से संबंधित लगभग 60 से अधिक मामले आए। डीएम अंशुल अग्रवाल ने सभी लोगों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें एक सप्ताह के अंदर समाधान करने का आश्वासन भी दिया। समस्याओं का खुद निरीक्षण करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को लिखित निर्देश दिया गया। मौके पर जिले के वरीय पदाधिकारी तथा प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। जनता दरबार के दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल ने राजस्व से संबंधित समस्याओं व भूमि सर्वे को लेकर कहा कि सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी तथा कानूनगो हर प्रखंड में हैं। आप उनसे संपर्क कर सकते हैं। बिहार सरकार का यह अच्छा कदम है। किसी भी प्रकार के धोखे में कोई नहीं आए। आगे कहा कि प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय में लोगों को पहुंचने में समय लगता है। जिसको लेकर आज प्रखंड मुख्यालय राजपुर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आज जितने भी प्रतिवादी आए थे उन सबका आवेदन लिया गया है। सभी को आश्वाशन दिया गया कि आपके आवदेन पर एक सप्ताह के अंदर अपडेट मिल जाएगा। बता दें कि जनता दरबार 11 बजे दिन से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला। ग्रामीणों के द्वारा अपनी समस्या संबंधित एक एक आवेदन दिया गया।

# प्लांट निर्माण कार्य शुरू, निवेश को मिला बढ़ावा, एथनॉल प्लांट में 500 लोगों को रोजगार

निज संवाददाता। बक्सर

बिहार के बक्सर जिले को जब से मल्टी सेक्टर स्पेशल इकोनॉमिक जोन की मंजूरी मिली है। जिले में निवेशकों को संख्या बढ़ गई है। बक्सर जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नावानगर में कई मल्टी नेशनल कम्पनी द्वारा निवेश किया जा रहा है। जिले के लिए रोजगार के क्षेत्र में एक क्रांति से कम नहीं है। भारत पल्स एथनॉल प्लांट,कोकाकोला बॉटलिंग प्लांट के लिए निवेश के बाद ,अब बियाडा ने वरुण बेबरेज कम्पनी को नवानगर में 65 एकड़ भूमि प्रदान किया है। जिसपर 600 करोड़ की निवेश से पेप्सिको बॉटलिंग प्लांट का निर्माण तेजी किया जा रहा है। एथनॉल प्लांट का निर्माण कार्य पूरा होते ही प्रतिदिन एक लाख लीटर एथनॉल का उत्पादन शुरू हो गया है। इस निर्माण से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कुल पांच सौ लोगों को रोजगार मिला है। बक्सर के आद्यौगिक क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है।

**500 से अधिक लोगों को रोजगारः** बियाडा की भूमि पर लगने वाली पहली कम्पनी भारत प्लस एथनॉल लिमिटेड है। जो 20 एकड़ में फैली है। इस कंपनी में प्रतिदिन 1 लाख 20 हजार लीटर एथनॉल का उत्पादन का लक्ष्य है। भारत प्लस 200 करोड़ की लागत से बनने वाली बियाडा की भूमि पर पहली कम्पनी है। जहां इस कम्पनी में लगभग 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है।कम्पनी के जीएम अजीत साही द्वारा बताया गया की फिलहाल प्लांट में कुल दो सौ लोग काम कर रहे है। इन दो सौ लोगो को मार्केटिंग के साथ रहने के लिए नावानगर के स्थानीय लोगो का फ्लैट किराए पर लिया गया है।प्लांट कें खुलने के साथ ही एक छोटे से प्रखंड में कई रेस्टुरेंट खुल गए।जिससे यह कहा जा सकता है की फिल्हाल इस प्लांट के कारण



मक्के की खेती वाले किसानों को फायदा

प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कुल पांच सौ लोगो को रोजगार मिला है।आगे इस प्लांट को क्षमता और बढ़ाया जायेगा।जिससे और रोजगार सृजन को संभवान है।

**मक्के के खेती करने वाले किसानों को फायदाः** एथेनॉल निर्माण होने से बिहार के मक्का उत्पादन वाले किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी बढ़ोतरी भी हो रही है। सीएमडी अजय कुमार सिंह ने बताया कि आज से एक वर्ष पूर्व मक्का का कीमत किसानों को 12-15 रुपया प्रति किलो मिलती थी। आज की टाइम में मक्के की कीमत में काफी बढ़ोतरी हुई है। एथनॉल प्लांट में पहुंचाकर मक्का 22-24 रुपया प्रति किलो मिल रहा है। भारत प्लस एथनॉल प्राइवेट लिमिटेड प्लांट में 1 करोड़ लीटर एथेनॉल बनाने का लक्ष्य 2024 अगस्त में पूरा किया है। सीएमडी ने बताया कि भोजपुर जिले के मक्का किसान नीरज सिंह इस बार मक्का का खेती 20 एकड़ किया है।

**600 करोड़ की लागत से पेप्सिको बॉटलिंग प्लांट का निर्माणः** बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बियाडा) के द्वारा वरुण बेबरेज पेप्सिको कम्पनी को 65 एकड़ भूमि दिया गया है। प्लांट के लिए कुल 600 करोड़ रुपया का निवेश किया गया है। प्लांट का कंट्रकशन का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य को देख रहे एचआर नवीन कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बॉटलिंग प्लांट निर्माण का कार्य 30प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। कार्य पूरा होने का लक्ष्य जनवरी 2025 है। प्लांट के निर्माण के बाद यहां पर पेप्सी से संबंधित मिरांडा, मोटेण्ड्यू, सेवनअप सहित अन्य पेय पदार्थ तैयार कर पैक करने के बाद मार्केट में भेजे जाएगा। 15 सौ लोगों को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है।

**1235 करोड़ के निवेश से कोका कोला बॉटलिंग प्लांट निर्माणः** बक्सर मे कोका कोला बॉटलिंग प्लांट के लिए मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड 1235 करोड़ का निवेश कर रहा है। जिसकी क्षमता 3.24 लाख सीएस प्रतिदिन होगी। कोका कोला प्लांट का निर्माण कार्य फिलहाल शुरू नहीं हुआ है। भूमि पूजन के बाद इसका भी निर्माण कार्य बक्सर की धरती पर शुरू कर दिया गया है। जो रोजगार के क्षेत्र में एक क्रांति साबित होने वाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल कोर्ट के CJM के साथ थानाध्यक्षों की बैठक, नए कानून के अनुपालन के लिए दिए-निर्देश

**भागलपुर।** भागलपुर में सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रकाश कुमार रॉय और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमारी ज्योतिस्ना के साथ थानाध्यक्ष की शनिवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। जहां नए कानून के प्रावधानों को अनुपालन कराने और आगामी 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में रिमांड, इन्ज्योरी रिपोर्ट और उनके दाखिल होने में देरी तलाशी, जब्ती सूची तैयार करने , वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी सहित कई न्यायिक मुद्दों पर नए कानून अनुपालन कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। ताकि सुचारु रूप से न्यायिक कार्यों का संपादन किया जा सके। ये जानकारी भागलपुर सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रकाश कुमार रॉय और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमारी ज्योतिस्ना द्वारा दी गई। वहीं, प्राधिकार के सचिव कुमारी ज्योतिस्ना ने कहा कि नए कानून का अनुपालन और जानकारी के लिए जहां जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है वहीं, आगामी 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रचार प्रसार और पक्षकारों को निर्गत नोटिस का तामिला कराने का भी निर्देश दिया गया है। ताकि छोटे-छोटे मामले सहजता के साथ निष्पादन किया जा सके।

### धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश पूजा, 20 फिट की प्रतिमा बना आकर्षण का केंद्र

**मुंगेर।** मुंगेर में शनिवार को विभिन्न जगहों पर गणेश पूजा का आयोजन किया गया। जिसे लेकर जगह-जगह पर प्रतिमा स्थापित की गई है। गणेश पूजा को लेकर जिला मुख्यालय में कई जगहों पर आकर्षक पंडाल के अलावा मंदिर को रंगीन बल्बों से सजाया गया है। जबकि शहर में जो गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसमें बेकापुर, मोगल बाजार और माधोपुर में कई जगहों पर 20 से 22 फीट ऊंची गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बेकापुर मनकेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पास लगभग 18 फीट, मोगल बाजार में 20 फीट और माधोपुर में लगभग 19 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा बनायी गयी है। इस आकर्षक प्रतिमा को देखने को लेकर लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा शहर में शादीपुर तिलक मैदान, गढ़ैया मार्केट, शादीपुर, गुलजार पोखर, अंबे चौक, पूरबसराय सहित अन्य जगहों पर प्रतिमा स्थापित की गई। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र में मुंगेर सदर, जमालपुर, बरियारपुर, धरहरा, हवेली खड़गपुर, टेटिया बंबर, तारापुर, असरगंज, संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर गणेश प्रतिमा को स्थापित की गई है। पूजा के पहले दिन कई जगहों पर भक्ति जागरण के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न मंदिरों में एक ओर जहां महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखा रहे थे। इधर गणेश पूजा के अवसर तीन दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम किए गए है। भगवान के भोग में हलवा, खिचड़ी का प्रसाद लगाया गया। वहीं इसके बाद महाआरती का भी आयोजन किया गया। गणेश पूजा को लेकर जिला में एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर सभी जगहों पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। शहरी क्षेत्र में संवेदनशील जगहों पर पुलिस और दंडाधिकारी को लगाया गया है। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौक चौराहा भी पुलिस जवानों को सुरक्षा में लगाया गया है। इसके अलावा जहां-जहां प्रतिमा स्थापित हुई है, वैसे जगहों पर बाइक सवार पुलिस के द्वारा गश्ती किया जा रहा है।

### 96 पंचायतों में 31% ही सोलर लाइट लगी, जिले में अब नई एजेंसी को काम

**मुंगेर।** दुर्गा पूजा में इस बार भी गांव की गालियां और चौराहे जगमग नहीं हो पाएंगे। जिले के विभिन्न पंचायतों में लगने वाली सोलर लाइट का काम अब तक मात्र 31% ही हो पाया है। कुछ पंचायत में ही शत-प्रतिशत लाइट लगा दी गई है, लेकिन अधिकतर पंचायतों में काम अधूरा है। पंचायतों में सोलर लाइट लगाने की योजना 2022 में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना शुरू हुई थी। सरकार ने इस योजना के तहत जिले के 96 पंचायतों के कुल 1,283 वार्डों में 10-10 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना बनायी थी। सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए सरकार ने ब्रेडा कंपनी का चयन किया है। पहले इसने छोटी-छोटी एजेंसी को काम दे दिया था। वह इसे पूरा नहीं कर पाई। इसलिए अब जिले में सोलर स्ट्रीट लाइट कार्य के लिए नई एजेंसियों को काम दिया जा रहा है। जिले में मेसर्स सावित्री एजेंसी व जीआईई लिमिटेड एजेंसी को काम दिया गया है। एजेंसी को 5 साल तक सोलर लाइट का मेंटनेंस भी करना है। जिले में 10,410 सोलर लाइट लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 3,236 ही लगी है। इस योजना में सोलर स्ट्रीट लाइट की राशि का 75% हिस्सा पंचायत के 15वीं वित्त की योजना व शेष 25% राशि षष्टम वित्त की योजना से भुगतान होनी है। सरकार ने जिले के प्रत्येक वार्डों में 31 मार्च 2024 तक कंपलीट करने का लक्ष्य दिया था। लेकिन कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए अब जून 2025 तक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

### पाटम के अरहर व तिलबुलिया मक्का को देश-विदेश में दिलाएंगे पहचान

**मुंगेर।** जिले के जमालपुर प्रखंड के पाटम का अरहर दाल व तिलबुलिया मक्का को अब ब्रांडिंग करने की कृषि विभाग की योजना है। कृषि पदाधिकारी ने पाट की अरहर व चिलबिलिया मक्का को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को पाट अरहर उत्पादक समिति का गठन को लेकर किसानों के साथ बैठक की गई। बैठक में अरहर व चिलबिलिया मक्का को भौगौलिक सूचकांक टैग प्राप्त करने के लिए चर्चा की गई। पाटम अरहर को ब्रांडिंग करके देश-विदेश में पहचान दिलाने व इसके मूल्य संवर्धन किसानों के बीच चर्चा की गई। इसके अलावा मुंगेर क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति कैसे सुधरे इस पर भी विचार-विमर्श किसानों के साथ किया गया। कृषि विभाग के उप परियोजना निदेशक रणधीर कुमार ने पाटम की अरहर व तिलबुलिया मक्का को देश-विदेश में पहचान मिले, इसके लिए किसानों क्या करना होगा और किस प्रक्रिया के तहत उसे इसका लाभ मिलेगा, इसकी पूरी जानकारी दी। बैठक में कृषि वरीय वैज्ञानिक डॉ. एस. एस मंडल व डॉ. रागिनी के अलावा दर्जनों किसान मौजूद थे।

# 128 करोड़ की लागत से बना IIIT, हीरेनुमा लाइब्रेरी और कम्प्यूटर सेंटर के अलावा कई भवनों का निर्माण

निज संवाददाता। भागलपुर

## 1200 छात्र कर रहे पढ़ाई

भागलपुर सबौर में 128 करोड़ की लागत से बने ट्रिपल आईटी (IIIT) संस्थान में देश के अलग-अलग राज्यों से स्टूडेंट्स उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए बड़े-बड़े महानगरों से स्टूडेंट्स भागलपुर पहुंच रहे हैं। साल 2017 में स्थापित हुए इस ट्रिपल आईटी के पास अपना भवन नहीं था। संस्थान इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन में संचालित था। केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार के स्टूडेंट्स को 128 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक भवनों का निर्माण करवाकर लोगों को तोहफा दिया है।

**डायमंड शेप में बना लाइब्रेरी और कंप्यूटर सेंटरः** इन भवनों में सबसे खूबसूरत भवन हीरा नुमा यानि कि डायमंड शेप में भवन है, जिसे 50 करोड़ खर्च कर बनाया गया है। भवन को हीरे के आकार का बनाया गया है, जो 5 मंजिला है। भवन के बाहरी हिस्से को शीशे से बनाया गया है। गगनचुंबी भवन IIIT की भव्यता और सौंदर्यता को दर्शा रहा है। इस भवन में लाइब्रेरी और कम्प्यूटर सेंटर है। इसके अलावा यहां एकेडमी ब्लॉक, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, गर्ल्स हॉस्टल, बॉयज हॉस्टल, फैकल्टी रेसिडेंस बनाये गए हैं। यह क्षेत्र पूरी तरह से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र था लेकिन भवन को ऊंचा बनाया गया है। इसके निर्माण से इस वर्ष यहां का पठन-पाठन बन्द नहीं हुआ। स्टूडेंट्स को परेशानियों का भी सामना नहीं करना पड़ा। आकर्षक भवनों में बेहतरीन सुविधाओं के बीच छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में मन लग रहा है। जिस संस्थान में हर साल बाढ़ से पठन पाठन बन्द करना पड़ता था वहां अब सुरक्षित तरीके से पढ़ाई की जा रही है।

**1200 स्टूडेंट्स कर रहे पढ़ाईः** ट्रिपल आईटी भागलपुर में जब शिक्षण कार्य शुरू हुआ था तब कुल 127 छात्र छात्राएं ही थे लेकिन अब 1200 छात्र छात्राएं पढाई कर रहे हैं। बिहार, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा तमिलनाडु, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों के छात्र छात्राएं पढाई कर रहे हैं। छात्र छात्रएं बताते हैं कि पहले छोटा बिल्डिंग था परेशानी होती थी लेकिन अब अच्छे से पढ़ाई कर पा रहे हैं पढ़ने में मन लग रहा है लिहाजा हम लोग प्लेसमेंट में ज्यादा पैकेज पा सकेंगे उसपर मेहनत करेंगे। पहले बाढ़ से परेशनी होती थी लेकिन भवन बनने के बाद ऐसी कोई परेशानी अब नहीं हो रही है पढाई का माहौल भी बेहतर है।

**पासआउट बैच के सभी स्टूडेंट्स का बड़ी कंपनियों में प्लेसमेंटः** ट्रिपल आईटी का भवन बनने के बाद छात्र छात्राओं की परेशानी तो कम हुई ही इसके साथ साथ फैकल्टी की भी परेशानी कम हुई है। प्रोफेसर सह पीआरओ धीरज कुमार ने बताया कि हर साल बाढ़ की समस्या झेलना पड़ता था। इस दौरान 20 दिनों तक संस्थान बंद करना पड़ता था। भवन काफी छोटा था, जिसकी वजह से सुबह 8 बजे से शाम के 6 बजे तक क्लास चलाया जाता था। नए भवन में सुविधाएं बढ़ गई है और हर तरह के संसाधन इन्फ्रास्ट्रक्चर है। अभी पांचवां बैच चल रहा है। पासआउट हुए चार बैच के सत प्रतिशत स्टूडेंट्स को बड़ी कंपनियों में प्लेसमेंट मिला है।

**MNC स्टूडेंट्स को दे रही लाखों का पैकेजः** बता दें कि भागलपुर में कभी दुनिया के कई हिस्सों के लोग शिक्षा ग्रहण करने विक्रमशिला विश्वविद्यालय पहुंचते थे। अब वह दौर फिर लौटने लगा है। बेहतर सुविधाएं मिलने लगी तो छात्र छात्राओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। मल्टीनेशनल कम्पनियां अप्रोच कर लाखों पैकेज में प्लेसमेंट दे रही है।

## JDU विधायक गोपाल मंडल लगाएंगे जनता दरबार, हर माह के 11 तारीक को लोगों की सुनेंगे समस्याएं

निज संवाददाता। भागलपुर

### दो घंटे तक लगेगा दरबार

गोपालपुर विधानसभा के विधायक गोपाल मंडल अब जनता दरबार लगाएंगे। उन्होंने अपने ऑफिशियल सोशल अकाउंट पर जानकारी शेयर की है। उन्होंने लिखा है कि मैं आपका जन सेवक गोपालपुर विधानसभा से विधायक गोपाल मंडल आपको सूचित करना चाहता हूं कि आयोजित जनता दरबार में भागलपुर जिले के साथ-साथ अन्य जिलों के लोग भी अपनी समस्याओं को लेकर आ सकते हैं। यदि आपको किसी भी प्रकार की समस्या है चाहे वह प्रशासनिक, व्यक्तिगत या कोई पदाधिकारी आपकी बात नहीं सुन रहे तो जनता दरबार में अपनी बात रख सकते हैं। आपकी समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए मैं स्वयं उपस्थित रहूंगा। उन्होंने आगे लिखा है कि यह जनता दरबार हर महीने के 11 तारीख के सुबह 10:00 बजे से 12:00 तक लगाई जाएगी।

**जनता दरबार का पता भी शेयर किया हैः** इसके साथ ही उन्होंने जनता दरबार का पता भी शेयर किया है। इस पोस्ट के बाद विधायक को चाहने वाले लोगों ने शुभकामनाएं दी है। साथी कई लोगों ने अपनी समस्या कमेंट बॉक्स में लिखा है। 11 सितंबर को जनता दरबार में पहुंचने की बात कही है। किसी ने जल की समस्या बताया है तो किसी ने भागलपुर के पुराने मुद्दे हवाई जहाज की समस्या को लेकर जनता दरबार में शामिल होने की बात कही है।

## दो बाइक की टक्कर में एक की हालत नाज़ुक, हादसे के बाद दूसरा चालक मौके से फरार

### घायल को पुलिस की मदद से पहुंचाया गया अस्पताल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को दो बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। होंडा शाइन बाइक पर सवार बबलू कुमार झा खगड़ा से सखुआ की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सकुआ से मुर्गियाचक की तरफ से आ रहे प्लेटिना बाइक पर एक युवक ने सामने से उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे बबलू कुमार झा को गंभीर रूप से चोट लगी। घटना सनहौला थाना क्षेत्र के SH -84 पेट्रोल पंप के समीप की है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना के 15 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर ग्रामीणों के सहयोग से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सनहोला में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे में घायल बबलू कुमार झा का हाथ टूट गया है। जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर छोटी लगी हैं।

**दोनों बाइक को जब्त कर लिया गयाः** बबलू ने बताया की टक्कर के बाद हम सड़क पर गिर गए। मौका देख प्लेटिना बाइक चालक फरार हो गया। इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायल बबलू कुमार झा के परिजनों को चौकीदार की मदद से सूचना भेजवाई। डॉक्टर ने घायल की स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि दोनों बाइक को जब्त कर लिया गया है। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के हवेली खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे शनिवार की देर शाम अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर अमित कुमार के साथ कुछ लोगों ने धक्का मुक्की की गई और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार हवेली खड़गपुर नंदलाल बसु चौक निवासी सुनील बाड़ी की पत्नी शुक्रवार को व्रत की थी। शनिवार को उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। जहां चिकित्सक अमित कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए और डॉक्टर के साथ धक्का-मुक्की करते हुए जमकर हंगामा किया।

**अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौतः** चिकित्सक ने बताया कि उसकी रास्ते मे ही डेथ हो गयी थी। हंगामे के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने इसकी सूचना खड़गपुर थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जानकारी डॉक्टर से ले रही है।

**आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाईः** हवेली खडागपर थानाध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस को अस्पताल भेजा गया और मामले को समझने के साथ ही शांत कराया गया। इस मामले में दोनों पक्ष में से किसी ने आवेदन नहीं दिया है। पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी हुई है।

## भागलपुर से हावड़ा के बीच 15 से चल सकती वंदेभारत

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर से हावड़ा के बीच 15 सितंबर रविवार से वंदेभारत ट्रेन चल सकती है। शनिवार को मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता भागलपुर पहुंचे। वे सुल्तानगंज से निरीक्षण करते हुए शाम 4:10 पर यहां पहुंचे। अचानक मिली सूचना पर डीआरएम और रेल अधिकारियों का अमला शाम 4 बजे पहुंचा। अपने स्पेशल सैलून से प्लेटफार्म-2 पर उतरे डीआरएम सबसे पहले प्लेटफार्म 6 पर गए। बता दें कि 15 सितंबर के संभावित कार्यक्रम के तहत वंदे भारत के लिए स्टेज यहीं बनना है। डीआरएम ने स्टेज तैयार होने वाली जगह (लिफ्ट के पास) का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्टेज को इस तरह से तैयार किया जाए कि वहीं से हरी झंडी दिखाई जा सके। ट्रेन के पहले परिचालन के दिन करीब दो से ढाई हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

डीआरएम ने सीनियर डीएमई एसके तिवारी से वंदे भारत में यात्रियों को यात्रा के दौरान मिलने वाली जानकारी की तैयारी करने के लिए कहा। डीआरएम ने कहा कि ट्रेन में कौन सा स्टेशन आने वाला है, ट्रेन की स्पीड क्या है, यात्रा का कितना समय बचा है? इसके लिए ट्रेन के सिस्टम और सॉफ्टवेयर में सभी तरह की जानकारी फीड की जाए। इस पर सीनियर डीएमई एसके तिवारी ने बताया कि मालदा में पहले इसी तरह की तैयारी अमृत भारत ट्रेन में की गई थी।

## ऑटो और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर, 4 लोग जख्मी, हादसे में 10 मीटर घसीटा गया मोटरसाइकिल सवार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार को ऑटो और मोटरसाइकिल के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई है। हादसे में चार लोग को गंभीर रूप से चोट लगी है । घटना के बाद आपदा मित्र आशीष रंजन ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल की पहचान नारायणपुर कोला निवासी सिकंदर यादव के पत्नी सोनी देवी, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के निवासी धनंजय राजा के पुत्र प्रिंस कुमार और अमरपुर निवासी भैरव पासवान के पुत्र नीरज कुमार एवं पिस्ता पासवान टोला के निवासी कैलाश दास के पुत्र सुमित कुमार शामिल है।

**4 लोग गंभीर रूप से घायलः** घटना बाइपास थाना क्षेत्र के बैजानी चौक के समीप युवराज रेस्टोरेंट के समीप हुआ है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जगदीशपुर के तरफ से यात्री से भरा ऑटो भागलपुर के तरफ जा रहा था। इसी दौरान भागलपुर के तरफ से तेज रफ्तार में जगदीशपुर की तरफ जा रहे मोटरसाइकिल ने अपना आपा खो दिया। ऑटो भी तेज रफ्तार में थी। दोनों ड्राइवर जब तक ब्रेक लेते तब तक आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद मोटरसाइकिल सड़क किनारे जा पहुंचा। ऑटो 10 मीटर तक बीच सड़क से घसीटाकर किनारे जा पहुंचा। घटना में 4 लोग जख़्मी हो गए। लोगों ने समय रहते सभी घायलों को फौरन पुलिस की मदद से उपचार के लिए भेज दिया है। बाकी सभी यात्री को ऑटो से बाहर निकाल लिया था। बताया जा रहा है कि ऑटो पर कुल छह लोग सवार थे। घटना को लेकर थाना अध्यक्ष प्रभात कुमार शर्मा ने बताया कि ऑटो और बाइक को जब्त कर लिया गया है।

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/12 दिनांक-08.09.2024 bceceboard.bihar.gov.in

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2024 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में द्वितीय चक्र सीट आवंटन के पश्चात् उन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अंतर्गत विभिन्न NCVT / SCVT पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध Offline MOP-UP कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार हेतु आवश्यक सूचना

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2024 मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित ITI संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ITICAT-2024 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से विभिन्न NCVT / SCVT पाठ्यक्रमों में हुए सीट आवंटन एवं तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर दिनांक 09.09.2024 को उपलब्ध करा दी जायेंगी। परन्तु रिक्तियों में यदि कोई परिवर्तन होता है तो उसे कॉउन्सेलिंग प्रारम्भ होने के पूर्व पर्षद के website पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

इन सीटों को भरने हेतु Offline Mop-up Counselling दिनांक 21.09.2024 से प्रारम्भ होगा। यह Offline Counselling पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना में आयोजित होगा। उक्त Mop-up कॉउन्सेलिंग में भाग लेने हेतु ITICAT-2024 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों, चाहे वे पूर्व की online कॉउन्सेलिंग के आधार पर नामांकित हों या न हों, से Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु Online Willingness आमन्त्रित किये जाते हैं। Online Willingness दिनांक 10.09.2024 से दिनांक 15.09.2024 तक प्राप्त किये जायेंगे। मेधाक्रम सहित साक्षात्कार कार्यक्रम पर्षद की वेबसाईट पर दिनांक 18.09.2024 को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

2. **Online Willingness Submit** करने एवं कॉउन्सेलिंग से सम्बन्धित पूर्ण विवरणी / प्रक्रिया विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-**2024/11** दिनांक- **08.09.2024** के माध्यम से पर्षद के वेबसाईट **bceceboard.bihar.gov.in** पर उपलब्ध है।

3. अभ्यर्थियों का मेधाक्रम पर्षद के विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी)- 2024/06 दिनांक- 24.06.2024 के माध्यम से पर्षद के उक्त वेबसाईट पर पूर्व में ही उपलब्ध करा दी गयी है। Mop-up कॉउन्सेलिंग में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी पर्षद की वेबसाईट पर जाकर "Willingness for ITICAT-2024 Mop-up Round Offline Counselling" Link पर Click करने के बाद अपना रौल नं. एवं जन्म तिथि डालकर मेधाक्रम प्राप्त करें एवं "Submit Your Willingness" बटन पर Click करें।

परीक्षा नियंत्रक

# संक्षिप्त समाचार

## डेंगू पीड़ित बच्ची की इलाज के दौरान पटना में मौत

**पटना, एजेंसी।** मधुरापुर गांव की डेंगू से पीड़ित बच्ची की मौत इलाज के दौरान पटना में शनिवार की सुबह हो गयी. पप्पू मसाला मिल के संचालक पप्पू साह की पुत्री खुशबू कुमारी (17) पिछले तीन चार दिनों से तेज बुखार से पीड़ित थी. स्थानीय निजी क्लीनिक में दिखाने पर डेंगू बताया गया था. स्थिति में सुधार नहीं होता देख भागलपुर के एक निजी अस्पताल में ले गये. उसकी स्थिति गंभीर हो गयी, तो शुक्रवार की रात आइजीआईएमएस पटना रेफर कर दिया. वहां देर रात पहुंचने पर इलाज नहीं हो पाया. पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गयी. देर शाम बच्ची का अंतिम संस्कार बलाहा गंगाघाट पर किया गया. ग्रामीण शुभम भारती ने बताया कि बच्ची कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुरापुर में 12वीं की छात्रा थी. प्रखंड क्षेत्र में जलजमाव से डेंगू व डायरिया समेत अन्य जलजनित बीमारी से लोग परेशान हैं. आम लोग सहित सरकारी विभाग के कर्मी डेंगू की चपेट में आ गये हैं. क्षेत्र में प्रायः सभी जगहों पर डेंगू के मरीज मिल रहे हैं. बकरी के दूध की मांग बढ़ गयी है. लोग स्वास्थ्य विभाग से फॉगिंग कराने की मांग कर रहे हैं. रेलवे स्टेशन पर शनिवार की सुबह विदेशी शराब भारी मात्रा में आरपीएफ पुलिस ने बरामद की. तस्कर भागने में सफल रहा. आरपीएफ ने बताया कि हावड़ा-गया जाने के बाद प्लेटफार्म दो पर थैला व बैग लावारिस अवस्था में रखा देख पुलिस ने छानबीन की, तो कोई यात्री अपना नहीं बताया. थैला की जब जांच पड़ताल की गयी, तो विदेशी शराब की 38 बोतल बरामद की गयी. नौ बोतल आरएस 750 एमएल, 21 बोतल 375 एमएल व आठ बोतल मैजिक मूवमेंट इंग्लिश शराब बरामद की गयी है. सभी को उत्पाद विभाग को सौंपा गया. इस दौरान आरपीएफ पोस्ट के उप निरीक्षक पीयूष कुमार, एएसआई अजय कुमार, जवान एमके शर्मा मौजूद थे.

## पटना में महिला का शव बरामद :गले, सिर और कनपट्टी पर जख्म के हैं निशाना

**पटना, एजेंसी।** पटना के अथमलगोला में महिला अनीता देवी (35) का शव बरामद हुआ है। पूरा मामला नीरपुर गांव का है। शव, अनीता के मायके के पास ही गली में पड़ा मिला। अनीता के गले, सिर और कनपट्टी पर धारदार हथियार से हमले के निशान हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया। परिजनों ने बताया कि महिला का ससुराल मसौढ़ी में है, फिलहाल वह अपने मायके में रह रही थी। कल दोपहर 11:00 बजे महिला गहना छुडाने की बात कहकर फतुहा गई थी। इसके बाद देर होने पर मायके वालों ने कॉल किया तो मोबाइल फोन बंद बता रहा था। परिजनों के द्वारा महिला को फतुहा बाजार और आसपास के विभिन्न इलाकों में ढूंढा गया, लेकिन वह नहीं बोली। सुबह में जब ग्रामीण टहलने घर से निकले तो महिला का शव गली में पड़ा था। इसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। अथमलगोला थाने के स्ढ्ढ सुबोध कुमार ने बताया कि धारदार हथियार से गला, सिर और कनपट्टी पर वार किया गया है। पुलिस के द्वारा छानबीन की जा रही है। हत्या की आशंका परिजनों ने किसी पर भी जाहिर नहीं की है। पोस्टमार्टम के बाद ही घटना की वजह का पता चलेगा है।

## बुजुर्ग ने 7 साल की मासूम के साथ किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद में एक 60 साल के बुजुर्ग ने 7 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना टेहटा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि पीड़िता शनिवार की शाम घर के पास खेल रही थी। तभी उसके पड़ोसी नेरेश महतो ने उसे गोद में उठा लिया और सुनसान इलाके में ले जाकर घटना को अंजाम दिया। वहीं दरवाजे पर बच्ची को नहीं देख उसकी मां ने खोजबीन शुरू की। जिसके बाद बच्ची रोती बिखलती उसके घर पहुंची और घटना के बारे में अपनी मां को बताया। मां ने घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दिया। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं नाबालिग बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मेडिकल जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा।

# धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश पूजा:मुंगेर में 20 फिट की प्रतिमा बना आकर्षण का केंद्र

### दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को जुटी भीड़

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में शनिवार को विभिन्न जगहों पर गणेश पूजा का आयोजन किया गया। जिसे लेकर जगह-जगह पर प्रतिमा स्थापित की गई है। गणेश पूजा को लेकर जिला मुख्यालय में कई जगहों पर आकर्षक पंडाल के अलावा मंदिर को रंगीन बल्बों से सजाया गया है।जबकि शहर में जो गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसमें बेकापुर, मोगल बाजार और माधोपुर में कई जगहों पर 20 से 22 फीट ऊंची गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### श्रद्धालुओं की जुटी भीड़

बेकापुर मनकेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पास लगभग 18 फीट, मोगल बाजार में 20 फीट और माधोपुर में लगभग 19 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा बनायी गयी है। इस आकर्षक प्रतिमा को देखने को लेकर लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा शहर में शादीपुर तिलक मैदान, गढ़ैया मार्केट, शादीपुर, गुलजार पोखर, अंबे चौक, पूरबसराय सहित अन्य जगहों पर प्रतिमा स्थापित की गई। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र में मुंगेर सदर, जमालपुर, बरियारपुर, धरहरा, हवेली खड़गपुर, टेटिया बंबर, तारापुर, असरगंज, संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर गणेश प्रतिमा को स्थापित की गई है। पूजा के पहले दिन कई जगहों पर भक्ति जागरण के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न मंदिरों में एक ओर जहां महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखा रहे थे। इधर गणेश पूजा के अवसर तीन दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम किए गए है।

### सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

भगवान के भोग में हलवा, खिचड़ी का प्रसाद लगाया गया। वहीं इसके बाद महाआरती का भी आयोजन किया गया। गणेश पूजा को लेकर जिला में एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर सभी जगहों पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। शहरी क्षेत्र में संवेदनशील जगहों पर पुलिस और दंडाधिकारी को लगाया गया है। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौक चौराहा भी पुलिस जवानों को सुरक्षा में लगाया गया है। इसके अलावा जहां-जहां प्रतिमा स्थापित हुई है, वैसे जगहों पर बाइक सवार पुलिस के द्वारा गश्ती किया जा रहा है।

## शिविर में ट्राई साइकिल की होगी मरम्मत: नालंदा में दिव्यांगों को मिलेगा फायदा

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिला प्रशासन ने छत्र योजना (सम्बल) के तहत वितरित बैटरी चालित तिपहिया साइकिलों की मरम्मत के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन करने की घोषणा की है। यह कदम दिव्यांगजनों की दैनिक जीवन की चुनौतियों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य खराब बैटरी, चार्जर और अन्य तकनीकी समस्याओं का निःशुल्क समाधान प्रदान करना है। शिविर का आयोजन 11 और 12 सितंबर को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा में किया जाएगा।

### सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर

दोनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर लगेगा। इस दौरान कुमार सर्जिकल भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे, जो वारंटी के तहत सभी आवश्यक मरम्मत और बदलाव का कार्य करेंगे। प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इसका लाभ उठा सकें।

# भीड़ को देखते हुए दुर्गापूजा, दीपावली और छठ को लेकर दिसंबर तक स्पेशल ट्रेनों की बढ़ाई गई परिचालन अवधि

**पटना, एजेंसी।** दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पूजा के लेकर दिसंबर तक स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि बढ़ाई गई है। रेगुलर ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि बढ़ा दी है। पटना, दानापुर, बरौनी आदि स्टेशनों से अहमदाबाद, वलसाड़, राजकोट सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि बढ़ाई गई है। इन ट्रेनों का 31 दिसंबर तक परिचालन किया जाएगा।

**इन ट्रेनों का परिचालन 31 दिसंबर तक किया जाएगा**

- अहमदाबाद–पटना स्पेशल 29 दिसंबर तक प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी।
- पटना–अहमदाबाद स्पेशल 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी।
- अहमदाबाद–दानापुर स्पेशल 30 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी।
- दानापुर–अहमदाबाद स्पेशल 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।
- वलसाड़–दानापुर स्पेशल 30 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलाई जाएगी।
- दानापुर–वलसाड़ स्पेशल 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी।
- साबरमती–पटना स्पेशल 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी।
- पटना–साबरमती स्पेशल 2 जनवरी तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जायेगी।
- डा. अम्बेडकर नगर (इंदौर)–पटना स्पेशल 26 दिसंबर तक प्रत्येक गुरूवार।
- पटना–डा. अम्बेडकर नगर (इंदौर) स्पेशल 27 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार।
- राजकोट –बरौनी स्पेशल 27 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जाएगी।
- बरौनी–राजकोट स्पेशल 29 दिसंबर तक प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी।
- उधना–पटना स्पेशल 27 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जाएगी।
- पटना–उधना स्पेशल 28 दिसंबर तक प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी।

## मुजफ्फरपुर में दो और मिले डेंगू के मरीज संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई 53

### शहरी क्षेत्र में अबतक मिल चुके 8 रोगी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में शनिवार को डेंगू दो नए मरीज मिले हैं। जिले में संक्रमितों की संख्या 53 हो गई है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है। ग्रामीण क्षेत्र में लगातार डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग और दवा का छिड़काव किया जा रहा है। डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ विभाग की टीम सभी आवश्यक तैयारी करने में जुटी हुई है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने सभी जिलों को डेंगू के इलाज के लिए डॉक्टर से लेकर लैब तकनीशियन की ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया है। जिले में अबतक औराई में 2, बोचहां में 3, गायघाट में 3, कांटी में 4, कटरा में 2, कुढ़नी में एक, मोतीपुर में एक, मीनापुर में 8, मुशहरी में 18, मुरौल में एक, पारू में एक, सकरा में एक और शहरी क्षेत्र में 8 मरीज मिल चुके हैं।

**घर के आसपास पानी न लगने दें :** सिविल सर्जन ने बताया की हम लोग डेंगू को लेकर के पूरी तरह से तैयार है और इसको लेकर के विभाग को निर्देश दिए गए हैं। लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान जिले ग्रामीण इलाके में भी किया जा रहा है। इस दौरान कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है। जैसे घर के आसपास या घर के अंदर पानी न जमा होने दें। गमला, कूलर, रखे हुए टायर में पानी भर जाए, तो इसे तुरंत निकाल लें। साफ- सफाई का खास ख्याल रखें। कूलर में अगर पानी है, तो इसमें कैरोसिन तेल डालकर रखें, इससे मच्छर पनपने की संभावना कम हो जाती है। पानी की टंकियों को खुला न छोड़े, अच्छी तरह ढककर रखें। इन दिनों फुल स्लीव और पैरों को ज्यादा से ज्यादा ढकने वाले कपड़े पहनें।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**नवादा, एजेंसी।** नवादा के नगर थाना क्षेत्र के आईटीआई के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना की सूचना के बाद आक्रोशित भीड़ ने एक ट्रक में आग लगा दिया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान गोनव गांव निवासी बिट्टू कुमार(28) के रूप में हुई है। वहीं उसके दोस्त का इलाज चल रहा है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि अपने दोस्त के साथ बाइक से घूमने के लिए निकला था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद लोग आक्रोशित हो गए और ट्रक में आग लगा दिया। सूचना के बाद एसडीओ अखिलेश कुमार, डीएसपी अनोज कुमार और थाना प्रभारी अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास करने लगे। डीएसपी अनोज कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बिहार में सियार का हमला, झुंड में निकल कर ढूंढ रहे शिकार, कई ज़ख़्मी

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कई ज़िलों में लोग भेड़िए के हमलों से दहशत में हैं। वहीं अब बिहार के भी कई ज़िलों से जंगली जानवरों के तांडवों की ख़बर सामने आ रही है। ताज़ा बिहार के मुजफ्फरपुर ज़िले का है, जहां लोग सियार के हमलों से ख़ौफ़ज़दा हैं।

ग्रामीणों की मानें तो 4 से 5 की झुंड में निकलकर सियार शिकार पर निकल रहा है। सदर थाना क्षेत्र (मुजफ्फरपुर) के एक गांव में 12 से ज्यादा लोगों पर सियार ने हमला कर ज़ख्मी कर दिया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है।

ग्रामीणों का कहना है कि हमला के बाद सियार घनी झाड़ियों में घुस जाता है। वन विभाग की टीम सर्च अभियान चला रही है, लेकिन अभी तक कोई कामयाबी नहीं मिली है। 3 जगहों पर पिंजरा लगाने के बाद भी अभी तक एक भी सियार काबू नहीं किया जा सका है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि रात के वक्त घर से बाहर नहीं निकले। अकेले खेतों में काम करने भी नहीं जाएं। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि सियार की दहशत से बच्चे स्कूल जाने से भी डर रे हैं। माधोपुर की दो पंचायतों की करीब दस हजार से ज्यादा की जंगली जानवरों के हमले से दहशत में जी रही है। हसन चक बंगरा गांव (शेरपुर पंचायत, सदर थाना क्षेत्र, मुजफ्फरपुर) में एक दर्जन से ज़्यादा लोगों पर सियार जानलेवा हमला कर चुका है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी सियार की टोली का शिकार हो चुकी है। एक साथ 4 से 5 की तादाद में निकले सियार की टोली लोगों को शिकार बना रही है। ज़्यादातर बच्चों पर हमले हो रहे हैं। जख्मी को स्ग्रस्न्ह॥ में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

### मुंगेर में डॉक्टर के साथ धक्का-मुक्की का भी आरोप, चिकित्सक बोले-अस्पताल आने से पहले गई जान

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के हवेली खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे शनिवार की देर शाम अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर अमित कुमार के साथ कुछ लोगों ने धक्का मुक्की की गई और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार हवेली खड़गपुर नंदलाल बसु चौक निवासी सुनील बाड़ी की पत्नी शुक्रवार को व्रत की थी। शनिवार को उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। जहां चिकित्सक अमित कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए और डॉक्टर के साथ धक्का-मुक्की करते हुए जमकर हंगामा किया।

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

चिकित्सक ने बताया कि उसकी रास्ते मे ही डेथ हो गयी थी। हंगामे के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने इसकी सूचना खड़गपुर थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जानकारी डॉक्टर से ले रही है।

### आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाई

हवेली खडागपर थानाध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस को अस्पताल भेजा गया और मामले को समझने के साथ ही शांत कराया गया। इस मामले में दोनों पक्ष में से किसी ने आवेदन नहीं दिया है। पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी हुई है।

## बिहार का कुख्यात इनामी ऋषिकेश से गिरफ्तार, उसपर 27 मुकदमे दर्ज

**पटना, एजेंसी।** एसटीएफ ने उत्तराखंड के ऋषिकेश से पटना समेत बिहार के कई जिलों व झारखंड के कुख्यात रंजीत चौधरी को गिरफ्तार किया है। उसपर दो लाख का इनाम था। वह भोजपुर के उदवंत नगर थाने के बेउलाउर गांव का रहने वाला है। एसटीएफ ने उसे ऋषिकेश से बीच सड़क से उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वहीं कहीं जा रहा था। उसपर पटना, भोजपुर, बक्सर के अलावा झारखंड के कई थानों में हत्या, गोलीबारी, रंगदारी, आर्म्स एक्ट समेत 27 संगीन मुकदमे दर्ज हैं। ऋषिकेश में चार साल से अपने बच्चों को पढ़ा रहा था। पुलिस उसे चार साल से तलाश रही थी। उसपर दो लाख का इनाम घोषित किया गया था। उसे गिरफ्तार करने के लिए एसटीएफ एक साल से लगी थी। एसटीएफ एक माह से देहरादून और ऋषिकेश में डेरा डाले थी। वह बार-बार ठिकाना बदल रहा था। वह कभी मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता है। पहचान छिपाने के लिए हमेश बाल मुंडवा कर रहता था। चार साल से परिवार और बच्चों को ऋषिकेश में रखे हुए था। ऋषिकेश में ही उसके बच्चे पढ़ते हैं।

**पत्नी एनकाउंटर के डर से सहमी, डाल दिया वीडियो :** गिरफ्तार होने के बाद रंजीत की पत्नी इस बात से सहम गई कि कहीं पुलिस पति का एनकाउंटर न कर दे। इसलिए उसने गिरफ्तार होने को लेकर ऑडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। साथ ही रंजीत का पुराना वीडियो भी डाल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल में झरिया की महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म

**रांची, एजेंसी।** कोर्ट मोड़ स्थित सदर अस्पताल के गायनी विभाग में शनिवार को झरिया निवासी गुड़िया देवी ने तीन नवजात को जन्म दिया. प्रसव पीड़ा शुरू होने पर शुक्रवार को उसके पति पंकज साव ने उसे सदर अस्पताल के गायनी विभाग में भर्ती कराया था. शनिवार को प्रसव पीड़ा तेज होने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया. इससे उन्होंने एक के बाद एक तीन शिशुओं को जन्म दिया. इसमें से दो बच्चा व एक बच्ची है. जन्म के बाद शिशुओं को एनआइसीयू में रखने की जरूरत को देख चिकित्सकों ने तीनों बच्चों को एसएनएमएमसीएच के पीडियाट्रिक विभाग के एनआइसीयू भेज दिया. पीडियाट्रिक विभाग के एचओडी डॉ अविनाश कुमार के अनुसार तीनों नवजात स्वस्थ हैं.

### जावा उठाने के साथ शुरू हुआ नौ दिवसीय करम परब, गलियों में गूंजने लगे करम गीत

**दुग्दा, एजेंसी।** करम पूजा को लेकर चंद्रपुरा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को डलिया यानी बांस से बने टुपलों में जावा उठाने के साथ ही नौ दिन तक चलने वाले करम पर्व की शुरुआत हो गई। इसी के साथ अगले नौ दिन तक अब गांवों की गलियों-चौबारों में करम गीत की गूंज सुनाई देगी। झारखंड के सबसे बड़े पर्वों में एक करम पर्व को लेकर गांवों में उल्लास का माहौल शुरू हो गया है।बता दें कि करम पर्व भाद्रपद के शुक्लपक्ष के एकादशी को मनाया जाता है। यह झारखंड में सरहुल के बाद प्रकृति से जुड़ा दूसरा सबसे बड़ा पर्व है। जिसमें बहनें अपने भाइयों के लिए व्रत रखती हैं और पूजा कर उनकी खुशहाली की कामना करती हैं। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम को दर्शाता है। विशेषकर यह पर्व कुंवारी लड़कियां मनाती हैं। उपवास रखने वाली लड़कियों को करमैती या करमइती कहा जाता है। अलग-अलग जगहों पर सभी करमैती तीन, पांच, सात या फिर नौ दिन का उपवास रख सादा भोजन करती हैं। अनाज के बीज डाले अब अंकुरित होगा जावा नौ दिन के पर्व की शुरुआत शनिवार को हो गई। पर्व की शुरुआत में सबसे पहले करमैती अपने गांव के आस-पास किसी नदी, तालाब या डोभा किनारे से बांस की डलिया में बालू उठाती हैं। फिर बालू में कुरथी, चना, जौ, तिल, मकई, उड़द, सुरगुजा आदि के बीजों को डालिया में डाल दिया जाता है जो एक-दो दिन में छोटे-छोटे पौधों के रूप में अंकुरित होते हैं। जिसे जावा कहा जाता है। इसके लिए 14 सितंबर को उपवास किया जाएगा और सभी युवतियां डालियों को पूजेंगी। फिर 15 सितंबर को करम डाली के साथ सभी अपनी जावा डलिया का भी जलाशयों में विसर्जन करेंगी। इस बीच नौ दिन तक रोजाना सुबह-शाम युवतियां करम गीत गाकर जावा जगाने का काम करेंगी।

### गुजरात में बंधुआ मजदूर बनाए गए झारखंड के 11 युवकों की रिहाई, जानिए पूरा मामला

**जमशेदपुर, एजेंसी।** रोजगार की चाह में निकले 11 युवकों को गुजरात में बंधुआ मजदूर बना लिया गया था। ईचागढ़ के कुकड़ू प्रखंड के ये युवक बेहतर जीवन की उम्मीद में सूरत में सोलर पैनल कंपनी में काम करने की चाह में गए थे। हालांकि, उनकी मंजिल सूरत की जगह गुजरात के भुज शहर के पास पाकिस्तान सीमा के करीब एक अनजान जगह निकली। वहां उन्हें बंधक बना लिया गया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। किसी तरह एक युवक कलेश्वर लोहार वहां से भाग निकला और उसने अपने साथियों को छुड़वाने के लिए ईचागढ़ भाजयुमो नेता विनोद राय व मिलन सिन्हा से मदद मांगी।भय और दहशत के माहौल में इन युवकों ने अपनी रिहाई के लिए 24 हजार 750 रुपये की रकम अदा की और जान बचाकर वापस लौट पाए। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकडू प्रखंड से कलेश्वर लोहार, नारायण सिंह मुंडा, मुकेश कालिंदी, अजय कालिंदी, असीम लोहा, धर्मेंद्र लोहार, एमपी लोहार, एन लोहार, प्रथम लोहार, बुद्धू कुइरी और अर्जुन कुइरी, कुल ग्यारह युवकों का एक समूह पिछले शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद के लिए रवाना हुआ था।उन्हें राहरगोड़ा के दीपक ने काम का लालच दिया था और केशव के साथ सूरत भेजा था। उन्हें सूरत में सोलर पैनल कंपनी में काम दिलाने का वादा किया गया था।

# झारखंड में बच्चियों और महिलाओं पर कितना खर्च करती है सरकार,
## सबसे अधिक राशि मंईयां योजना पर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में जन्म से लेकर मृत्यु तक महिलाओं पर एक वर्ष में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये (प्रतिमाह करीब 900 करोड़) खर्च कर रही है. ऐसी महिलाओं की संख्या करीब 84 लाख है. इसमें बड़ी रकम खर्च होने का अनुमान हाल ही में शुरू हुई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर है. अगस्त में 423.22 करोड़ रुपये महिलाओं के खाते में भेजे गये हैं. मंईयां सम्मान योजना के तहत फिलहाल 21 से 49 वर्ष तक की 48,15,048 महिलाएं निबंधित की गयी हैं. इन पर एक साल में 5778 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. राज्य में महिलाओं के लिये चल रही कई योजनाएं केंद्र सरकार की भी हैं. दूसरी बड़ी राशि 50 वर्ष से अधिक की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने पर खर्च होती है. राज्य में ऐसी महिलाएं करीब 20 लाख हैं. इस योजना पर सालाना करीब 2400 करोड़ रुपये खर्च होते हैं.

तीसरी है 13 वर्ष से 18 वर्ष की किशोरियों के लिए 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना'. इस योजना से नौ लाख किशोरियों को जोड़ा गया है. इसके तहत किशोरियों को आठवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक पांच किस्तों में 40,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है. आठवीं में 2500 रुपये, नौवीं में 2500, 10वीं में 5000, ग्यारहवीं में 5000 और बारहवीं में 5000 रुपये किशोरियों के बैंक खाते में डाले जाते हैं. किशोरी के 18 साल के होने और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाने पर उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिये जाते हैं. यानी औसतन इन किशोरियों को प्रतिमाह 600 रुपये मिल रहे हैं. इस वर्ष इस योजना पर 428 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं.

युवती के विवाह के बाद उसे पहले प्रसव पर 5000 और दूसरे प्रसव पर 6000 रुपये की सहायता दी जाती है. विवाह के लिए प्रति विवाह 2000 रुपये अनुदान दिया जाता है. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह के समय 30 हजार रुपये दिये जाने का प्रावधान है. दुर्भाग्यवश वह विधवा हो गयी, तो विधवा पेंशन के रूप में 1000 रुपये प्रतिमाह दिये जाते हैं. ऐसी महिलाओं की संख्या लगभग 2.52 लाख है. वहीं 18 वर्ष के बाद परित्यक्त महिला एवं 45 वर्ष के बाद अकेली रहनेवाली महिलाओं को भी 1000 रुपये प्रतिमाह देने का प्रावधान है. ऐसी महिलाओं की संख्या 4.75 लाख है. इन पर हर साल 544.52 करोड़ रुपये खर्च होते हैं. राज्य सरकार द्वारा यह भी प्रावधान है कि किसी महिला की मृत्यु हो गयी, तो अंतिम संस्कार के लिए 2000 रुपये प्रति संस्कार दिया जाना है.

जन्म लेने के साथ ही बच्ची को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाता है. आंगनबाड़ी केंद्र व स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण, तीन से छह वर्ष के बच्चियों की पढ़ाई, माताओं के टीकाकरण आदि पर एक वर्ष में 400.30 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है. बच्चों के पोषण अभियान में एक वर्ष में 88.96 करोड़ रुपये खर्च होते हैं. वहीं, छह माह से छह वर्ष तक के कुपोषित बच्चों के लिए पूरक पोषाहार और माताओं के आहार पर करीब 840 करोड़ रुपये खर्च होते हैं. इसके बाद 13 वर्ष की होते ही बच्ची 'किशोरी समृद्धि योजना' की लाभुक बन जाती है, जिसका लाभ उसे 18 वर्ष की उम्र तक मिलता है. अब सरकार ने 18 से 21 वर्ष की युवतियों को भी 'मंईयां सम्मान योजना' से जोड़ना का फैसला किया है.

## राहुल गांधी की व्यक्तिगत पेशी से छूट वाली याचिका पर 21 को सुनवाई, मानहानि से जुड़ा है मामला

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री (तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष) अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में शनिवार को रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मानहानि के आरोपों का सामना कर रहे राहुल गांधी ने इस मामले में कोर्ट में पेशी से व्यक्तिगत छूट का आग्रह किया है। विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के अधिवक्ता ने बहस के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 21 सितंबर की तिथि निर्धारित की है।

मामले में शिकायतकर्ता की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। राहुल गांधी के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने 14 अगस्त को सीआरपीसी की धारा 205 के तहत याचिका दाखिल कर व्यक्तिगत पेशी से छूट का आग्रह किया है।

बता दें कि वर्ष 2018 में कांग्रेस अधिवेशन में राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भाजपा में एक हत्या के आरोपित को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है। इसको लेकर रांची में नवीन झा की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी।बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने जुलाई में उत्तर प्रदेश में भी एमपीएमएलए कोर्ट में याचिका दाखिल कर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांगी थी। यह भी मानहानि से जुड़ा मामला है और यूपी के सुल्तानपुर में दर्ज हुआ है।

सुल्तानपुर के कोर्ट में जुलाई में हुई सुनवाई में राहुल गांधी की ओर से उनके वकील ने काशी प्रसाद शुक्ल ने जिरह की थी। शुक्ल ने कोर्ट के समक्ष संसद का सत्र चलने का हवाला देते हुए राहत देने की मांग की थी।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 1 करोड़ रुपये लेकर भागा ठग, 100 से ज्यादा पीड़ितों को अब पुलिस से आस

**कुमारधुबी, एजेंसी।** कुमारधुबी के मैथन मोड़ में ट्रैवलिंग एजेंसी की आड़ में ठगों ने करीब सवा सौ युवकों को ठग लिया। इनको विदेश में नौकरी दिलाने का सपना दिखाया, इसके बाद सभी से रकम ऐंठ ली।

करीब एक करोड़ रुपये की ठगी की बात सामने आ रही है। आरोपित अबुलेस अंसारी और उसका साथी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के रसूलपुर का रहनेवाला है।

ये दोनों आफिस में ताला जड़कर फरार हो गए हैं। उनका मोबाइल भी बंद है। ठगी के शिकार 25 युवक शुक्रवार को कुमारधुबी ओपी पहुंचे। पुलिस से आरोपितों को पकड़ने की गुहार की।

युवकों ने बताया कि अबुलेस अपने साथी के साथ दो माह पहले कुमारधुबी आया। शिवलीबाड़ी के इम्तियाज से दोनों मिले। उसके माध्यम से शिवलीबाड़ी अंसार मोहल्ले में फैज आलम का घर किराये पर लिया। यहां दो लैपटाप रखे। फिर मैथन मोड़ में किराये पर दुकान ली, यहां रायल ट्रैवल्स के नाम से आफिस खोला। इसके बाद पासपोर्ट बनाने और दुबई, कतर व अरब में नौकरी दिलाने का प्रचार किया।

फिर क्या था, इलाके के बेरोजगार युवक उनसे संपर्क करने लगे। किसी ने 50 हजार तो किसी ने एक लाख रुपये दे दिए। इसकी रसीद भी ठगों ने युवकों को दी।

भरोसा ऐसा जमाया कि झारखंड ही नहीं, बंगाल व बिहार के भी करीब सवा सौ युवक झांसे में आ गए। कई युवकों को यहां से फर्जी पासपोर्ट बनाकर दे दिया।

पासपोर्ट लेकर मुंबई जाने के लिए कुछ युवक दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो पता लगा कि यह जाली है। गुरुवार को वे दिल्ली से लौटकर कुमारधुबी पहुंचे। यहां देखा कि रायल ट्रैवल्स में ताला लटका है।

दो दर्जन युवक सुबह शिवलीबाड़ी अंसार मोहल्ले में पहुंच गए। मकान मालिक फैज अहमद, उसकी पत्नी व बेटे पर हमला कर दिया। उनका कहना था कि फैज आलम ने अबुलेस को मकान दिया।

वह व उसका छोटा बेटा भी ठगी में शामिल है। फैज के बेटे के बैंक खाता का इस्तेमाल हुआ है। फैज ने खुद को निर्दोष बताया। कहा कि यहां के इम्तियाज के कहने पर किराये पर मकान दिया था।

अमीरसा खान, गुलाम रब्बानी, अमीर शेख, छोटू अंसारी, इरफान खान, इश्तियाक आलम, जावेद अंसारी, रुस्तम अंसारी, सद्दाम हुसैन, शमशेर, सोहेल अंसारी, जावेद अंसारी, मो. खुर्शीद, सरफराज खान, मो सिराज, मो तौकीर, वसीम अकरम, रीजवान अंसारी, सरफराज खान, शहादत खान, रसीद खान समेत करीब सवा सौ लोग।शिवलीबाड़ी के मो. शहबाज ने बताया कि नौकरी की आस से अबुलेस से मिले थे। उसने हमसे 30 हजार रुपये लिए। धनबाद के सईद अंसारी का कहना है कि मेरा भाई जावेद अंसारी दिल्ली में फंसा है।

दुबई एयरपोर्ट पर ट्राली ब्वाय की नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 70 हजार रुपये ले लिए। चिरकुंडा के तालडांगा के गुरेज आलम से दुबई में ही ट्राली ब्वाय की नौकरी के नाम पर 35 हजार झटके।

## झारखंड में अब पिछड़ा वर्ग के लिए अलग मंत्रालय के गठन की मांग करेगा कांग्रेस

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस ने ओबीसी कार्ड खेलने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की शनिवार को हुई बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव पास किया गया। इसमें कहा गया है कि पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जल्दी ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेगा। उनसे पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन की मांग करेगा, ताकि ओबीसी का आर्थिक और सामाजिक विकास तेजी से हो सके। इस वर्ग की समस्याओं का भी मंत्रालय के माध्यम से समाधान हो सकेगा।

पार्टी का प्रयास है कि चुनाव आचार संहिता लगने से पहले सीएम इस पर अमल कर दें। कांग्रेस का मानना है कि आदिवासी समुदाय पूरी तरह से गठबंधन के साथ है। अन्य समुदायों का भी गठबंधन को समर्थन मिल रहा है। अगर ओबीसी समुदाय का भी साथ मिल गया तो विधानसभा चुनाव में भाजपा की वापसी असंभव हो जाएगी। इसी वजह से पार्टी ओबीसी समुदाय को पूरी तरह से अपने पाले में करने की योजना पर काम कर रही है।

**राहुल के जातीय जनगणना अभियान का भी समर्थन :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के देश में चलाए जा रहे जातीय जनगणना अभियान के समर्थन में भी प्रस्ताव पास किया गया। इसमें कहा गया है कि राहुल का अभियान समाज में जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का हिस्सा है। इससे सभी समुदाय के लोगों को उनकी आबादी के अनुसार सुविधाएं मिलेगी। राहुल इस अभियान में इंडिया गठबंधन का भी सहयोग ले रहे हैं। बैठक में झारखंड के सह प्रभारी सांसद सप्तगिरि शंकर उल्का, डॉ. श्रीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आदि मौजूद थे।

## डोमगढ़ घाट से हिचर संतालडीह तक दामोदर पर 13.5 करोड़ से बनेगा पुल

**सिंदरी, एजेंसी।** सिंदरी-झरिया व आसपास के लोगों के लिए अच्छी खबर है। सिंदरी के वार्ड 55 स्थित डोमगढ़ घाट से हिचर संतालडीह (बंगाल) घाट तक दामोदर नदी पर पुल बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके लिए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल धनबाद ने निविदा भी निकाल दी है। निविदा सूचना के अनुसार पुल की लंबाई 405.8 मीटर होगी। पुल निर्माण में प्राकल्पित राशि के अनुसार 134970600 रुपए खर्च होंगे। पुल के निर्माण की अवधि 2 वर्ष निर्धारित की गई है।

वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि 9 सितंबर 2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 20 सितंबर 2024 दी गई है। निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही पुल निर्माण का कार्य निविदा प्राप्त करनेवाले संवेदक शुरू कर देंगे। पुल निर्माण की मांग धनबाद के पूर्व सांसद के अलावे सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से जितने वाले सभी विधायकों ने की थी। वर्तमान में सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की अनुशंसा पर पुल निर्माण की शुरू हुई है। पुल निर्माण की जानकारी मिलने के बाद सिंदरी व बलियापुर क्षेत्र के लोगों में खुशी है। अब तक लोग नाव के सहारे नदी को पार करते थे। नदी में अधिक पानी रहने खासकर बरसात के दिनों में लोग जान को जोखिम में डालकर नदी पार करते थे। लेकिन पुल का निर्माण होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

सिंदरी आने व जाने वालों का समय और पैसे की होगी बचत सिंदरी डोमगढ़ घाट से हिचर संथालडीह घाट तक लोगों का फिलहाल आना-जाना नाव से होता है। नाव से आने-जाने में अधिक खर्च होता है। यह जोखिम भरा है और इसमें अधिक समय भी लगता है। बंगाल से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष कार्य करने सहित अन्य काम से सिंदरी आदि क्षेत्रों में आते-जाते हैं। इसी तरह सिंदरी की तरफ से भी लोग निजी कार्य एवं रोजी-रोजगार के लिए आना-जाना करते हैं। पुल बन जाने से प्रतिदिन आने-जाने वालों को बहुत राहत मिल जाएगी। नाव से नदी पार आने-जाने वाले यात्रियों व कामकाजी लोगों ने बताया कि एक आदमी का भाड़ा 10 रुपए, साइकिल के साथ 20 रुपए तथा बाइक के साथ 50 रुपए लगता है। पुल बन जाएगा तो हम लोगों को राहत व सुविधा मिल जाएगी।ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल धनबाद के कार्यपालक अभियंता ई. नरेंद्र कुमार का कहना है कि जल्द पुल का निर्माण कार्य शुरू होगा, निकाल दी गई निविदा निविदा निकाल दी गई है। विभाग प्रयास कर रहा है कि सारी प्रक्रियाएं पूरी कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मुजरिम को 20 वर्ष कैद

**रांची, एजेंसी।** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में शनिवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने चिरकुंडा निवासी कंचन बाऊरी को 20 वर्ष कैद व बारह हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है. अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया. छह सितंबर को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था.

प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में 12 नवंबर 2023 को दर्ज की गयी थी. प्राथमिकी के मुताबिक सात नवंबर 2023 को पीड़िता अपने घर से कॉलेज जाने की बात कह कर निकली परंतु वापस नहीं आयी, खोजबीन पर पता चला कि कंचन बाउरी उसे बहला फुसला कर ले गया है. अनुसंधान के दौरान यह पता चला कि कंचन पीड़िता को झरिया लेकर गया और उसकी मर्जी के बगैर उससे शादी की, उसे अपने साथ एक सप्ताह तक रखा . आरोप था कि इस दौरान कंचन ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया.सीबीआई के निर्देश पर कुसुंडा एरिया के आदर्श नगर शिमला बहाल में सड़क की मापी के लिए पहुंचे बीसीसीएल अधिकारियों में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के एक मामले में आरोपित चर्चित ठेकेदार एलबी सिंह, उनके भाई कुंभनाथ सिंह, भारत सिंह, ओम प्रकाश सिंह व मिथिलेश सिंह के मामले की सुनवाई शनिवार को जिला व सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत में हुई.

## झारखंड में गवर्नर-सीएम के कफिले में शामिल की जाएंगी नयी बुलेटप्रुफ फॉर्च्यूनर गाड़ियां,

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अब राज्यपाल और सीएम के काफिले में सुरक्षा की दृष्टि से नयी बुलेटप्रूफ फॉर्च्यूनर गाड़ियां शामिल की जायेंगी. काफिले में दो-दो गाड़ियां शामिल होंगी. वहीं राज्य में राष्ट्रपति के आगमन पर उनके भ्रमण के दौरान यह सुविधा मिलेगी. वीवीआइपी नेता या राज्य के वैसे नेता, जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से बुलेटप्रूफ गाड़ियां दी जाती हैं, उन्हें ये गाड़ियां दी जायेंगी. इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी गयी है. अहमदाबाद से पांच नयी बुलेटप्रूफ गाड़ियां तैयार होकर झारखंड आ गयी हैं. वहीं 12 अन्य बुलेटप्रूफ गाड़ियां भी तैयार हो चुकी हैं, जिन्हें अहमदाबाद से भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है.

कुछ गाड़ियों को रेंज स्तर पर सुरक्षित रखा जायेगा, ताकि विशेष परिस्थिति में वीवीआइपी के आगमन पर उनका प्रयोग हो सके. राज्य में बुलेटप्रफ गाड़ियों का प्रयोग सुरक्षा की दृष्टि से होता है. पर पूर्व में खरीदी गयी गाड़ियां काफी पुरानी हो चुकी थीं. इनका अधिक उपयोग नहीं हो रहा था. इस कारण पुलिस मुख्यालय के स्तर से 17 नयी फॉर्च्यूनर गाड़ियों को खरीद कर बुलेटप्रूफ बनाने के लिए अहमदाबाद भेजा गया था. अहमदाबाद में गाड़ियों के तैयार होने के बाद इनकी जांच के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय के स्तर से पुलिस अधिकारियों की टीम वहां भेजी गयी थी. टीम द्वारा क्लियरेंस प्रदान करने के बाद वहां से गाड़ियों के आने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है.झारखंड में आइपीएस अधिकारियों के लिए पुलिस मुख्यालय ने 20 नयी स्कॉर्पियो की खरीदारी की है. सबकी डिलिवरी पुलिस मुख्यालय को कर दी गयी है. ये स्कॉर्पियो को एसपी के अलावा उन आइपीएस अधिकारियों को दिये जायेंगे, जिनकी गाड़ियां कंडम हो चुकी हैं. मिली जानकारी के अनुसार, आइपीएस अधिकारियों के लिए 2012-14 के बीच स्कॉर्पियो गाड़ी की खरीदारी हुई थी,

## राज्यभर के लिपिकों का हड़ताल जारी: नियुक्ति तिथि से 2400 ग्रेड पे और समान नियमावली की कर रहे मांग

**रांची/दुमका, एजेंसी।** झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के बैनर तले झारखंड के सभी जिलों में सभी लिपिक हड़ताल पर हैं। 28वें दिन भी उनका हड़ताल जारी है। वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। अभी राज्य सरकार के द्वारा इनके हड़ताल पर किसी प्रकार का कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। इससे आक्रोशित होकर झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के द्वारा प्रमंडलीय स्तरीय महारैली का आयोजन किया गया।

संथाल परगना के निकाली गई रैली

झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा की ओर से अपने दो सूत्री मांगों को लेकर संथाल परगना प्रमंडल के मुख्यालय दुमका में प्रमंडल के सभी छः जिलों के लिपिको के द्वारा महारैली निकाली गई। जहां उन्होंने लिपिकों को नियुक्ति तिथि से 2400 ग्रेड पे का भुगतान करने के साथ सेवा शर्त एवं प्रोन्नति नियमावली एक समान करने की मांग की।

शिक्षा विभाग-स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य सभी मुफस्सिल कार्यालय के लिपिक 12 अगस्त से ही अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उनका कहना है कि एक तरफ सरकार खजाना खोल कर बांट रही है वहीं दूसरी तरफ सभी विभागों के रीढ़ कहे जाने वाले अल्प वेतन पाने वाले लिपिक हड़ताल पर बैठे हैं। सरकार इनकी मांग पर अभी तक कोई सुध नहीं ली है। जिससे लिपिकों के बीच सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वे सरकार के दोहरीकरण व्यवहार से क्षुब्ध होकर चुनाव में सरकार को नतीजा भुगतने की चेतावनी दे रहे हैं।

### महारैली में 300 से अधिक लिपिक हुए शामिल

महारैली दुमका समाहरणालय परिसर से निकलकर दुमका मुख्य बाजार , क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक संथाल परगना दुमका, चिकित्सा विभाग के क्षेत्रीय संयुक्त उपनिदेशक पदाधिकारी दुमका के कार्यालय का पैदल मार्च करते हुए आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल दुमका को ज्ञापन सौपा तथा पुनः समाहरणालय दुमका तक पैदल मार्च करते हुए रैली का समापन किया गया। इस महारैली में सभी जिलों से लगभग 300 लिपिक शामिल हुए।

### इनकी रही सहभागिता

इस महारैली में शामिल मुख्य रूप से प्रमंडलीय सचिव संतोष कुमार, जय कुमार गौतम, ललित सोरेन, रितेश कश्यप, तारिक अनवर, प्रकाश कुमार, गौतम कुमार राय, कुमोद कुमार रंजन, ओम जय, मयंक कुमार, जयप्रकाश सागर, मनोज कुमार मंडल, प्रेम कुमार सोरेन, राजशेखर पांडे, उमा भारती मुर्मू, सोनिया मरांडी, हेमलता सोरेन, अविनाश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, अनिता मुर्मू, बिपिन कुमार राहुल देव, रजनीश झा शामिल थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## मजबूत हुई भारत की अर्थव्यवस्था

कई बार साधारण-सी दिखने वाली कोई पहल आगे चलकर दूरगामी महत्त्व की साबित होती है। दस वर्ष पहले जब जन धन खाता योजना की शुरुआत हुई, तो इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई गई थीं। मसलन, अगर साधारण लोग बैंक में खाता खोल रहे हैं तो खाता चालू रखने की शर्तों को कैसे और कितने दिन तक पूरा कर पाएंगे और इससे आम लोगों के साथ-साथ देश को क्या लाभ होगा! अब यह कहा जा सकता है कि जन धन खाता योजना में महत्त्वपूर्ण कामयाबी मिली है और एक बड़ा तबका इससे लाभान्वित हुआ है ।इसके अलावा, इसने देश की अर्थव्यवस्था में काफी अहम योगदान दिया है। शायद यही वजह है कि जिस समय दुनिया भर में आर्थिक उतार-चढ़ाव और उथल-पुथल है, कई देशों में मंदी का माहौल है, उस समय भारत में केवल जन धन खातों में ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जमा है ।गौरतलब है कि जन धन खाता योजना शुरू होने के बाद समाज का एक बड़ा वंचित और गरीब तबका बैंकिंग क्षेत्र के दायरे आया। इस तबके के लोगों का खाता अगर किसी बैंक या डाकघर में किसी तरह खुल भी जाता था, तो उसे बनाए रखना उनके लिए मुश्किल था। इसके मद्देनजर जन धन खाता योजना में यह सुविधा दी गई कि खाते में न्यूनतम राशि अगर नहीं है, तब भी खाता कायम रहेगा। साथ ही, जमा राशि पर ब्याज मिलने के अलावा एक अहम पहलू दुर्घटना बीमा के तहत अब दो लाख रुपए तक की सुरक्षा राशि दिया जाना है ।इस योजना के खाताधारकों को विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत मिली राशि सीधे हस्तांतरित करने में मदद मिलती है। आज ग्रामीण लोगों और खासकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में इस योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है, जो राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी वित्तीय विकास का एक ठोस आधार बना है ।यह देखने की बात होगी कि देश के विकास में गरीब तबकों के समावेशन के जिस मकसद से इस योजना की नींव रखी गई थी, वह आने वाले वक्त में किस हद तक वास्तव में जमीन पर उतरती है।

## एक और कानून

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद से पश्चिम बंगाल में देखे जा रहे असंतोष का कुल हासिल अगर 'अपराजिता' विधेयक का विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित होना है तो इसे निराशाजनक ही कहना होगा। रेप पर नया कानून बनाने की इस पहल को जानकार लगभग एक स्वर में गैरजरूरी बता रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि देश में रेप के खिलाफ कड़े कानून पहले से ही हैं। 2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद उभरे अभूतपूर्व जनअसंतोष का एक परिणाम कानूनों में बदलाव के रूप में भी सामने आया था, जिसके तहत रेप के लिए मौत की सजा तक के प्रावधान कर दिए गए थे। उसका काफी प्रचार भी हुआ था। बावजूद इस सबके, रेप के आंकड़ों में तो कमी नहीं ही आई, देश को सिहरा देने वाली कई बड़ी घटनाएं भी अंजाम लेती रहीं। दरअसल, रेपिस्टों के लिए मौत की सजा की मांग जनभावनाओं के तात्कालिक उभार को शांत करने में भले सहायक हो, एक्सपर्ट्स पहले से कहते रहे हैं कि इससे अपराध को काबू करने में खास मदद नहीं मिलती। उलटे यह डर रहता है कि कहीं रेपिस्ट विक्टिम को मार ही न डाले क्योंकि उसे पता होता है कि रेप की सजा भी फांसी हो सकती है, लेकिन हत्या के बाद विक्टिम द्वारा पहचाने जाने की संभावना खत्म हो जाती है। कानून में कड़ी सजा का प्रावधान करना मुश्किल नहीं। असल संघर्ष तब शुरू होता है जब बात अपराध साबित कर अपराधी को सजा दिलाने की बात आती है। यहां न केवल अभियोजन पक्ष को कदम-कदम पर मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं बल्कि विक्टिम के लिए भी इस लंबी लड़ाई में टिके रहना कठिन होता है। यही वजह है कि जिन मामलों में रेप सरवाइवर अपराधियों को पहचान सकती हैं, उनमें भी कन्विक्शन रेट महज 2.6 प्रतिशत है। जाहिर है, सरकारों के लिए सबसे जरूरी है रेप के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान कर प्रयासों को उस तरफ मोड़ें। स्ट्रीटलाइट की व्यवस्था करना, वर्कप्लेस को सुरक्षित बनाना, स्कूलों, कॉलेजों में असुरक्षित कोने न रहने देना और सबसे बड़ी बात पुलिस को ज्यादा संवेदनशील बनाना - ये कुछ ऐसे उपाय हैं जिन पर चर्चा होती रही है, मगर व्यवहार में इन पर अमल कम ही दिखता है। ऐसे हालात में कोई राज्य सरकार कड़ा कानून लाने जैसा राजनीतिक स्टंट करती है और सभी पार्टियां विधानसभा में उसके पक्ष में खड़ी नजर आती हैं।

## पूरी तरह बदल चुका है जम्मू-कश्मीर, इस बार का जनादेश चौंकाने वाला होगा

(नीरज कुमार दुबे)

*बदलते जम्मू-कश्मीर की नयी तस्वीर को देखेंगे तो पाएंगे कि इस केंद्र शासित प्रदेश को हजारों करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज चेनाब में बन रहा है जोकि कश्मीर में है। इस केंद्र शासित प्रदेश में एम्स, आईआईएम और आईआईटी की स्थापना का कार्य चल रहा है।*

इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी खास है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब लदते नजर आ रहे हैं। श्रीनगर के हृदय माने जाने वाले लाल चौक का नजारा बता रहा है कि यहां की जनता इस बार चौंकाने वाला जनादेश देने जा रही है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की ओर से नामांकन दाखिल किये जा रहे हैं। विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं साथ ही बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेता भी चुनाव प्रचार करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँच रहे हैं। गलियों और मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चल रहा है, रोड शो निकाले जा रहे हैं, घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। जनता भी खुलकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है। यह सब कुछ भयमुक्त वातावरण में हो रहा है जोकि कश्मीर घाटी के लोगों के लिए नई बात है। जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं उन युवाओं ने तो ऐसा माहौल पहले कभी देखा भी नहीं था। इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी खास है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब लदते नजर आ रहे हैं। श्रीनगर के हृदय माने जाने वाले लाल चौक का नजारा बता रहा है कि यहां की जनता इस बार चौंकाने वाला जनादेश देने जा रही है। कश्मीर घाटी में एक समय आतंक और अलगाववादियों का राज था लेकिन आज यहां विभिन्न चौक-चौराहों पर तिरंगा लहरा रहा है, खासकर लाल चौक पर शान से आसमान को छूता तिरंगा सबका ध्यान आकृष्ट करता है। अब घाटी में पर्यटकों का जमावड़ा बिना किसी खौफ के लगता है। लाल चौक पर जहां पहले शाम के बाद कोई नहीं दिखाई देता था आज वहां देर रात तक चहल पहल रहती है और विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को देखकर लोग कश्मीरी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं से रूबरू होते हैं। हम आपको याद दिला दें कि नरेंद्र मोदी ने भाजपा नेता के रूप में जब तिरंगा यात्रा का लाल चौक तक नेतृत्व किया था तब वहां तिरंगा फहराने का मतलब जान से खेलना था लेकिन उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद कश्मीर ऐसा बदला कि आज लाल चौक का शांत और खुशहाल नजारा पूरे कश्मीर के बदलाव को प्रतिबिंबित करता है। अगर आप हाल ही में कभी लाल चौक गये होंगे या श्रीनगर शहर का दौरा किया होगा तो आपने देखा होगा कि कैसे स्मार्ट सिटी अभियान के तहत इस क्षेत्र का कायाकल्प हो गया है। कश्मीर घाटी में किये गये विकास के बलबूते भाजपा को उम्मीद है कि यहां की जनता इस बार परिवारवादी दलों की बजाय उसका साथ देगी। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाये हुए पांच साल पूरे हो चुके हैं और इस दौरान जम्मू-कश्मीर ने वो खुशी देख ली है जो बीते तीन-चार दशकों में उससे छीन ली गयी थी। सिर्फ पांच सालों में आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद जैसी समस्याओं पर काबू पाना और राज्य की अर्थव्यवस्था को फिर से अपने पाँव पर खड़ा कर देना किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिस कश्मीर घाटी में पहले आईएस और पाकिस्तान के झंडे लहराये जाते थे आज वहां यह सब बंद हो गया है और हर घर पर तिरंगा फहरा रहा है। लाल चौक में तिरंगा फहराने पर पहले गोली लगने का खतरा रहता था लेकिन आज नये रंग रूप में लाल चौक पर शान से फहराता तिरंगा हर किसी को नये कश्मीर का अहसास करा रहा है। यही नहीं, भारत के राष्ट्रीय ध्वज का विरोध करने वाले हुर्रियत जैसे अलगाववादी संगठन के कार्यालय पर भी तिरंगा लहरा रहा है। विपक्ष भले आज भी 370 की वकालत कर रहा हो लेकिन देश देख रहा है कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाया तो जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद पर रोक लग गयी। पत्थरबाजी पूरी तरह बंद हो गयी, धर्मस्थलों से धार्मिक तकरीरों की बजाय राजनीतिक और भड़काऊ भाषण दिये जाने बंद हो गये, कश्मीरियों के बच्चों को अलगाववादियों की ओर से बहका कर गलत राह पर ले जाना बंद हो गया, आतंकवाद के प्रति लोगों की सोच में ऐसा परिवर्तन आया है कि अब सुरक्षा बलों के ऑपरेशन की राह में बाधा नहीं पैदा की जाती बल्कि उनकी मदद की जाती है और कई उदाहरण तो ऐसे भी देखने में आये जब ग्रामीणों ने ही आतंकवादियों को दबोच कर उन्हें सुरक्षा बलों को सौंप दिया। जम्मू-कश्मीर में स्कूल-कॉलेजों का बंद रहना और हड़तालों का आयोजन अब बीती बात हो गयी है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर रोक लग गयी है, सीमा पार से होने वाली गोलीबारी बंद हो गयी जिससे सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को जब-तब भाग कर बंकरों में छिप कर जान बचाने से आजादी मिली। 370 हटने से पुलिस, सेना और अन्य जांच एजेंसियों के बीच ऐसा अच्छा समन्वय बना कि जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था की नाकामी के चलते होने वाली आपराधिक घटनाओं में 97 प्रतिशत की गिरावट आ गयी और आतंकवाद संबंधी घटनाएं पहले से घटकर आधी से भी कम हो गयीं। यही नहीं, जम्मू-कश्मीर में अब किसी एक परिवार का शासन नहीं चलता बल्कि निचले स्तर तक लोकतंत्र मजबूत हो गया है। पहली बार डीडीसी के चुनाव संपन्न हुए, पहली बार त्रि-स्तरीय पंचायती राज तंत्र जम्मू-कश्मीर में कायम हुआ, इसके तहत 33274 जनप्रतिनिधि चुने गये। यही नहीं हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव भी शांतिपूर्ण रहे जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया और उमर अब्दुल्ला तथा महबूबा मुफ्ती जैसे परिवारवादी नेताओं को हार का स्वाद चखा दिया। पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे का इस तरह विकास किया गया है कि यह केंद्र शासित प्रदेश आज बड़े से बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन कर सकता है। हाल ही में श्रीनगर में जी-20 देशों की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम भी श्रीनगर में ही आयोजित किया गया जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया। श्रीनगर में पहला मल्टीप्लेक्स खुला और अब धीरे-धीरे घाटी के कई इलाकों में सिनेमाघर खुल चुके हैं और हाउसफुल भी चल रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का सुरक्षा वातावरण सुधरने का लाभ यह हुआ कि यहां पर्यटकों की संख्या हर साल नये रिकॉर्ड बना रही है जिससे पर्यटन उद्योग के लिए स्वर्ण काल शुरू हो गया है। कश्मीर में पहले से प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के विकास और सौन्दर्यीकरण के अलावा उन क्षेत्रों को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है जो खूबसूरत होने के बावजूद अभी तक पर्यटक केंद्र नहीं बन पाये थे।

## धनकुबेरों का नया गढ़ बनता भारत

(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)

वर्ष 2023 एक विकट साल था। खासकर आर्थिक मोर्चे पर तो यह पूरा साल भारी ऊहापोह वाला रहा। एक तरफ यह उम्मीद थी कि कोरोना जैसी महामारी से निकलकर अर्थव्यवस्था मजबूत होकर उभरेगी, तो दूसरी ओर यह आशंका भी थी कि सुधरते-सुधरते कहीं सब कुछ फिर पटरी से उतर न जाए। मगर आज अगर कोई आपसे कहे कि बीते साल हर पांच दिन में भारत में एक नया अरबपति बन रहा था, तो कैसा लगेगा? एकबारगी शायद यकीन ही न हो। मगर धनकुबेरों की गिनती और एक-दूसरे के मुकाबले उनकी हैसियत बताने वाली हुरुन इंडिया रिच लिस्ट (धनाढ्य सूची) बताती है कि गौतम अडाणी और उनका परिवार एक बार फिर मुकेश अंबानी परिवार को पीछे छोड़ पहले पायदान पर पहुंच गया है। हिंडनबर्ग कांड से तगड़ा झटका खाने के बाद अडाणी की संपत्ति में 95 फीसदी का उछाल दर्ज हुआ और इस लिस्ट के जारी होने तक उनकी कुल संपत्ति 11,61,800 करोड़ रुपये पर पहुंच चुकी है। दूसरे नंबर पर मुकेश अंबानी के परिवार की संपत्ति में भी साल 2023 में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उनकी संपत्ति थी 10,14,700 करोड़ रुपये। ध्यान रखना चाहिए कि यह अरबपतियों की सूची है। एक वक्त था कि भारत में लखपति या करोड़पति होना ही बड़ी बात होती थी, लेकिन इस साल हुरुन रिपोर्ट में कुल 1,539 नाम हैं, जिनकी कुल हैसियत एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है। यह गिनती पिछले साल से 220 ज्यादा है, लेकिन कुल 272 ऐसे लोग हैं, जिन्हें पहली बार इस सूची में जगह मिली है। उल्लेखनीय यह भी है कि इस सूची में सिर्फ भारत के अमीर शामिल नहीं हैं, बल्कि इसमें दुनिया भर में बसे भारतीय अमीरों की संपत्ति का हिसाब जोड़ा गया है। मगर सबसे बड़ी बात तो डॉलरों में एक अरब से ज्यादा जुटाने वालों की ही है और इस बार की लिस्ट में ऐसे 334 नाम हैं, यानी पिछले साल से 29 प्रतिशत ज्यादा। यह बात इसलिए और खास हो जाती है कि अब भारत एशिया में धनकुबेरों का नया गढ़ बनकर उभर रहा है। जिस दौरान भारत में अरबपतियों की गिनती में 29 फीसदी की बढ़त हुई है, उसी दौरान चीन में यह गिनती 25 फीसदी गिर गई है। इसी का असर है कि एशिया में अरबपतियों की नई राजधानी अब मुंबई है। पिछले साल भर में मुंबई में अरबपतियों की गिनती में 58 नए नाम जुड़े हैं, जबकि यह सूची बनाने वाले बता रहे हैं कि इसी दौरान बीजिंग में अरबपतियों की गिनती में 28 फीसदी की गिरावट आई है। 92 अरबपतियों के साथ मुंबई अब दुनिया में तीसरे नंबर पर है। उससे आगे अब न्यूयॉर्क और लंदन का ही नाम है। एक अरब डॉलर वाली लिस्ट में भी तीन सौ से ज्यादा अमीर शामिल हैं। हालांकि, इसमें एक हजार करोड़ रुपये से ऊपर की संपत्ति वालों को गिनेंगे, तो भारत पहली बार डेढ़ हजार का आंकड़ा पार कर गया है। इस सूची को देखने से लगता है कि अमीरों की गिनती सिर्फ मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों तक सीमित नहीं है। मुंबई से 386 परिवार इस लिस्ट में शामिल हैं, जिनमें से 92 के पास एक अरब डॉलर से ऊपर की संपत्ति है। हम इन्हें खरबपति भी कह सकते हैं। दिल्ली के 217 नामों में से 68 खरबपति हैं। तीसरे नंबर पर है हैदराबाद, जिसके 104 बाशिंदों में से 18 खरबपति हैं। उसने बेंगलुरु को पीछे छोड़ा है, जो पिछले साल तीसरे नंबर पर था। इस बार बेंगलुरु के 100 नामों में 27 खरबपति हैं। थोड़ा पीछे जाकर देखें, तो तेरह साल पहले जब हुरुन इंडिया ने यह सूची बनानी शुरू की थी, तबके मुकाबले भारत में डॉलर अरबपतियों की गिनती छह गुना हो चुकी है। और, पिछले पांच साल में इस लिस्ट का आकार 2019 के 750 से बढ़कर 2024 में 1,539 हो गया है। यही नहीं, हुरुन रिच लिस्ट बनाने वालों का कहना है कि यह सूची उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाती है। 2024 की सूची में जो लोग शामिल हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5486

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5485

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5486

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की झांसी की रानी बिग्रेड की 23 अक्टूबर 1943 को यहां स्थापना की (4)
4. पिता की बहन को यह कहते है (3)
7. दो बार उतना ही, दो गुना (2)
8. साथ में यात्रा करने वाला, सहयात्री, सहप्रयायी (5)
10. विपत्ति, दुर्दशा, संकट (3)
11. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
12. जो, अगर (2)
13. भूत निवारणकर्ता, भूतहंता (3)
14. कीचड़, गारा, पंक (4)
16. हाथ, कर, एक नक्षत्र जिसमें पांच तारें है (2)
17. परंपरागत चला आता हुआ क्रम (4)
19. वर्तमान सूचक का एक अव्यय (1)
20. प्राचीन काल को दो या चार पहियों वाली सवारी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. दलील, सुविचारित बात (2)
22. प्राचीन इकाई जो सवा तीन गज की होती है (2)
22. प्रतिध्वनि, हमेशा (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ईगुर जिससे हिंदू धर्म की विवाहित महिलाऐं मांग भरती है (3)
2. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया (2)
3. जिसके मन में करूण का भाव हो (5)
4. रक्तवाहिका, रक्तवाहिनी नली, शिरा (2)
5. घृणा, घिन्न (4)
6. मासिक, माहवारी, मासीन, माही (4)
9. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट, परामर्श (2)
10. कदाचित, संभवतः (3)
13. भूतों की स्वामी होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (4)
14. आतंक, भय (4)
15. क्षमताहीन, अशक्त, अधिक थका हुआ (2)
17. जलयुक्त, स्वादयुक्त (3)
18. इस नदी का नाम रेवा भी है (3)

### वर्ग पहेली 5485 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | ख्र | ड़ा | नां | ग | ल | | शु |
| ल | ट | | द | ला | ल | शु | ल्क |
| लो | क | ल | | | न | क्र | |
| च | ना | | फि | जी | | वा | दा |
| न | | ही | रो | | प | र | म |
| | सू | र | ज | | क्ष | | न |
| भा | ना | | गां | व | | बा | गी |
| त | | सौं | धी | | व | जी | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको सम्मान की प्राप्ति होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आप अपने किए कार्य की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। आपके आनंद में वृद्धि होगी और रात के समय किसी सामाजिक समारोह में सम्मिलित होने के चांस हैं। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और लोग आपके काम की काफी तारीफ करेंगे।

### वृष
आज दिन काफी व्यस्तता से भरा हागा। घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे। रात का समय किसी सामाजिक या राजनैतिक कार्यक्रम में व्यतीत होगा।

### कर्क
आज लाभ का दिन है। जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि युक्तिसंगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा।

### सिंह
आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगती हैं तो सभी काम एक-एक कर बनने लग जाएंगे और आप सफलता की तरफ बढ़ते जाएंगे। व्यर्थ की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने लगेंगे और आपके लिए तरक्की के योग बनने लगेंगे।

### मिथुन
आज करियर में सफलता का दिन है। आज के दिन की प्लानिंग के अनुसार आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। धन सम्मान में वृद्धि होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। आपके घर में भाइयों से विवाद उग्र रूप ले सकते हैं। हर मामले में संभलकर रहें।

### कन्या
आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और कारोबार में आपको भाग्य का साथ मिल सकता है। रुपये-पैसे के मामले में आपको अचानक से लाभ हो सकता है। शुभ और धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और धन सम्मान की प्राप्ति होगी।

### तुला
आज का दिन सफलता देने वाला होगा। चंद्रमा की शुभ दृष्टि से आपको लाभ होगा। किसी महान पुरुष के आशीर्वाद से आपको करियर के मामले में लाभ होगा। कोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल सकती है और आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। शाम से लेकर रात तक आप सक्रिय राजनीति में बिजी रहेंगे और आपको सफलता प्राप्त होगी।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ होगा। आपके लिए जो काम काफी जोखिम से भरे हैं उन्हें करने से बचें। वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपके कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, अपने काम पर फोकस करें वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके धन में वृद्धि होगी।

### मकर
आज दिन काफी बिजी रहेगा। बहुत सारे काम आपके आगे पीछे आ रहे हैं। आपके विरोधी भी कुछ ऐसी हरकतें कर सकते हैं कि आपको उन पर बहुत क्रोध आएगा। लेकिन खुद को संभालकर बेहतर होगा कि आप अपने काम पर फोकस करें। आपको अपनी पोजिशन स्पष्ट करनी है तो फिर अपने वरिष्ट अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ और रोजगार के क्षेत्र में भरपूर सफलता प्राप्त होगी। रोजगार को ही ठीक तरह से संभालने की चेष्टा करें। व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में भी आपको लाभ होगा। करियर के मामले में आपको अचानक से बेतहाशा लाभ होगा।

### धनु
आज करियर में हर काम को बेहद संभलकर करने की जरूरत है। दिन भर प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अकस्मात् आशा से अधिक लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। कोई परिवार का व्यक्ति आपकी आर्थिक मदद कर सकता है। उससे सावधान रहें और अपनी प्रगति का रहस्य उसे न बताएं।

### मीन
आज दिन आर्थिक मामलों में काफी सुखद रहेगा। काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है, आज उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आपके सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जायेगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान विज्ञान कला और लेखन कार्य में आप पहले से अधिक दक्ष साबित होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

# धान को बचायें कीट-रोगों से

## रोग

पत्तियों का अंगमारी रोग- यह रोग धान की फसल में अगस्त के महीने में लगता है. पत्तियों के शिरे व किनारों पर भूरी धारियां बनते-बनते पूरी पत्तियां झुलसी सी दिखाई देती हैं.

### बचाव हेतु

- मैन्कोजेब 3 ग्राम / प्रति लीटर पानी में घोल का छिड़काव करें.

## पत्तियों की धारियां

यह रोग अगस्त माह में फसल में लगता है. शुरू में पत्तियों पर पीले रंग की लम्बी धारियां दिखाई देती है बाद में भूरे रंग की हो जाती है.

### बचाव हेतु

- बोने से पहले 30 ग्राम दवा स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 50 लीटर पानी में घोल बनाकर 25 किलोग्राम बीज को 10 घंटे तक डुबोकर बीजोपचार करें.

## पत्तियों का झुलसन रोग

यह रोग धान की फसल में अगस्त के महीने में लगता है. शुरू में पत्तियों पर हल्के लाल धब्बे बनते हैं बाद में यह धब्बे तनों तक फैल जाते हैं व बड़े आकार के हो जाते है जिससे पत्तियां झुलसी हुई दिखाई देती हैं.

### बचाव हेतु

- बोने से पहले कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम दवा प्रति किलो बीज में मिलाकर बीजोपचार करें एवं एडीफेनकाम को 1 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर 15 दिनों के अंतर पर छिड़काव करें.

## कीट-गंगई कीट या गाल मिंज

इसके द्वारा धान की फसल में औसतन 20-25 प्रतिशत क्षति प्रतिवर्ष होती है आकाश का घने बादलों से आच्छादित होना, वातावरण में नमी और कम तापक्रम इसके प्रकोप को बढ़ाने में सहायक होते हैं. चांदी के रंग का पोंगा बन जाता है और इससे प्रकोपित पौधा गुच्छेदार हो जाता है और इसमें बाली नहीं बनती है इल्ली एक परत

पदार्थ भी उत्सर्जित करती है, जिसके कारण तने पर जगह-जगह फफोले दिखाई देते है और पौधे की वृद्धि रुक जाती है.

### बचाव हेतु

- क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी. 0.20 प्रतिशत के एक प्रतिशत घोल में पौधों की जड़ें 12 घंटे अथवा एक प्रतिशत यूरिया के साथ उपरोक्त दवा के घोल में 3 घंटे तक जड़ों को डुबोकर रोपाई करना चाहिए.
- इसके बाद खेत में पानी भरकर फोरेट 10 जी दानेदार दवा 10 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर या कार्बोफ्यूरान 3 प्रतिशत दानेदार दवा 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मिलायें.
- कीट प्रतिरोधक जातियां जैसे आशा, समृद्धि, रूचि, फाल्गुना आदि का प्रयोग करें. प्रकाश प्रपंच का उपयोग करें.

## गंधी बग

इस कीट का प्रकोप धान की फसल पर जुलाई से नवम्बर मध्य तक सक्रिय रहता है हल्की वर्षा इसके लिये उपयुक्त होती है.

### बचाव हेतु

- इंडोसल्फॉन या क्विनालफास 25 ईसी या क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी एल 1-1.25 लीटर प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें.

## फौजी या आर्मीवर्म कीट

इसकी सूंड़ी अवस्था हानिकारक होती है. नव विकसित सूंडी धान की पत्तियां खाती हैं तथा उसमें केवल मोटी शिरायें बचती है. बड़ी होने पर ये इल्लियां सबसे अधिक हानि करती है.वाली निकलने की अवस्था में यह तने से बाली को रात में काटकर खाती है. जिससे दाना भरने से पहले ही वाली जमीन में गिर जाती है दिन में यह कीट धान के कल्लों एवं जड़ों के पास छिपा रहता है तथा रात्रि में सक्रिय रहकर फसल को हानि पहुंचाता है, ये कीट एक खेत से दूसरे खेत में एक साथ चलकर पहुंचता है इसलिये इसे फौजी कीट कहते हैं. यह कीट खाता कम है व नुकसान ज्यादा करता है.

### बचाव हेतु

इंडोसल्फॉन 40 प्रतिशत चूर्ण 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर भुरकाव करें या क्विनालफॉस 25 ईसी या क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी एल. 2 मिली. प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें.

## सफेद फुदका

यह कीट सफेद रंग का होता है पीठ के अतिरिक्त इसका रंग स्लेटी होता है. वयस्क अवस्था में पीठ पर एक काली धारी होती है. यह कीट धान के खेत में शिशु एवं वयस्क अवस्था में पानी की सतह के पास से पौधों से रस चूसते है. जिससे पत्तियां पीली पड़कर सिरे से सूखने लगती हैं इस कीट द्वारा उत्सर्जित मधुरस से पत्तियों पर फफूंद विकसित हो जाती है जिससे रोग लगने की संभावना अधिक हो जाती है. वयस्क मादा 100-250 अंडे समूह में पत्तियों की मुख्य शिरा के पास देती है जिससे 4-6 दिनों में शिशु निकलते हैं.

## धान का खैरा रोग

यह रोग भूमि में जस्ते की कमी के कारण होता है यह रोग फसल में पौध घर से लेकर बाढ़ की अवस्था में रोग के लक्षण दिखाई देते हैं. पौध रोपण के 15-25 दिन बाद ही पुरानी पत्तियों के आधार भाग में हल्के पीले रंग के धब्बे दिखाई देते है.

### बचाव हेतु

- जिंक सल्फेट 20-25 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर बुवाई से पहले प्रयोग करना चाहिए.
- पौध रोपण से पहले पौध को 0.4 प्रतिशत जिंक सल्फेट के घोल में 12 घंटे तक डुबोकर रोपण करें.
- खड़ी फसल में 1000 लीटर पानी में 5 किलो ग्राम जिंक सल्फेट तथा 2.5 किलो ग्राम बिना बुझे चूने के घोल का मिश्रण बनाकर उसमें 2 किलोग्राम यूरिया मिलाकर छिड़काव करने से रोग का निदान तथा फसल की बढ़वार में वृद्धि होती है.
- कुछ जातियों में खैरा रोग का प्रकोप कम होता है जैसे रतना, अन्नपूर्णा, कावेरी, साबरमती, पदमा, जया, पंकज,आई.आर.8, आई.आर. 20 इत्यादि जाति का चयन करना चाहिए.
- बोने से पहले 30 ग्राम दवा स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 50 लीटर पानी में घोल बनाकर 25 किलोग्राम बीज को 10 घंटे तक डुबोकर बीजोपचार करें.

### बचाव हेतु

- डायमिथियेट 30 ईसी 750 मिली. या इण्डोसल्फान 35 ईसी 1-1.25 लीटर दवा व 700-800 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर पानी का प्रयोग करना चाहिए.

# बी.टी. कपास में रस चूसक कीट

कपास में कीट प्रबंधन हेतु इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समन्वित कीट प्रबंधन कीट नियंत्रण की प्रभावी विधि साबित हो सकती है।

## समन्वित कीट प्रबंधन

कीट नियंत्रण की विभिन्न वैकल्पिक विधियों का बुद्धिमत्ता से चुनाव एवं उपयोग कर अंत में आवश्यकता पड़ने पर कीटों की आर्थिक क्षति स्तर अवस्था पर ही कीटनाशक दवाओं का सूझबूझ के साथ उपयोग किया जावे ताकि अनुकूल प्राकृतिक सामाजिक एवं आर्थिक परिणाम प्राप्त हो सकें।

यद्यपि यह प्रयास नया नहीं है परंतु अभी इसका प्रचलन सही तरीके से कृषकों तक प्रचारित एवं प्रसारित नहीं हो पाया है।

## समन्वित कीट नियंत्रण क्या है?

कीटों को नियंत्रण करने की समस्त क्रियाओं जैसे कृषिगत, यांत्रिक, जैविक तथा रसायनिक का समावेश करके कीटों की संख्या को नियंत्रित करने को समन्वित कीट नियंत्रण या प्रबंधन कहते हैं।

## समन्वित कीट प्रबंधन की आवश्यकता क्यों

कपास फसल की उन्नत एवं संकर किस्मों के लगातार उपयोग एवं अधिक उत्पादन प्राप्त करने की होड़ में प्रायः किसान भाईयों द्वारा अत्यधिक मात्रा में असंतुलित उर्वरक, सिंचाई एवं विभिन्न प्रकार के उपलब्ध कीटनाशक दवाओं का अंधाधुंध, अनावश्यक एवं गलत समय में उपयोग किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप वातावरण जल एवं भूमि में प्रदूषण, प्राकृतिक असंतुलन, लाभदायक परजीवी एवं परभक्षी कीटों का नाश तथा विभिन्न कीटों में कीटनाशक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने की संभावना बढ़ने लगी है। जिसके कारण समन्वित कीट नियंत्रण/प्रबंधन के उपयोग की आवश्यकता महसूस होने लगी है।

## कपास में समन्वित कीट प्रबंधन

**वैकल्पिक विधियां -**
**कृषि गत उपाय -**

- पिछली फसल समाप्त होते ही खेत में जानवरों को चरावें तथा बचे अवशेषों को उखाड़कर/काटकर नष्ट करें साथ ही खेत की गहरी जुताई करें ताकि कीटों के अवशेष, अंडे इत्यादि नष्ट हो जावे।
- खेतों की मेढ़ों पर अन्य परपोषी पौधे जैसे जंगली भिंडी, अम्बाड़ी इत्यादि को काटकर जला दें।
- कपास की अंतरवर्तीय फसल जैसे कपास के साथ ज्वार, मक्का, सोयाबीन या चवला आदि लेने से कीट प्रकोप कम होता है।
- बोनी हेतु कीटरोधी किस्मों का चयन करें.
- रसायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें। नत्रजन का अनावश्यक उपयोग न करें। साथ ही फसल की बढ़वार अधिक दिखाई देने पर वृद्धि नियंत्रक रसायन साईकोसिल का फसल पर उचित समय पर छिड़काव करें।
- फसल में खरपतवारों को न बढ़ने दें एवं समय-समय पर उनकी रोकथाम करें।
- जमीन के अनुकूल उपयुक्त पौध अंतरण पर बुआई की जावे।
- आवश्यकतानुसार सिंचाई कतार छोड़ पद्धति से करें।
- आवश्यक फसल चक्र अपनावे अर्थात् एक ही खेत में प्रतिवर्ष कपास न लें।

## यांत्रिक उपाय

- हानिकारक कीटों के व्यस्क कीटों को ट्रेप कर नष्ट करने के लिये प्रकाश प्रपंच/फेरोमेन ट्रेप का प्रयोग करें।
- पक्षियों को बैठने हेतु बर्ड पर्चर 20-25 नग (टी आकार की लकड़ी की खूटियां) प्रति हेक्टेयर लगावें जिस पर पक्षी बैठ सके एवं कीटों को खाकर नष्ट कर सके।

## जैविक उपाय

कपास फसल परितंत्र (इको सिस्टम) में लगभग 25-30 प्रकार के प्राकृतिक परजीवी, परभक्षी कीट एवं बीमारियां पाई जाती हैं जो किसान भाईयों को अति सूक्ष्म होने एवं पहचान नहीं होने के कारण दिखाई नहीं देते परंतु ये लाभदायक जीव अपना काम (कीट नियंत्रण) करते रहते हैं, एवं कपास के हानिकारक कीटों की संख्या पर अपना नियंत्रण करने का प्रयास भी करते रहते हैं। परंतु कीटनाशक दवाओं के असंतुलन एवं अत्यधिक उपयोग से ये लाभदायक कीट नष्ट हो जाते हैं, परिणामस्वरूप हानिकारक कीटों की संख्या में वृद्धि होने लगती है और ये कीट आर्थिक क्षति स्तर अवस्था को पार करके फसल एवं उसके डेण्डुओं को नुकसान पहुंचाकर नष्ट करने में सक्षम हो जाते है। अतः किसान भाईयों से अपेक्षा है कि वे निम्न लाभदायक जीवों को पहचानें एवं इनका संरक्षण एवं

संवर्धन कर कपास फसल को बचाएं।

## परभक्षी क्रायसोपा

बाजार में उपलब्ध इस कीट के 1000 अंडे या इल्लियां / एकड़ के मान से कपास के खेत में माहो, सफेद मक्खी या चेपा का अधिक प्रकोप दिखाई देने की अवस्था में 8-10 दिनों के अंतराल पर दो बार छोड़ने से इन कीटों के प्रकोप में कमी आती है।

## परभक्षी लेडीबर्ड बीटल

कपास के साथ चवला, मक्का या ज्वार लगाने से इस कीट का संरक्षण होता है इस कीट के शिशु एवं व्यवस्क माहो को खाकर नष्ट करते हैं।

## अन्य परभक्षी जैसे

नीलकंठ, काली चिड़िया, मैना, बगुले जो कीटों की इल्लियों को चुन-चुन कर खाते हैं, इनका संरक्षण करने हेतु खेतों में मक्का, ज्वार या बांस की लम्बी खूटियां जगह-जगह पर लगाना चाहिए।

## छिड़काव करते समय सावधानियां

- दो या दो से अधिक कीटनाशक दवाओं को बिना जानकारी के मिला कर छिड़काव नहीं करना चाहिए।
- कीटनाशक दवाओं का घोल छिड़काव पम्प में ही बनाने के तरीकों को रोकना चाहिए।
- लगातार बार-बार एक ही कीटनाशक दवा का उपयोग नहीं करना चाहिए तथा दवाओं को बदल-बदल कर उपयोग करें.
- सिंथेटिक पायराथ्राईड्स का उपयोग न करें इनके अनावश्यक प्रयोग से फसल में रस चूसक कीटों का प्रकोप होने की संभावना बढ़ होती है।
- छिड़काव हेतु पानी की मात्रा 500 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर के मान से उपयोग करना चाहिए।
- तेज धूप व तेज वर्षा के समय छिड़काव कार्य नहीं करना चाहिए।
- बरसात के मौसम में छिड़काव कार्य करते समय वर्षा की संभावना हो तो दवा के घोल में चिपकने वाली दवा जैसे सेण्डोविट या टीपोल आदि मिलाकर ही छिड़काव करें।
- कीटनाशक दवाओं का उपयोग एक तकनीकी कार्य है, अतः इसका उपयोग निर्देशानुसार पूर्ण सावधानी सहित अपनाना चाहिए।

# अरहर में एकीकृत कीटनाशी प्रबंधन



अरहर फसल को कीटों के प्रति अधिक सावधानियां रखनी होती है क्योंकि इस फसल में भी अन्य फसलों की तरह अंकुरण से लेकर पकने तक की अवस्था में विभिन्न प्रकार के कीटों का आक्रमण होता है परंतु फूल एवं फली वाली अवस्था में प्रकोप होने पर उत्पादन में कमी आ जाती है। इन अवस्थाओं में आर्थिक रूप से हानि पहुंचाने वाले प्रमुख कीटों को मुख्य रूप से दो भागों में विभाजित किया जा सकता है-

## भेदक कीट

हरी रोंयेदार इल्ली या पिच्छकी शलभ (प्लूम मॉथ), चने की इली (हेलिकोवर्पा आर्मीजेरा), फली मक्खी (पॉड फ्लाई), चित्तीदार फली भेदक (स्पाटेड पॉड बोरर) आदि।

रसचूसक कीट- भूरा फली बग (क्लेवीग्रेला गिब्बोसा) आदि।

## समन्वित कीट प्रबंधन की विभिन्न विधियों का विवरण इस प्रकार है-

- फसल अवशेषों को नष्ट तथा ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करना चाहिये।
- अरहर की जल्दी पकने वाली जातियों का चुनाव करें जैसे- प्रगति, जाग्रति, उपास 120, प्रभात आदि।
- जिन क्षेत्रों में चित्तीदार फली भेदक का प्रकोप अधिक होता है वहां पर मध्यम अवधि की किस्मों की खेती करें जैसे आशा, नं. 148 आदि। इन जातियों में कीट प्रकोप कम होता है।
- प्रारंभिक अवस्था में हरी रोयेंदार इल्ली (पिच्छकी शलभ) की हरे या भूरे रंग की इल्लियों तथा शंखियों को इकट्ठा कर नष्ट कर दें।
- चने का फली भेदक प्रकोपित क्षेत्रों में फेरोमेन प्रपंच का उपयोग करें तथा हर दिन सुबह इनमें इकट्ठी पंखियों को नष्ट कर दें। एक हेक्टेयर में 5 फेरोमेन प्रपंच लगाना चाहिए। इन प्रपंचों में प्रयुक्त सेप्टा को 15 दिन बाद बदल दें।
- प्रकाश प्रपंच का उपयोग करें तथा सुबह इनमें इकट्ठा प्रौढों को नष्ट कर दें।
- खेत के अन्दर 4 से 5 मीटर की दूरी पर टी आकार की बांस की खूंटियों को, जिसकी लगभग ऊंचाई फसल से 30 से.मी. अधिक हो, लगा दें।
- अरहर की फसल में हानिकारक कीटों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के परभक्षी मित्र जीव (मकड़ी, बड़ा पतंगा, मेन्टिड, काक्सीनेला, रिजूविड बग, क्रायसोपा आदि) परजीवी मित्र कीट (एपेन्टेलिस, ब्रेकान, ग्रायन, डायडिगमा, केम्पोलेटिस आदि) तथा रोगाणु पाये जाते हैं। अतः कीटनाशकों का प्रयोग बहुत सोच समझकर करें ताकि मित्र जीवों का संरक्षण एवं संवर्धन फसल के अंदर होता रहे।
- हानिकारक कीटों के सर्वेक्षण के अंतर्गत फसल पर फूलने एवं फली भरने की अवस्था पर हानिकारक कीट एवं उनके प्राकृतिक शत्रु (मित्र कीट) की संख्या के आकलन हेतु सामान्य नजरिया आकलन सप्ताह में दो बार करना चाहिये।
- अरहर में फूल आने की अवस्था में जब कीड़े आर्थिक हानि स्तर पर पहुंचने लगे या हानिकारक कीटों एवं लाभदायक जीवों का अनुपात 1: 05 होने पर सतर्क हो जायें तथा कम अनुपात होने पर कीटनाशकों का उपयोग करें। पहला छिड़काव 10 दिनों के अंतराल पर एन. पी. वी.(न्यूक्लियर पालीहाइड्रोसिस वायरस) का 250-500 एल.ई. या नीम तेल का 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर छिड़काव करें। यह नव विकसित इल्लियों के नियंत्रण के लिये काफी कारगर होता है।
- कीटों के अधिक प्रकोप होने की स्थिति में रसायनिक नियंत्रण के लिए प्रथम छिड़काव मेलाथियान 50 ई.सी. 35 ई.सी. एक लीटर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से एवं उसके 15 दिन बाद दूसरा छिड़काव इसके बाद भी आवश्यकता पड़ने पर फिर से 15 दिन बाद तीसरा छिड़काव क्लोरोपायरीफॉस 20 ई.सी. एक लीटर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से करें। हमेशा अदल-बदल कर कीटनाशकों का उपयोग करें। उक्त समन्वित विधियों को अपनाकर किसान भाई अरहर के हानिकारक कीटों का प्रभावशाली ढंग से प्रबंधन कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं। साथ ही कीटनाशकों से होने वाली प्रदूषण की समस्याओं को भी कम कर सकते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में मंत्रियों के बाद पूर्व विधायक सरदार बल्कोर सिंह ने छोड़ी भाजपा

**सिरसा, एजेंसी।** जब से विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से उम्मीदवारों का ऐलान हुआ है तब से लगातार भाजपा में विरोध बढ़ता जा रहा है और कई नेता भाजपा पार्टी से नाराज चल रहे हैं और इस्तीफों का दौर जारी है। इसी कड़ी में आज कालांवाली के पूर्व विधायक व भाजपा के वरिष्ठ नेता बलकौर सिंह ने भी भाजपा को अलविदा कह दिया है। पूर्व विधायक के साथ जिला पार्षद, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष ब्लॉक समिति के मेंबर व अनेक सरपंचों पूर्व सरपंचों पंचों व पूर्व नगर परिषद और भाजपा के पदाधिकारी ने एक साथ भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने का मन बना लिया है और इसी को लेकर आज दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने अपना इस्तीफा पार्टी को भेज दिया है। मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने बताया कि 2019 से वो लगातार भाजपा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति को भाजपा ने यहां से टिकट दिया है पहले भाजपा की तरफ से ही उन्हें यह कहकर निकल गया था कि वह नशे का व्यापार करते हैं। लेकिन, अब उसी को दोबारा टिकट दे दी है। उन्होंने कहा कि वह नशा बेचने वालों के खिलाफ हैं। इसी को लेकर उन्होंने अब भाजपा को को छोड़ अपने साथियों सहित कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

### सैकड़ों जिंदगियों का रखवाला बना ट्रैकमैन, 500 मीटर दौड़ लगाकर रुकवाई

**कारवार, एजेंसी।** बहादुरी और विलक्षण सतर्कता का प्रदर्शन करते हुए ट्रैकमैन महादेव ने कोंकण रेलवे के कुमता और होन्नावर स्टेशन के बीच एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना को टाल दिया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह करीब 4.50 बजे हुई जब नियमित ड्यूटी पर तैनात महादेव ने क्षेत्र में पटरी के जोड़ पर अधूरी वेल्डिंग देखी। उस समय तिरुवनंतपुरम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस इस मार्ग पर आ रही थी। महादेव ने खतरे को भांपते हुए तुरंत ट्रेन रोकने के लिए कुमटा स्टेशन से संपर्क किया। हालांकि, ट्रेन पहले ही स्टेशन से निकल चुकी थी और खतरनाक खंड की ओर तेजी से बढ़ रही थी। महादेव ने बिना किसी डर के सीधे ट्रेन चालक (लोको पायलट) से संपर्क करने का बहुत प्रयास किया, लेकिन संपर्क स्थापित नहीं हो सका। कुछ करने के लिए अब कुछ मिनट ही बचे थे, ऐसे में उन्होंने तुरंत दूसरा निर्णय लिया। वह पटरियों पर तेजी से दौड़ा और केवल पांच मिनट में आधा किलोमीटर की दूरी तय कर ली। अधिकारियों ने बताया कि ऐन वक्त पर उन्होंने ट्रेन को लाल झंडी दिखाकर रोक दिया और संभावित आपदा को टाल दिया। वेल्डिंग का काम पूरा होने के बाद राजधानी एक्सप्रेस सुरक्षित रूप से कारवार के लिए फिर से रवाना हुई। कोंकण रेलवे जोन के अधिकारियों ने महादेव की सराहना करते हुए उन्हें एक नायक करार दिया। उनकी इस बहादुरी पर कोंकण रेलवे के सीएमडी संतोष कुमार झा ने उन्हें 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया।

# धामी सरकार खोल रही नौकरी का पिटारा, 4400 पदों पर होगी भर्ती

» नौकरी में पारदर्शिता रहे, इसके लिए खुद मुख्यमंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। अभी भी सरकार यूकेएसएसएससी, यूकेपीएससी, चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड आदि के मार्फत नौकरी दिलाने की प्रक्रिया में जुटी है। इसमें पुलिस दरोगा समेत शिक्षकों के सैकड़ों पदों पर वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। इसी क्रम में धामी सरकार ने राज्य के करीब 11 विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती करने का सिलसिला जारी रखने का निर्णय लिया है।

विशेष संवाददाता | देहरादून

उत्तराखंड में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। सरकार 11 विभागों में रिक्त समूह ग के 4405 पदों पर इसी माह भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने 15 सितंबर से आवेदन से लेकर परीक्षा और परिणाम का शेड्यूल जारी करने का निर्णय लिया है। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार अब तक 16 हजार से ज्यादा नौकरी देने का भी रिकॉर्ड बना चुकी है। राज्य में बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने में पुष्कर सिंह धामी सरकार सबसे धाकड़ साबित हो रही है। सरकार ने महज तीन साल के भीतर 16 हजार युवाओं को विभिन्न विभागों में नौकरी देने का रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा राज्य बनने के 23 साल में किसी सरकार में युवाओं को सबसे ज्यादा नौकरी मिलने में बड़ा है। नौकरी में पारदर्शिता रहे, इसके लिए खुद मुख्यमंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। अभी भी सरकार यूकेएसएसएससी, यूकेपीएससी, चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड आदि के मार्फत नौकरी दिलाने की प्रक्रिया में जुटी है। इसमें पुलिस दरोगा समेत शिक्षकों के सैकड़ों पदों पर वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। इसी क्रम में धामी सरकार ने राज्य के करीब 11 विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती करने का सिलसिला जारी रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूकेएसएसएससी के द्वारा स्वीकृत अधियाचन वाले पदों पर पारदर्शिता और समय सीमा के भीतर भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने बताया कि 11 विभागों से करीब 4405 रिक्त पदों पर भर्ती के अधियाचन स्वीकृत हुए हैं। आयोग ने इन रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती की तैयारी पूरी कर ली है। इस माह के 15 सितंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगा। साथ ही परीक्षा तिथि से लेकर परिणाम का शेड्यूल भी जारी कर दिया जाएगा। आयोग के अध्यक्ष मर्तोलिया ने कहा कि आयोग द्वारा संपादित की जा चुकी भर्ती तय शेड्यूल से रिकॉर्ड समय में संपन्न हुई हैं। आयोग का प्रयास रहता कि परीक्षा से लेकर परिणाम समय पर जारी हो। आगे भी पारदर्शिता और समय सीमा पर रिक्त पदों की भर्ती कराई जाएगी। आयोग के अनुसार 15 सितंबर से पुलिस आरक्षी के 2000, वन आरक्षी के 700, इंटर स्तरीय सींचपाल, कनिष्ठ सहायक, राजस्व सहायक, मेट, कार्य पर्यवेक्षक के 1200, वैयक्तिक सहायक के 280, वैज्ञानिक सहायक के 50, स्नातक स्तरीय 50, सहायक विकास अधिकारी के 40, वाहन चालक 25, लाइब्रेरियन के 10, प्राईमरी शिक्षक एसटी के 15, आईटीआई विभिन्न ट्रेड के 35 पदों पर भर्ती होनी है। राज्य गठन के 23 सालों के भीतर युवाओं को समय पर रिकॉर्ड नौकरी मिली हैं। करीब 16 हजार युवाओं को अब तक नौकरी मिल चुकी हैं। खुद मेरे द्वारा युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। हमारी सरकार द्वारा राज्य में देश का सबसे सख्त नकलरोधी कानून बनाने के बाद प्रतिभावान युवाओं को चार-चार नौकरी मिल रहीं हैं। पहले नकल माफियाओं द्वारा नौकरी का सौदा कर दिए जाने से एक ही परिवार के सदस्यों को चार-चार नौकरी मिलती थी। हमने संकल्प लिया कि उत्तराखंड के हितों और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# असम के कुछ जिलों में आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों को देने होंगे एनआरसी नंबर

**दिसपुर, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को जानकारी दी कि कुछ जिलों में आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों को एनआरसी नंबर देने होंगे। असम में अवैध घुसपैठ का मामला काफी पहले से बना हुआ है। हाल ही में पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बीच घुसपैठियों की संख्या पहले से और भी ज्यादा हो गई है। इस पर प्रदेश सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। असम के कुछ विशेष जिलों में जनसंख्या से अधिक लोगों ने आधार कार्ड का आवेदन किया। इसलिए हम उन्हें आधार कार्ड देंगे, जिसके पास एनआरसी नंबर हो, ताकि घुसपैठियों को नागरिकता ना मिले। बता दें कि हाल की रिपोर्ट से इस बात की जानकारी सामने आई है कि असम में घुसपैठियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसी को देखते हुए सरकार ने अवैध प्रवेश को रोकने के लिए एक्शन तेज कर दिया है। असम सरकार के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, जनवरी 2024 से अब तक 54 घुसपैठिये पकड़े गए हैं। इनमें करीमगंज जिले में 48, बोंगईगांव जिले में 4, और हाफलोंग जीआरपी और धुबरी जिले में एक-एक घुसपैठिए पकड़े गए।

## कांग्रेस ने युवाओं को बनाया खिलाड़ी, बीजेपी युवाओं को बना रही है नशेड़ी : भूपेंद्र हुड्डा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि भाजपा ने प्रदेश के युवाओं को नशे के दलदल में धकेल दिया है। इसके चलते लाखों परिवार बर्बाद हो चुके हैं और हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। कांग्रेस सरकार ने जिसे हंसता-खेलता व आगे बढ़ता हरियाणा बनाया था, उसे बीजेपी ने नशे में उड़ता हरियाणा बना डाला है। कांग्रेस ने जिन युवाओं को खिलाड़ी बनाने की नीतियां तैयार की थीं, बीजेपी ने उन युवाओं को नशेड़ी बनाने की नीतिया लागू की हैं।

हुड्डा अपने आवास पर सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हुड्डा से कांग्रेस सरकार बनने पर नशे पर नकेल कसने की मांग की। उनसे बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा आए दिन नशे के चलते मौत का शिकार हो रहे हैं, लेकिन सरकार ना तो नशे पर रोक लगा रही है और ना ही तस्करों पर कोई कार्रवाई कर रही है।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में हर वर्ष एक लाख से ज्यादा लोग नशे की वजह से अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। अकेले सिरसा में ही दो साल में 65 लोगों की मौत नशे की ओवरडोज से हो चुकी है। बीजेपी राज में 400 से ज्यादा लोग नशे की ओवर डोज से अपनी जान गंवा चुके हैं। दर्जनों लोगों की जहरीली शराब के चलते मौत हो चुकी है।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रिपोर्ट में सामने आया है प्रदेश के 22 में से 13 जिले तो बुरी तरह नशे की चपेट में हैं। जबकि जमीनी हकीकत तो यह है कि बीजेपी सरकार ने गांव-गांव, गली-गली, हरेक मोहल्ले में नशा पहुंचा दिया है। हर जगह खुलेआम सिंथेटिक नशा बिक रहा है। लेकिन नशा कारोबारियों किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती। इससे स्पष्ट है कि इस कारोबार को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। भूपेंद्रसिंह हुड्डा ने बताया कि 2014 तक प्रदेश में नशे के चलते अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या 1400 थी, जो अब बढ़कर अकेले सिरसा में 35 हजार से ज्यादा हो चुकी है। हर साल करीब एक लाख युवा नशे के चलते इलाज के लिए अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। कई युवा तो इलाज के लिए आते ही नहीं और अपनी पूरी जिंदगी बर्बाद कर देते हैं। हुड्डा ने कहा ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर नशा, अपराध और बेरोजगारी तीनों पर नकेल कसी जाएगी। क्योंकि बेरोजगारी ही नशे और अपराध की जननी है। आज हरियाणा बेरोजगारी के मामले में पूरे देश में नंबर वन है। इसीलिए प्रदेश नशे और अपराध के मामले में भी पहले पायदान पर पहुंच गया है। अब हरियाणा को इस बीमारी से निजात दिलाने का समय आ गया है।

# एससी/एसटी एक्ट में यौन अपराधों को लेकर हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट का कहना है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज यौन अपराधों में भी जमानत याचिका पर सुनवाई की वीडियोग्राफी अनिवार्य है। हाईकोर्ट ने यह बात दिल्ली में नाबालिग के बलात्कार और हत्या मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कही।

जस्टिस विकास महाजन ने कहा कि अधिनियम की धारा 15ए (10) के प्रावधान अनिवार्य हैं और वर्तमान जमानत कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग करनी होगी। हाईकोर्ट ने कहा, स्पष्ट रूप से एक ओर अधिनियम की धारा 15ए (10) के तहत पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा के लिए जमानत कार्यवाही की रिकॉर्डिंग के प्रावधानों और दूसरी ओर आईपीसी की धारा 228ए और पॉक्सो अधिनियम की धारा 23 के बीच कोई असंगति नहीं है।

हाई कोर्ट ने कहा, इस प्रकार यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि विधायिका का इरादा अधिनियम के तहत किए गए यौन अपराधों के संबंध में धारा 15ए(10) के अनुपालन के साथ-साथ आईपीसी के तहत महिला पीड़ितों से संबंधित है, जिनकी पहचान कानून के तहत संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने आरोपी लक्ष्मी नारायण की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता ने धारा 302/304/376/342/506/201/34 आईपीसी, पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 के तहत पुलिस स्टेशन दिल्ली कैंट, दिल्ली में दर्ज एक मामले में धारा 439 सीआरपीसी के तहत नियमित जमानत की मांग करते हुए वर्तमान याचिका दायर की थी।

सीआरपीसी की धारा 439 के तहत दायर याचिकाकर्ता की इसी तरह की जमानत याचिका को पटियाला हाउस कोर्ट ने 8 जून, 2023 को खारिज कर दिया था। शिकायतकर्ता के वकील महमूद प्राचा ने कहा कि अधिनियम की धारा 15ए की उपधारा (10) के मद्देनजर, अधिनियम के तहत अपराधों से संबंधित सभी कार्यवाही, जिसमें वर्तमान मामला भी शामिल है, की वीडियो रिकॉर्डिंग की जानी है।

उन्होंने आगे कहा कि, जैसा कि वर्तमान मामले में, शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी के साथ आरोपियों ने बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी और चूंकि शिकायतकर्ता अनुसूचित जाति समुदाय से है, इसलिए वह अधिनियम की धारा 2(1)(ईसी) के अर्थ में पीड़ित है। इसके अलावा, चूंकि वर्तमान मामले में लगाए गए कुछ अपराध अधिनियम के तहत भी हैं, इसलिए अधिनियम की धारा 15ए(10) के प्रावधान वर्तमान जमानत कार्यवाही पर लागू होंगे और इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य है।

## सीएम माणिक साहा बोले- त्रिपुरा में महिला शिक्षा को मिला बढ़ावा

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने राज्य में उच्च शिक्षा में लड़कियों के सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में वृद्धि की घोषणा की। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए, सामान्य डिग्री कॉलेजों में 37,450 लड़कियां नामांकित हुईं, जो 35,800 लड़कों से अधिक है। पिछले शैक्षणिक वर्ष में, 35,650 लड़कियां नामांकित हुईं, जबकि 35,800 लड़के नामांकित हुए। उनाकोटी जिले में रामकृष्ण महाविद्यालय के प्लेटिनम जयंती समारोह में बोलते हुए, साहा ने 2022 से कॉलेज स्तर तक लड़कियों के लिए मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की सरकार की पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा हम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं और कई उपाय लागू किए हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न उपायों का विवरण दिया। इनमें सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, गुलाबी शौचालयों की स्थापना और सरकारी स्टालों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण शामिल हैं। उन्होंने जीईआर में वृद्धि को इन पहलों का श्रेय दिया। साहा ने त्रिपुरा के कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

## मेडिकल काउंसिल ने वित्तीय कदाचार के मामले में पूर्व अस्पताल प्रिंसिपल से पूछताछ की

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल ने शनिवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को कारण बताओ नोटिस जारी किया। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सुविधा में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में उनकी गिरफ्तारी के बाद हुई है। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि परिषद उनका मेडिकल पंजीकरण रद्द करने पर विचार कर रही है।

डॉ. घोष को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। हमने उन्हें जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया है, अधिकारी ने कहा। डॉ. घोष को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इन वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में गिरफ्तार किया था। ये आरोप 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के शव मिलने के बाद सामने आए। पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षु डॉक्टर को कथित तौर पर ड्यूटी पर रहते हुए बलात्कार और हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए।

तीन अन्य डॉक्टरों को तब तक परिषद की गतिविधियों से दूर रहने का निर्देश दिया गया है जब तक कि वे अपने खिलाफ लगे आरोपों को साफ नहीं कर लेते। ये डॉक्टर डॉ. घोष के करीबी सहयोगी हैं और उन पर विभिन्न सरकारी अस्पतालों में अन्य चिकित्सा पेशेवरों को धमकाने का आरोप है। इनमें शामिल डॉक्टरों में बर्दवान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर अविक डे, उसी संस्थान के पूर्व वरिष्ठ डॉक्टर बिरुपाक्ष विश्वास और मिदनापुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के जूनियर मेडिकल अधिकारी मुस्तफिजुर रहमान मल्लिक शामिल हैं।

# संजौली मस्जिद विवाद में एमसी कोर्ट में 5 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

**शिमला , एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली मस्जिद विवाद के मामले में नगर निगम आयुक्त (एमसी) सुनील अत्री के कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में आयुक्त सुनील अत्री ने इस मामले में संबंधित जेई को फटकार लगाते हुए अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को कर दी है। इस मामले में नगर निगम आयुक्त (एमसी) सुनील अत्री ने वक्फ बोर्ड और जेई को स्टेट्स रिपोर्ट दायर करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मामले में संजौली के निवासियों की ओर से भी अदालत में पार्टी बनने को लेकर एप्लिकेशन दी गई है।

संजौली लोकल रेजिडेंट (हिंदू संगठन) के एडवोकेट ने बताया, जिस जमीन पर मस्जिद बनी है, वह जमीन सरकारी है। रिकॉर्ड्स के मुताबिक हिमाचल प्रदेश सरकार उस जमीन की मालिक है। आज मजबूरी में 14 साल बाद यहां के आम लोगों को इस मामले में पार्टी बनना पड़ा है। किसी आदमी ने इस जमीन पर गैरकानूनी तरह से निर्माण कर लिया गया था। जिसके बाद साढ़े तेरह सालों तक वक्फ बोर्ड गायब रहा।

उन्होंने आगे कहा, साढ़े तेरह सालों बाद अचानक वक्फ बोर्ड कहता है कि यह मस्जिद उनकी है। इस पर कोर्ट ने उनसे कागजात मांगे जो वह नहीं दिखा पाए। हमारे कागजों के मुताबिक, उस जमाबंदी में खसरा नंबर 36 पर जो मस्जिद है वह अवैध है। यहां पर इसका मतलब है कि यह सरकारी जमीन पर बनाई गई मस्जिद है। मैं किसी समुदाय को लेकर बात नहीं करता। मैं वकील हूं, मेरे लिए सारे धर्म बराबर हैं। हमने अपनी 20 पेज की एप्लीकेशन में कहीं भी हिंदू और मुस्लिम शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। हमने सिर्फ गैर कानूनी निर्माण के बारे में बात की है। नियमों के मुताबिक वह किसी का भी हो, वह टूटना चाहिए। इस पूरे मामले पर वक्फ बोर्ड के वकील भूप सिंह ठाकुर ने बताया कि जो भी जेई रिपोर्ट देंगे, मैं उसको एग्जामिन करूंगा और अपना रिप्लाई फाइल करूंगा। वक्फ बोर्ड के स्टेट ऑफिसर कुतुबदीन ने बताया कि उन्होंने शनिवार को अपना जवाब फाइल किया कर दिया है। जो कोर्ट ने उनसे मांगा था।

# जम्मू में उम्मीदवारों की किस्मत तय करने में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की अहम भूमिका

**जम्मू, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने में विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने में अनुसूचित जाति के मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और इसी संदर्भ में सभी राजनीतिक दल इस वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। जम्मू और कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें से 07 सीटें अनुसूचित जाति (एससी) और 09 सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं।

जम्मू राज्य में 20 ऐसे निर्वाचन क्षेत्र हैं, जहां अनुसूचित जाति की आबादी 19 से 26 प्रतिशत के बीच है और यह पर्याप्त आबादी इन निर्वाचन क्षेत्रों में गैर-आरक्षित उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर सकती है। यह किसी भी राजनीतिक दल को जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने में मदद कर सकता है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मढ़ निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 42.55 प्रतिशत है। इसी तरह बिश्ना में 41.95 प्रतिशत, रामनगर में 36.73, सुचेतगढ़ में 36.71, अखनूर में 31.29, कठुआ में 31.28 और रामगढ़ में 30.48 प्रतिशत मतदाता अनुसूचित जाति के हैं।

राजौरी, गुलाबगढ़, बुद्धल, मेंढर, सुरनकोट, थानमंडी (जम्मू क्षेत्र), गुरेज, कोकरनाग, कंगन (कश्मीर क्षेत्र) सहित अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटें भी जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इन विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के मतदाताओं का प्रतिशत काफी कम है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना ??है कि सात आरक्षित सीटों पर मतदाता विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण कारक की भूमिका निभाएंगे।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुक्रवार को जम्मू में जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनाव घोषणापत्र सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पदोन्नति में आरक्षण पर केंद्रित है। पिछले विधानसभा चुनाव में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने 28 सीटें, बीजेपी ने 25, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं। इस बार चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

# कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने महादयी परियोजना को मंजूरी देने की केंद्र सरकार से की अपील

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी से महादयी परियोजना के लिए अनुमोदन और ऊपरी भद्रा परियोजना के लिए धन सुरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की है।

शनिवार को डीके शिवकुमार ने प्रह्लाद जोशी से इन परियोजनाओं को एमयूडीए और अभिनेता दर्शन की गिरफ्तारी जैसे मुद्दों को उठाने पर प्राथमिकता देने की अपील की।

शिवकुमार जोशी के इस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि कांग्रेस सरकार वाल्मीकि निगम घोटाले से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए अभिनेता दर्शन की जेल के अंदर सिगरेट पीते हुए एक तस्वीर जारी करके लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, मैं लगभग 15 दिनों में मुख्यमंत्री से बात करूंगा कि महादयी पर सर्वदलीय बैठक बुलाना है या आयोग की बैठक बुलाना है। हम महादयी के लिए अपनी लड़ाई की प्रकृति पर चर्चा करेंगे। महादयी परियोजना में इसकी सहायक नदियों, कलासा और बंडुरी पर बांधों के निर्माण के माध्यम से महादयी नदी से पानी मोड़ना शामिल है। ऊपरी भद्रा परियोजना एक महत्वपूर्ण सिंचाई पहल है जिसका उद्देश्य कर्नाटक के सूखाग्रस्त मध्य जिलों को सिंचाई और पेयजल प्रदान करना है।

# इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन ने लिया संन्यास

**लंदन, (एजेंसी)।** इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर मोईन अली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. वे कई मौकों पर दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं. मोईन का भारत के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है. वे विराट कोहली को ऑन ग्राउंड काफी परेशान कर चुके हैं.

मोईन ने कोहली को 10 बार आउट किया है. लेकिन अब उन्होंने करियर का अहम फैसला ले लिया है. मोईन का कहना है कि इंग्लैंड क्रिकेट टीम को आगे बढ़ने की जरूरत है.

## संक्षिप्त समाचार

# टीम इंडिया को मिलने वाला है नया धोनी?

### जुरेल ने ऐसा क्या कि हो रही तारीफ

**नईदिल्ली, (एजेंसी)।** दिलीप ट्रॉफी 2024 का पहला मैच इंडिया ए और इंडिया बी के बीच खेला जा रहा है. इस मुकाबले में ध्रुव जुरेल इंडिया ए की तरफ से खेल रहे हैं. वे पहली पारी में महज 2 रन बनाकर आउट हुए. जबकि दूसरी पारी में जीरो पर आउट हो गए. लेकिन फिर भी उनकी तारीफ हो रही है. वजह है कमाल की विकेटकीपिंग. ध्रुव जुरेल ने इस मुकाबले में शानदार विकेटकीपिंग की है. उन्होंने पूर्व दिग्गज भारतीय खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है.दरअसल ध्रुव जुरेल दिलीप ट्रॉफी की एक पारी में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने धोनी की बराबरी कर ली है. धोनी ने 2004-05 में ईस्ट जोन के लिए खेलते हुए एक पारी में 7 कैच लपके थे. अब जुरेल ने भी 7 कैच ले लिए हैं. इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर सुनील बेंजामिन हैं. उन्होंने 1973-74 के सीजन में सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए 6 कैच लपके थे. धोनी ने बेंजामिन का रिकॉर्ड तोड़ा था. अब जुरेल ने उनके रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है.

भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. जुरेल को इस सीरीज के लिए मौका दिया जा सकता है. महज 23 साल के जुरेल टीम इंडिया के लिए टेस्ट डेब्यू कर चुके हैं. लेकिन उन्हें अभी तक ज्यादा मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला है. जुरेल ने भारत के लिए 4 टेस्ट पारियों में 190 रन बनाए हैं. उन्होंने इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ खेलते हुए टेस्ट डेब्यू किया था. जुरेल भारत के लिए 2 टी20 मैच भी खेल चुके हैं.

ध्रुव जुरेल की उनकी शानदार विकेटकीपिंग की वजह से सोशल मीडिया पर तारीफ हो रही है. एक्स पर एक यूजर ने ध्रुव को ऋषभ पंत और संजू सैमसन से भी बेहतर पता दिया.

# एंड्र्यू फ्लिंटॉफ का कोचिंग में डैब्यू

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व दिग्गज हरफनमौला एंड्र्यू 'फ्रेडी' फ्लिंटॉफ को शनिवार को इंग्लैंड लायन्स (इंग्लैंड की ए टीम) का मुख्य कोच

नियुक्त किया गया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान अपने खेल करियर को समाप्त करने के बाद से टेलीविजन चैनलों से जुड़े रहे है, लेकिन अब वह कोचिंग के क्षेत्र में नई शुरुआत करेंगे।

फ्लिंटॉफ ने नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कहा कि मैं इंग्लैंड लायन्स के साथ यह भूमिका निभाने के लिए अविश्वसनीय रूप से उत्साहित हूं। यह देश की कुछ बेहतरीन उभरती प्रतिभाओं के साथ काम करने और पुरुषों टीम के भविष्य को आकार देने में मदद करने का एक शानदार अवसर है। फ्लिंटॉफ को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरों के साथ-साथ भारत ए और जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले सत्र में होने वाले मुकाबलों की जिम्मेदारी दी गई है।

पिछले साल क्रिकेट में वापसी के बाद से 46 साल के फ्लिंटॉफ टी20 विश्व कप में सहायक कोच रहे हैं। उन्होंने 'द हंड्रेड' में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का मार्गदर्शन किया।

**पेरिस पैरालंपिक**

# ईरान का जैवलिन थ्रोअर अयोग्य घोषित गोल्ड में बदला नवदीप सिंह का सिल्वर मेडल

**पेरिस, (एजेंसी)।** पेरिस पैरालंपिक में शनिवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ41 फाइनल में नाटकीय प्रदर्शन के बीच ईरान के बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारत के नवदीप सिंह के रजत पदक को स्वर्ण में बदल दिया गया। यह पुरुषों की भाला एफ41 श्रेणी में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। नवदीप का पहला प्रयास फाउल रहा लेकिन उन्होंने दूसरे प्रयास में 46.39 मीटर के थ्रो के साथ शानदार वापसी की।

तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले नवदीप के तीसरे थ्रो ने स्टेडियम को रोमांचित कर दिया। उन्होंने 47.32 मीटर के विशाल थ्रो के साथ पैरालंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया और बढ़त बना ली। सादेघ ने हालांकि अपने पांचवें प्रयास में भारतीय खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 47.64 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो किया। फाइनल की समाप्ति के कुछ समय बाद ईरान के खिलाड़ी को अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके कारण नवदीप ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

सयाह को बार-बार आपत्तिजनक झंडा प्रदर्शित करने के लिए अयोग्य घोषित किया गया। वह अपनी हरकतों से स्वर्ण पदक गवां बैठे। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के नियम एथलीटों को आयोजन में कोई भी राजनीतिक संकेत देने से रोकते हैं और सयाह को गैर-खेल/अनुचित आचरण के लिए अंतिम परिणामों से बाहर कर दिया गया था। इस स्पर्धा का रजत विश्व रिकॉर्ड धारक चीन के सन पेंगजियांग (44.72) के नाम रहा जबकि इराक के नुखाइलावी वाइल्डन (40.46) ने कांस्य पदक जीता। एफ41 श्रेणी छोटे कद के एथलीटों के लिए है।

नवदीप ने इस स्वर्ण पदक के साथ तोक्यो खेलों में चौथे स्थान पर रहने की कसक को

दूर की। आयकर विभाग में निरीक्षक के पद पर तैनात नवदीप ने 2017 में खेल में आने के बाद से राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार पदक जीते हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पैरा-विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

# भारत का ऐतिहासिक सफर 29 मेडल के साथ खत्म

### 7 गोल्ड जीते, एथलेटिक्स में 17 पदक, आर्चरी-शूटिंग में 1-1 गोल्ड

**नईदिल्ली, (एजेंसी)।** पेरिस पैरालिंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए भारत ने 7 गोल्ड समेत 29 मेडल जीतकर अपना सफर समाप्त किया। 10वें दिन देश को 2 मेडल मिले, मेंस स्न41 कैटेगरी के जैवलिन थ्रो इवेंट में नवदीप ने गोल्ड और विमेंस टी-12 कैटेगरी की 200 मीटर रेस में सिमरन ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया।

भारत मेडल टैली में 16वें नंबर पर रहा, देश ने 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल जीते। यह भारत का बेस्ट प्रदर्शन है, इससे पहले टोक्यो में देश ने 5 गोल्ड समेत 19 मेडल जीते थे। एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा 17 मेडल भारत ने टोक्यो में 19 मेडल जीते थे, इस बार 17 मेडल तो एथलेटिक्स में ही आ गए। एथलीट्स ने 4 गोल्ड, 6 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल जीते। जबकि बैडमिंटन दूसरा बेस्ट स्पोर्ट रहा, इसमें 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल मिले। भारत को पैरा आर्चरी में पहली बार गोल्ड मेडल मिला, हरविंदर सिंह ने यह कारनामा किया।

आर्चरी में राकेश कुमार और शीतल देवी की जोड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल भी जीता। शूटिंग में 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल मिले। इनके अलावा जूडो में पहली बार एक ब्रॉन्ज मेडल मिला। ईरानी एथलीट के डिसक्वालिफाई होने के बाद नवदीप को गोल्ड मिला मेंस स्न41 कैटेगरी के फाइनल में भारत के नवदीप ने सिल्वर मेडल जीता था, लेकिन ईरानी एथलीट के डिसक्वालिफाई होने के बाद उन्हें गोल्ड मेडल मिल गया। नवदीप ने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 47.32 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका। यह पैरालिंपिक रिकॉर्ड रहा, लेकिन फिर ईरान के सादगेह सायाह ने अपने 5वें अटेम्प्ट में 47.64 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक दिया।

नवदीप ने मेंस स्न41 कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता।

हालांकि, ईरानी एथलीट के डिसक्वालिफाई हो जाने के बाद नवदीप को गोल्ड मेडल मिल गया। ईरानी एथलीट को आतंकी संगठन से जुड़ा फ्लैग दिखाने के कारण डिसक्वालिफाई किया गया।जबकि ब्रॉन्ज जीतने वाले चीन के पेंगजियांग सुन का मेडल सिल्वर में बदल गया। स्न41 कैटेगरी में वे एथलीट्स आते हैं, जिनकी हाईट कम होती है। सिमरन ने 200 मीटर में कामयाबी दिलाई विमेंस टी-12 कैटेगरी में भारत की सिमरन ने 200 मीटर रेस में आखिरकार ब्रॉन्ज मेडल जीत ही लिया। सिमरन 100 मीटर रेस में मेडल जीतने से चूक गई थीं। 4 प्लेयर्स के फाइनल में उन्होंने 24.75 मीटर के टाइम के साथ रेस पूरी की। क्यूबा की एथलीट ने गोल्ड और वेनेजुएला की एथलीट ने सिल्वर मेडल जीता। झ12 कैटेगरी में वे एथलीट्स आते हैं, जिन्हें देखने में समस्या होती है। इसलिए ट्रैक इवेंट्स में उनके साथ एक गाइड भी दौड़ता है।

6 प्लेयर मेडल नहीं जीत सके विमेंस ष्ट1-3 कैटेगरी के रोड साइक्लिंग इवेंट में ज्योति गडेरिया रेस पूरी नहीं कर सकीं। वह 15वें नंबर पर रहीं। मेंस रोड साइक्लिंग इवेंट में अरशद शेख भी रेस पूरी नहीं कर सके, वह 28वें नंबर पर रहे।

मेंस की 50 मीटर बटरफ्लाई स्7 कैटेगरी में भारत के सुयश जाधव 5वें नंबर पर रहे। विमेंस में कैटेगरी की 200 मीटर विमेंस पैरा कनोइंग फाइनल में भारत की प्राची यादव 8वें नंबर पर रहीं। उन्होंने 1.08.55 मिनट में रेस पूरी की।

# एरिना सबालेंका ने जीता यूएस ओपन

### अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया



**न्यूयॉर्क, (एजेंसी)।** बेलारूसी स्टार एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 53 मिनट तक चला। 26 साल की सबालेंका पहली बार साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम की सिंगल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी हैं। सबालेंका का यह ओवरऑल चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। उन्होंने सिंगल्स में 2023 में ऑस्ट्रेलिया ओपन जीता था। साथ ही डबल्स में 2019 में यूएस ओपन और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बनी थी।

# पाकिस्तान को हराते ही बदले बीसीबी के सुर, भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश के कोच बने रहेंगे हाथुरूसिंघा

**ढ़ाका, (एजेंसी)।** बांग्लादेश की टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को उसके घर में पटखनी दी थी. बांग्लादेश ने पहली बार पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में हराया था. सीरीज में 2-0 मिले ऐतिहासिक जीत के बाद टीम के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने हेड कोच चंडिका हाथुरूसिंघा की खूब तारीफ की थी. वहीं इस जीत बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के भी सुर बदले हुए नजर आ रहे हैं.

बोर्ड हाथुरूसिंघा को किसी तरह पद से हटाने पर तुला हुआ था. हालांकि, अब बीसीबी के डाइरेक्टर नजुमल आबदिन ने साफ कर दिया है कि हाथुरूसिंघा भारत खिलाफ 19 सितंबर से होने वाले टेस्ट सीरीज में भी टीम के हेड कोच बने रहेंगे. बीसीबी डाइरेक्टर ने भारत को भी टक्कर देने की भी बात कही है.

पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बाद बीसीबी के डाइरेक्टर नजमुल आबदिन ने कहा है कि हाथुरूसिंघा बांग्लादेश लौटेंगे और वहीं रहेंगे. इतना ही नहीं वो टीम के हेड कोच बने रहेंगे और भारत के खिलाफ खिलाड़ियों को गाइड करेंगे.

बता दें बीसीबी के साथ हाथुरूसिंघा का कॉन्ट्रैक्ट 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी तक है. पाकिस्तान में टीम की जीत के बाद वो सीधे अपने देश श्रीलंका चले गए थे. अब वो 12 सितंबर तक बांग्लादेश लौट सकते हैं.

बांग्लादेश में सरकार बदलने बाद से बीसीबी के कई अधिकारी देश छोड़कर भाग गए थे. इसके बाद बोर्ड में काफी बदलाव हुए. फारुक अहमद को बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था.

# भारत 2030 युवा ओलंपिक के लिए पेश करेगा दावेदारी: खेल मंत्री मंडाविया

नईदिल्ली, (एजेंसी)। मंडाविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है।

खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है, जो 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

वर्ष 2030 में पांचवें युवा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मंडाविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने ओसीए महासभा को संबोधित करते हुए कहा, 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया महासभा के संयोजक के रूप में आपके सामने खड़ा होना एक बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य है। भारत ने हमेशा ओलंपिक मोमेंट और इससे जुड़ी खेल भावना का गहरा सम्मान किया है।

हमें नई दिल्ली में इस महासभा की मेजबानी करने पर बहुत गर्व है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, मोदीजी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।

युवा ओलंपिक 2023 की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत के अलावा पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, थाईलैंड, मंगोलिया, रूस, यूक्रेन, बोस्निया और हर्जेगोविना भी दौड़ में शामिल हैं।

**ऑस्टेलिया वर्सेस स्काटलेंड टी-20**

# कैमरन ग्रीन ने बल्ले और गेंद से मचाया कोहराम ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड का किया 3-0 से सूपड़ा साफ

**एडिनबर्ग (स्कॉटलैंड)(एजेंसी)।** कैमरून ग्रीन के ऑलराउंड प्रदर्शन और बेहतरीन फील्डिंग की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने एडिनबर्ग में खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में स्कॉटलैंड को छह विकेट से रौंद दिया. इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप हासिल कर ली.

ग्रीन ने पहले अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मेजबान स्कॉटलैंड को 9 विकेट पर 149 रन पर रोक दिया और फिर करियर की अपनी बेस्ट पारी दम पर लक्ष्य को हासिल कर लिया. मैच में कुल 302 रन बने, जोकि ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के द्वारा टी-20 में यह अब तक का एक मैच में सबसे कम कुल रनों (302) का रिकॉर्ड है. इससे पहले, स्कॉटलैंड के लिए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों में अपना तीसरा अर्धशतक बनाया,

लेकिन एक बार फिर उनका ये स्कोर पर्याप्त नहीं था क्योंकि वह और सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से स्कॉटलैंड के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे.

मैकमुलेन ने 39 गेंदों पर तीन चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 56 रनों की लाजवाब पारी खेली. वहीं, जॉर्ज मुन्से ने 17 गेंदों पर दो छक्कों के सहारे 25 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया के लिए कैमरन ग्रीन ने धाकड़ गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि एरोन हार्डी और सीन एबॉट ने दो-दो विकेट निकाले. इसके अलावा मार्कस स्टोयनिस और एडम जम्पा को एक-एक सफलता मिली.

150 रनों लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 18 रन के अंदर ही अपने दो विकेट खो दिए. हालांकि इसके बाद कैमरन ग्रीन और मिचेल मार्श ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंदों पर 61 रनों की साझेदारी करके टीम को संकट से बाहप निकाला. ग्रीन ने इसके बाद टिम डेविड के साथ मिलकर भी चौथे विकेट के लिए 30 गेंदों पर 52 रनों की साझेदारी निभाई और कंगारुओं को जीत की तरफ अग्रसर कर दिया.

मार्श ने 23 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 31 रन जबकि ग्रीन ने 39 गेंदों पर दो चौके और पांच छक्कों के सहारे 62 रनों की नाबाद और मैच विनिंग पारी खेली. डेविड ने 14 गेंदों पर 25 रनों का योगदान दिया. जैक फेजर मैक्कर्ग इस सीरीज में दूसरी बार खाता खोले बिना आउट हो गए. ट्रेविस हेड ने 12 रन बनाए.

# विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2024 में फीडे नें की बदलावों की घोषणा

**न्यू यॉर्क , यूएसए (एजेंसी)।** शतरंज की दुनिया में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। विश्व शतरंज संघ ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2024 के लिए नए फॉर्मेट की घोषणा की है, जिसमें स्विस सिस्टम और नॉकआउट चरण का मिश्रण शामिल होगा। इस नए फॉर्मेट से न केवल चैंपियनशिप का रोमांच बढ़ेगा, बल्कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता और और उनकी लय की यह कड़ी परीक्षा होगी । इस बार, पुरुषों वर्ग में 13 राउंड और महिलाओं के वर्ग में 11 राउंड का स्विस लीग होगा। इसके बाद शीर्ष 8 खिलाड़ी नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेंगे। नॉकआउट चरण में हर मैच चार खेलों का होगा, जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा और दर्शकों के लिए भी रोमांचक क्षण बनेंगे।

फीडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने कहा, इस साल फिडे ने फॉर्मेट में बदलाव किया है, जिससे चैंपियनशिप को और अधिक रोमांचक बनाया जा सके। नॉकआउट फॉर्मेट में शीर्ष खिलाड़ियों के बीच सीधे मुकाबले होंगे, जिससे चैंपियन का फैसला किया जाएगा। यह फॉर्मेट टीवी प्रसारण के लिए भी बहुत उपयुक्त होगा।

## न्यूज बाइट्स

### दो वारंटी को किया गया गिरफ्तार, जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के तिलकपुरा गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना पर रविवार को अहले सुबह दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि तिलकपुरा गांव निवासी परमा पासवान एवं राजू पासवान पर कोर्ट से वारंट निर्गत था। उसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर कानूनी प्रकिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया।

### गणिनाथ जयंती पर भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के रानी व्रजराज उच्च विद्यालय के खेल मैदान में अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई वैश्यसभा के बैनर तले महात्मा गणिनाथ गोविंद जयंती का 31वां वार्षिक पूजनोत्सव सह सम्मेलन के साथ विशाल मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन के बाद रात में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष पपू गुप्ता, रविरंजन गुप्ता, रंजीत कुमार, राजेश गुप्ता, प्रेमचंद प्रसाद ने सामुहिक रूप से फीता काटकर किया।जागरण की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। इस दौरान कलाकारों ने विभिन्न तरह की झाकियों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में देवी भक्ति गीतो का लोगो ने काफी आनंद उठाया। इस अवसर पर इन्द्रदेव प्रसाद, चंद्रेश्वर भगत, कामता प्रसाद, दिलीप गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, प्रह्लाद गुप्ता, राजू गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, शंकर प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### साल से लापता युवक का अबतक सुराग नहीं

**रफीगंज (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** रफीगंज के कासमा थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव के स्व. रामविलास पासवान के 27 वर्षीय पुत्र धनंजय कुमार 18 अप्रैल 2018 से लापता है। अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि परिजनों ने धनंजय कुमार को लापता होने की सनहा दर्ज है जिसका कांड संख्या 38/18 दर्ज है। परिजन काफी परेशान है।

### गणेश उत्सव पर महाआरती का हुआ आयोजन

**औरंगाबाद ) (एसवीवी. सं.)।** जिला मुख्यालय में धर्मशाला चौक के समीप सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में गणेश सेवा समिति के तत्वावधान में गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। भगवान श्री गणेश की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। यजमान की भूमिका का निर्वहन संस्था के संरक्षक रणजीत कुमार सिंह ने निभाई।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाजार जा रही छात्रा को रौंदा, मौके पर मौत

- खुशबू सब्जी खरीदने जोगिया बाजार जा रही थी, घर लौटते समय हादसा हुआ।

**निज संवाददाता** | बारूण (औरंगाबाद)

अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से एक छात्रा की मौत हो गयी। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर यह हादसा बारुण थाना क्षेत्र के सनथुआ मोड़ के समीप की है। जहां एक तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से 16 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मृतक किशोरी की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के सनथुआ गांव निवासी रामेश्वर राम की पुत्री खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

परिजनों ने बताया कि खुशबू अपने घर से जोगिया बाजार सब्जी की खरीदारी करने पैदल गई थी। सब्जी खरीदकर वापस घर लौटने के दौरान सनथुआ मोड़ के समीप अनियंत्रित ट्रक उसे रौंदती हुई निकल गई। घटनास्थल पर ही तड़प-तड़पकर खुशबू की मौत हो गई। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बारुण थाना की पुलिस को दी।

इधर सूचना पर परिजन और बारुण थाना की पुलिस पहुंची और किशोरी को जिंदा समझकर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन शव से लिपटकर चीत्कार उठे। बारुण थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई गयी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक किशोरी के परिजनों ने बताया कि खुशबू दो बहनों में छोटी थी। इंटरमीडिएट के प्रथम वर्ष की वह छात्रा थी।परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

# डीएम ने पुस्तक दान कार्यक्रम का किया आयोजन

## गेट स्कूल में बनेगी लाइब्रेरी, सैकड़ों की संख्या में पहुंचे बच्चे

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

शहर के सम्राट अशोक भवन में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत रविवार को किताब दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसडीम संतन कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित हुए। औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि नीति आयोग ने 4 जुलाई से लेकर 30 सितंबर तक यानी लगभग 3 महीने का संपूर्णता अभियान शुरू किया है। इसी अभियान के दौरान 8 सितंबर को राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर पुस्तक दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डीएम श्रीकांत शास्त्री की हाल ही में लिखित पुस्तक पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का कार्यक्रम के दौरान विमोचन किया गया है। इस किताब में छात्र जीवन में आने वाले नकारात्मक भाव को दूर कर सकारात्मक विचार भरने के बारे मे बताया गया है। पढ़ाई के दौरान अपने लक्ष्य से अक्सर बच्चे भटक जाते हैं। उन सारी बातों का जिक्र करते हुए अपने अंदर की पर्सनैलिटी को विकसित करने के बारे में जानकारी दी गई है।

पुस्तक के विमोचन के बाद डीएम ने इस पुस्तक सहित 4 अन्य पुस्तक को दान किया है। शहर वासियों से पुस्तक दान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने छात्र जीवन के दौरान खरीदी गई पुस्तकों अब उपयोग में नहीं है, तो उन पुस्तकों को दान करें। इससे उस वर्ग की बच्चे शहर के गेट स्कूल में बनने वाली पुस्तकालय में जाकर पढ़ सकेंगे। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने उपस्थित बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर टेक्स्ट बुक पढ़ने की बात कही है। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीपीआरओ, श्वेता प्रियदर्शी, भोला कारण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पशुपालकों को अब दरवाजे पर मिलेगी चिकित्सीय सुविधा

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

पशुपालकों को अब पशुओं के इलाज के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। सरकार यह सुविधा उन्हें उनके दरवाजे पर मुहैया कराने जा रही है। 9 अगस्त से यह सेवा शुरू हो जाएगी। यह जानकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. श्याम किशोर व भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी (चलंत) डा. शैलेंद्र कुमार ने दी है। बताया कि पशुपालक के दरवाजे पर ही पशुओं का इलाज हो सके, इसके लिए सरकार मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध करा रही है। जिले के हर प्रखंड में यह वाहन होगा। इस गाड़ी में एक पशु चिकित्सक, एक सहायक व चालक उपलब्ध होंगे। प्रत्येक कार्य दिवस को यह गाड़ी सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे तक पशुपालकों को सेवा उपलब्ध कराएगी। गाड़ी प्रत्येक दिन दो गांवों में जाएगी। आपात स्थिति में पशुपालक यह सुविधा प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करेंगे। इसके अलावा फार्मर एप बिहार के माध्यम से भी सेवा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन पशुपालकों का निकटतम पशु चिकित्सालय दो किलोमीटर के दायरे में हैं, वे आपात स्थिति को छोड़कर पशु चिकित्सालय से संपर्क करेंगे। टोल फ्री नंबर से दवा की सुविधा भी प्राप्त की जा सकती है। कॉल सेंटर में पशु चिकित्सकों की टीम हमेशा उपलब्ध रहेगी जिनसे पशुपालक आवश्यक सलाह ले सकते हैं।

# एनएच-139 पर होटल में चल रहे देह व्यापार के धंधे का पुलिस ने किया भंडाफोड़, दो ग्राहक व दो लड़कियां गिरफ्तार

**निज संवाददाता** | जम्होर (औरंगाबाद)

जम्होर थाना की पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर जम्होर थाना क्षेत्र में चित्रगोपी मोड़ पर एक होटल में चल रहे देह व्यापार के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। मामले में पुलिस ने होटल से दो ग्राहकों और दो लड़कियों को पकड़ा है। पुलिस ने होटल को सील करते हुए होटल संचालक जयपाल यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच पकड़े गए ग्राहकों और दोनों लड़कियों को लेकर पुलिस जब मेडिकल कराने लेकर औरंगाबाद सदर अस्पताल आई तो एक ग्राहक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जम्होर थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एनएच-139 पर चित्रगोपी मोड़ पर स्थित एक होटल में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इस सूचना पर उन्होंने महिला पुलिस पदाधिकारियों के साथ सदल बल मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान होटल से दो ग्राहक और दो लड़कियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। साथ ही कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी मौके से बरामद की गई है। पकड़ी गई दोनो लड़कियां बालिग है। होटल में देह व्यापार के गोरखधंधे के भंडाफोड़ के बाद पुलिस ने होटल को सील कर दिया है। होटल को सील करने के बाद पुलिस पकड़े गए दोनो ग्राहक और लड़कियों को लेकर मेडिकल कराने औरंगाबाद सदर अस्पताल आई। इसी दौरान एक ग्राहक दाउदनगर थाना के करमाही निवासी नीरज कुमार पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। वहीं एक ग्राहक औरंगाबाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र का निवासी अंकित कुमार पुलिस की गिरफ्त में है। मामले में पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार अधिनियम और अन्य सुसंगत धाराओं के तहत जम्होर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं एक ग्राहक के पुलिस के चंगुल से फरार होने के मामले में अलग से प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। मामले में पुलिस पकड़ी गई दोनों लड़कियों का भादवि की धारा-164 के तहत न्यायालय में बयान दर्ज कराने जा रही है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# नहर में उपलाता मिला शव

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** कुटुंबा में नहर में उपलाता हुआ शव पुलिस ने बरामद किया है। कुटुंबा पुलिस ढीबर गांव के पास नहर से बरामद किया है। घटना की जानकारी मिलते ही, आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचे। लेकिन मृतिका महिला की पहचान नहीं हो पाई। कुटुंबा थाना अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा नहर में फंसा हुआ शव मिलने की जानकारी मिली। इसके बाद दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकाला गया। शव देखने से प्रतीत होता है कि कहीं दूर से बहते हुए आ रहा है। शव से काफी दुर्गंध आ रही है। मृतिका की उम्र लगभग 25 से 30 साल के आसपास होगी। मृतिका टीशर्ट और प्लाजो पहने हुई है। फिलहाल, पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम करा कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# दहेज पर आधारित लघु नाटक से समाज को दिया गया संदेश

**निज संवाददाता** | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा बाजार के कनाप रोड स्थित एक कोचिंग के तत्वावधान में दहेज प्रथा पर आधारित एक लघु नाटक का मंचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर किया। आगत सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर निदेशक जयनंदन कुमार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश कुमार ने की जबकि संचालन डॉ.राजेश कुमार विचारक ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा से बच्चे अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए बच्चों को पूरा दिमाग शिक्षा पर हीं केन्द्रित करना चाहिए। साथ हीं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों की हिचक समाप्त होती है व अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व पंचायत सचिव सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा से अपना जीवन तो खुशहाल होता हीं है। घर परिवार भी खुशहाल होता है। अवकाश प्राप्त शिक्षक बिजेंद्र सिंह, दीपक कुमार, गजेन्द्र शर्मा, विपिन कुमार, अजीत कुमार ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला।बच्चों ने प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल द्वारा लिखित लघु नाटक 'दहेज कइसे मेटत' का सफल मंचन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। बीच-बीच में बालिकाओं द्वारा रिकॉर्डिंग डांस से दर्शकों को काफी प्रभावित किया।नाटक और रिकॉर्डिंग डांस में संस्थान की पल्लवी, अनिशा, ज्योति, गोल्डी, काजल, साक्षी, नीतू, अनामिका, अंशु, निधि, शिवानी, रौशनी, विभा, अंजली, अमिशा, प्रिया ने सराहनीय व महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम दौरान प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों एवं कलाकारों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

# मौसमी कर्मचारियों समेत सभी तरह के कॉन्ट्रैक्ट मानदेय, दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के संघर्षों की जीत सुनिश्चित : एमएलसी

**नि. संवाददाता** | दाउदनगर(औरंगाबाद)

मौसमी कर्मचारियों एवं इनकी तरह के तमाम कॉन्ट्रैक्ट मानदेय, दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के संघर्षों की जीत सुनिश्चित है। बशर्ते कि सारे लोग एकताबद्ध होकर अपना संघर्ष जारी रखें। उक्त बातें विधान पार्षद सह ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव शशि यादव ने आज यहां सिंचाई विभाग के प्रांगण में आयोजित मौसमी कर्मियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अगर आप संघर्ष जारी रखते हैं तो हम सड़क से लेकर विधानसभा तक आपके संघर्षों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने मौसमी कर्मियों के प्रत्येक सवालों को विधान परिषद में उठाने एवं इन्हे न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महासंघ (गोप गुट) के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि मौसमी कर्मियों के शोषण को आसान बनाने के लिए सरकार ने एसओपी जारी किया है जिसको आधार बनाकर करीब बीस पच्चीस वर्षों से कार्यरत मौसमी कर्मियों को भी स्थानीय पदाधिकारी इस वर्ष काम से निकाल रहे हैं जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौसमी कर्मियों के कई नेताओं को सिर्फ इसलिए काम से हटा दिया गया जिन्होंने पिछले वर्ष स्थानीय अधिकारियों के भ्रष्टाचार का विरोध करते हुए सादा मास्टर रॉल पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया था। लेकिन इससे मौसमी कर्मी न तो डरेंगे और न ही झुकेंगे। बैठक में जलसंसाधन विभाग के अभियंता-प्रमुख,पटना द्वारा जारी किए गए एसओपी में संशोधन कर मौसमी मेठो की छंटनी का आदेश विलोपित करने, सभी मौसमी-दैनिक-वेतनभोगी कर्मियों की सेवा नियमित करने तथा सेवा का नियमितीकरण होने तक उन्हें सालों भर काम देने, नहरों पर मौसमी-मेठों की संख्या पूर्व की तरह करने, अभी के स्वीकृत संख्या बल को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा तार्किक ढंग से पहले वरीय मौसमी कर्मियों को हीं काम पर रखने, तत्पश्चात अन्य मौसमी कर्मियों को भी काम पर रखने, सभी मौसमी कर्मियों को परिचय पत्र देने, मौसमी कर्मियों को टार्च, सिटी, वर्दी आदि देने एवं अन्य 17 सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु एक व्यापक रणनीति तैयार की गई तथा ठोस निर्णय लिया गया। इसके अलावा मौसमी कर्मियों की सेवा के नियमितीकरण से संबंधित पूर्व से हाई कोर्ट में लंबित मुकदमे को भी पूरी गंभीरता से लड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जयराम सिंह ने की जबकि संचालन संघ के उपाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने किया। इनके अलावा बैठक में संघ के उपाध्यक्ष छठन राम, पुनदेव यादव, प्रेमशंकर, छोटन बैठा, च हरिनंदन पासवान, छोटन बैठा, विद्याभूषण कुमार, अमर कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य मौसमी कर्मी भी उपस्थित रहे।

# डॉ. हेरम्ब मिश्र द्वारा लिखित मगही के परंपरागत गीतों के संग्रह 'लोक संस्कार प्रसून' का हुआ लोकार्पण

**नि. संवाददाता** | दाउदनगर (औरंगाबाद)

रविवार से आरंभ हुए हिंदी सप्ताह-2024 के प्रथम दिन अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आयोजित दुनियां को समझने में साक्षरता की भूमिका विषयक संगोष्ठी के दौरान दाउदनगर के अंछा उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ. हेरम्ब कुमार मिश्र द्वारा लिखित मगही के परंपरागत गीतों के संग्रह लोक संस्कार प्रसून' का लोकार्पण किया गया। पुस्तक का विमोचन बतौर मुख्य अतिथि शहर के सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह, बतौर विशिष्ट अतिथि डीपीआरपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शंभूनाथ पांडेय, विवेकानंद मिशन स्कूल के निदेशक शंभूशरण सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पांडेय, सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. रामाधार सिंह, डॉ. शिवपूजन सिंह, ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, जिला विधि संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह एवं जनेश्वर विकास केंद्र के रामजी सिंह ने किया। इस मौके पर जिला विधि संघ के सचिव जगनारायण पांडेय, संजय कुमार सिंह, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद एवं प्रो. संजीव रंजन, साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव यादव, उज्ज्वल रंजन, लवकुश सिंह, रामकिशोर सिंह, प्रो. दिनेश सिंह, रामचन्द्र सिंह, मधुसूदन द्विवेदी, सतचंडी महोत्सव के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, सीताधापा महोत्सव के अध्यक्ष दिनेश सिंह, संरक्षक गोकुल सिंह एवं उमगा महोत्सव के संजय सिंह समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महोत्सव पुरूष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया।

# किशोरी की नहर में डूबने से मौत चार किलोमीटर दूर मिला शव

**निज संवाददाता** | जम्होर (औरंगाबाद)

जम्होर थाना क्षेत्र के धनहरा स्थित बड़की नहर में रविवार की दोपहर ग्रामीणों ने तैरता हुआ एक शव देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी जम्होर पुलिस को दी। घटना का सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है। मृतका किशोरी की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव निवासी सरोज भुइयां के 13 साल की पुत्री अनीता कुमारी के रूप में की हुई है। घटना के संबंध में जम्होर पुलिस ने मृतिका के परिजनों को इसकी सूचना दी। मौत की सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतका के परिजनों ने बताया कि अनीता शनिवार की सुबह शौच करने के लिए नहर की ओर गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और नहर में गिर गई। आगे बताया गया कि इसकी सूचना बारुण थाना को दी गई थी। बारुण थाना की पुलिस स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से अनीता की खोज भी शुरू की लेकिन कुछ भी नहीं मिल पाया। रविवार को जम्होर स्थित धनहरा बड़की गांव नहर के पास से शव बरामद किया गया है। जम्होर पुलिस ने बताई की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकला। जिसका पहचान वरुण थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव निवासी सरोज भुइयां के 13 वर्षीय पुत्री अनीता कुमारी के रूप में की गई है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। बारुण थाना अध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया की शनिवार को 11:00 बजे के आसपास एक किशोरी को रसलपुर नहर के समीप डूबने की जानकारी मिली थी। इसके बाद घटनास्थल पर गोताखोरों को लगाया गया लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। उसके बाद एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। रविवार की दोपहर जानकारी मिली कि उक्त किशोरी का शव जम्होर थाना क्षेत्र के धनहरा गांव के बड़की नहर के समीप से बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# गेट स्कूल के मैदान में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ राज्य इकाई के आह्मवान पर रविवार को शहर के गेट स्कूल के मैदान में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश सचिव धनंजय कुमार सिंह और संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। संघ के प्रदेश सचिव धनंजय सिंह ने कहा कि सरकार नियोजित शिक्षकों को टारगेट कर प्रताड़ित कर रही है। संघ के प्रदेश इकाई के बार-बार आग्रह के बावजूद संघ के साथ सरकार की बैठक आयोजित नही करना सरकार के निम्न मानसिकता को दर्शाता है। नियोजित शिक्षकों अपने कार्यों के बदौलत बिहार के शिक्षा को पटरी पर लाने का कार्य किया है लेकिन सरकार आज शिक्षको को प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा सदन में विद्यालय समय सारणी को 10 बजे से 04 बजे तक करने की घोषणा मात्र घोषणा ही रह गई। ऑनलाइन हाजरी लागू कर शिक्षको को मानसिक प्रताड़ना किया जा रहा है। औरंगाबाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा इशिक्षा कोष में 80 प्रतिशत उपस्थिति को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ साथ शिक्षको का वेतन रोकना कही से भी न्यायोचित नही है।

# अंजनी के इलाज के लिए पप्पू यादव ने की आर्थिक सहयोग, कहा- हर संभव होगा मदद

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



कई दिनों से बीमार चल रहे हैं अंजनी के इलाज के लिए पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने उनके परिजन को आर्थिक सहयोग दिया। साथ-साथ उनके परिजन को आश्वासन दिया की अंजनी को बचाने के लिए मेरा हर संभव प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने सर गंगाराम हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं वहां के प्रबंधन से भी आग्रह किया की अंजनी इलाज में कोई कोताही न बरते। श्री यादव ने कहा कि अंजनी जैसे समाजसेवी लड़का को समाज में रहना जरूरी है। ऐसे होनहार युवा को जिंदगी बचाने के लिए जो भी लोग सहयोग किया वे बधाई के पात्र हैं। अंजनी के बारे में बताया जाता है को वह व्यवहारिक, मृदुल भाषी और शांत स्वभाव के हैं। सामाजिक कार्य में काफ़ी रुचि रखते हैं और दूसरों की मदद करने में सबसे आगे रहते हैं, कोरोना के समय में इन्होंने बिना अपने बारे में सोचे हुए बहुत से गरीब परिवार की मदद की इस दौरान उन्हें दो बार कोरोना भी हुआ।वर्तमान में उनका नर्वस सिस्टम ब्रेकडाउन है जिसके कारण इनके न्यूरॉन्स टूट रहे हैं इसी कारण पिछले कई दिनों से सर गंगा राम हॉस्पिटल के आईसीयू में एडमिट है।

# हसपुरा में सरपंच संघ की बैठक संपन्न

**निज संवाददाता** | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम कचहरी में प्रखंड सरपंच संघ का एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सुमन ने की। बैठक में कहा गया कि आधा कार्यकाल गुजर जाने के बाद भी प्रखंड के अधिकारी अंचलाधिकारी या बीडीओ ने सरपंचों के साथ न बैठक किया है और ना हीं कोई दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जमीन सर्वे से सम्बंधित पंचायत स्तर शिविर लगाकर कोई ठोस जानकारी नहीं दिया गया है। जानकारी के अभाव में आम ग्रामीण जनता परेशान है। वहीं ग्राम कचहरी के सरपंच व पंच को पिछले कार्यकाल का बकाया राशि का भुगतान भी नहीं किया गया है, वहीं वर्तमान कार्यकाल का एवं अन्य राशि नहीं मिला है। ग्राम कचहरी के नोटिस तामील के लिए थाना के द्वारा चौकीदार नहीं दिया जाता है। थानाध्यक्ष द्वारा छोटे-मोटे वाद-विवाद को ग्राम कचहरी में स्थानांतरित करने के बजाय खुद देखा जा रहा है। वहीं ग्राम कचहरी डुमरा के महिला सरपंच को न्याय मित्र परेशान करने के लिए कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं । इन सारे मुद्दों पर विचार विमर्श कर सभी मांगों को वरीय अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सरपंच बखोरा खां, अरविंद कुमार, महेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, रामानुज शर्मा, श्याम किशोर यादव सहित अन्य उपस्थित थें।

# हिंदी दिवस पाक्षिक पूर्व कार्यक्रम के आठवें दिन याद किए गए शंकर दयाल सिंह

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में हिंदी दिवस पाक्षिक पूर्व कार्यक्रम के आठवें दिन औरंगाबाद के महान साहित्यकार डॉ शंकर दयाल सिंह के साहित्यिक एवं राजनैतिक जीवन पर विचार संवाद किया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने किया। संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि औरंगाबाद के धरती के लाल शंकर दयाल बाबू ने हिंदी भाषा एवं साहित्य को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई।एक साहित्यकार के साथ-साथ राजनीति के गोद में साहित्य को विस्तृत फलक दिलाने का कार्य किया था। संसद भवन के गलियारों में हिंदी को को राष्ट्रभाषा बनाने की गुंज अक्सर सुनाई पड़ती थी तो इसका श्रेय शंकर दयाल बाबू को जाता है। राजनीति की धूप साहित्य की छांव,जनतंत्र के कठघरे में,भाषा और साहित्य एक दिन अपना भी, कुछ बातें कुछ लोग उनकी कालजई कृतियां है जिन्हें पढ़ने के लिए लोगों ने हिंदी को हृदय में बसाया उनके कारण हिंदी भाषा जानने के लिए लोगों ने हिंदी भाषा सीखना शुरू किया।